राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 यह चुनाव काम और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा, जनता का ...

सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बना रहे हैं बाइडेन : ट्रंप का बड़ा ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 263 | नई दिल्ली, बुधवार, 08 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	79,005
चांदी	92,500
सेंसेक्स	81,786
निफ्टी	24,668

आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने पर सहमत हुए भारत और मलेशिया

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और मलेशिया ने आधिकारिक स्तर की पहली सुरक्षा वार्ता में आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए सहमति जताई है। यहां मंगलवार को सुरक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मलेशिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक राजा दातो नुशीरवान बिन जैनल आबिदीन ने की।विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पर विचारों का आदान-प्रदान किया और सुरक्षा, रक्षा और समुद्री क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने, साइबर सुरक्षा, रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी में सहयोग बढ़ाने के तरीकों की भी खोज की। वार्षिक बैठकें आयोजित करके वार्ता को संस्थागत बनाने पर सहमति बनी।

दरअसल, यह सुरक्षा वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर अगस्त 2024 में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर

इब्राहिम की भारत यात्रा का परिणाम है। इस यात्रा के दौरान भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया तथा दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम पहली बार भारत यात्रा पर आए थे। उस समय जब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मिले थे, तब उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा की।

मोदी-इब्राहिम वार्ता का मुख्य फोकस व्यापार और निवेश का विस्तार करना और नए और उभरते क्षेत्रों में सहयोग तलाशना था। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था हमने तय किया है कि भारत-मलेशिया साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में सहयोग की काफी संभावनाएं हैं। अपने उस दौरे में मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दोस्त और भाई बताया था। मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम के भारत दौरे के समय दोनों प्रधानमंत्रियों के समक्ष आपसी संबंधों को लेकर छह समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये थे। इसमें एक समझौता मलेशिया में भारतीय मजदूरों को रोजगार के ज्यादा अवसर देने व उन्हें बेहतर समाजिक-आर्थिक सुरक्षा देने को लेकर किया गया था।

प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़ सकेंगी

'भारतपोल' से अंतर्राष्ट्रीय जांच के मामले में देश में नये युग की शुरूआत : अमित शाह

भारतपोल पोर्टल 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतपोल पोर्टल को देश की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की शुरूआत बताते हुए कहा कि अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस इंटरपोल से जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों, कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया।

भारत में अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कई सारे अपराधियों ने दुनिया के अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में अपराध को अंजाम दिया है या फिर अपराध करके विदेश में भाग गये हैं जिसके कारण वह हमारे कानून की पहुंच से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करके कानून की पहुंच से बाहर रहे विदेश में बैठे अपराधियों और भारत में अपराध करके विदेश भागे अपराधियों को भारतपोल के माध्यम से देश वापस लाना और उन पर कानूनी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में ट्रायल इन एसेंसिया (अनुपस्थिति में मुकदमा) का एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके माध्यम से एक न्यायिक प्रक्रिया के बाद इसको पूरा करके कोर्ट के आदेश के

साथ उनकी अनुपस्थिति में इन पर ट्रायल चलाना सरल हो जाएगा। यदि उन्हें सजा मिलने पर विदेशों से भारत लाने में आसानी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरूआत है। अभी तक सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करती थी, लेकिन अब भारतपोल के शुभारंभ के साथ प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। उन्होंने कहा कि हम अंतराल को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक की मदद से हम इस अंतर को पाट सकेंगे। हमें कई ऐसी जानकारियां मिल सकेंगी जो अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने में मदद करेंगी और बदले में हमें अपराधों को होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा स्थापित करने में मदद करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंसी तो बाद में सीबीआई ही रहेगी लेकिन इस तकनीक के आधार पर खड़ी की गई व्यवस्था के माध्यम से ढेरी सारी दूरियों को मिटा पाएंगे, ढेर सारी सूचनाओं को हम प्राप्त कर पाएंगे। इस तरह से सटीकता के साथ अनेक प्रकार के दुनिया के क्राइम को विश्लेषण करके हमारे यहां क्राइम होने से पहले उसे रोकने की संरचना भी खड़ी कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल जांच एजेंसियों और हर राज्य की पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। साथ ही संवाद को सरल और प्रभावी बनाएगा।

उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल के पांच प्रमुख मॉड्यूल हैं और यह सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सहायता देंगे। उन्होंने कहा कि देश जब 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा तब भारत हर क्षेत्र में सर्वप्रथम होगा और हम प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए कई पड़ाव हैं। उसमें 2027 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया है। वहीं से एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का पहला कदम उठेगा। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल पोर्टल, भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वास्तविक समय में सूचना साझा करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक तेजी से पहुंच संभव होगी। भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी-नई दिल्ली) के रूप में सीबीआई, कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित देश भर की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आपराधिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करती है। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर, यह समन्वय इंटरपोल संपर्क अधिकारियों (आईएलओ) के माध्यम से किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों के भीतर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर इकाई अधिकारियों (यूओ) से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, सीबीआई, आईएलओ और यूओ के बीच संचार मुख्य रूप से पत्रों, ईमेल और फैक्स पर निर्भर करता है। साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरपंथ, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों के बढ़ते प्रभाव के कारण आपराधिक जांच में तेजी से और वास्तविक समय पर अंतरराष्ट्रीय सहायता की आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए सीबीआई ने भारतपोल पोर्टल विकसित किया है, जो इसकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सुलभ है, जो सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाएगा। भारतपोल पोर्टल, इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों की प्रक्रिया को सरल बनाएगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। भारतपोल पोर्टल, क्षेत्र-स्तरीय पुलिस अधिकारियों के लिए एक परिवर्तनकारी उपकरण बन जाएगा, जिससे अपराधों और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में उनकी दक्षता बढ़ेगी। अंतरराष्ट्रीय सहायता तक आसान और तेज पहुंच की सुविधा प्रदान करके, यह अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में भारत के प्रयासों को मजबूत करेगा।

मतदान व्यवस्था निष्पक्ष, ईवीएम हैक-प्रूफ : मुख्य चुनाव आयुक्त

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव को लेकर विवाद खड़ा करने वालों को मंगलवार को एकबार और करारा तथा विस्तृत जबाव देते हुये भारत की चुनाव प्रक्रिया को विश्व की सबसे साफ-सुथरी और सुव्यवस्थित तथा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को हैकिंग-प्रूफ बताया। श्री कुमार ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिये आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये, अपने प्रारंभिक व्यक्तव्य में कहा कि वह 'अपने इस आखिरी संवाददाता सम्मेलन में' सबसे पहले चुनावों को लेकर बार-बार फैलाये जाने वाले नैरेटिव (मनगढ़ंत बातों) का एकबार फिर स्पष्टीकरण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के एक के बाद एक कई फैसलों में स्पष्ट कहा गया है कि भारत में प्रयोग की जाने वाली 'ईवीएम मशीनों को हैक नहीं किया जा सकता। इनमें रिगिंग (गड़बड़ी) संभव नहीं है और इसमें ऐसा कोई वायरस भी नहीं डाला जा सकता, जिससे कि मतदान के परिणाम प्रभावित किये जा सकते हों।' 19 फरवरी, 1960 को जन्मे और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी ने श्री राजीव कुमार 15 मई 2022 को देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पद ग्रहण किया। यह नियुक्त छह वर्ष या 65 साल की आयु पूरे होने में जो भी पहले हो उस अवधि तक के लिये की जाती है। इस तरह, श्री कुमार 19 फरवरी, 2025 को, 65 वर्ष के हो रहे हैं। श्री कुमार ने कहा, दुनिया में किसी देश के चुनाव प्राधिकरण को देख लें। भारत के निर्वाचन आयोग जितना ग्रेनुलर डाटा (बारीक जानकारी) कोई और प्राधिकरण सार्वजनिक रूप से जारी नहीं करता है। श्री कुमार के

साथ संवाददाता सम्मेलन में सहयोगी चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू भी थे। उन्होंने ऐसे कहानियां फैलाने वालों से अपील की, कृपया, झूठ के गुब्बारे न उड़ाएं, इससे केवल भ्रम ही पैदा होता है और इसका असर युवा मतदाताओं पर पड़ता है। वे वोट डालने के प्रति हतोत्साहित होते हैं। उन्होंने मतदाता सूचियों, मतदान के प्रतिशत और ईवीएम को लेकर बार-बार उठाये जाने वाले सवालों को राजनीति के लिये गढ़ी और फैलायी जाने वाली कहानी करार देते हुये कहा कि आयोग बार-बार अपनी चुनावी व्यवस्था और प्रक्रियाओं का विस्तृत विवरण दे चुका है तथा इस पूरी व्यवस्था को उसकी वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उन्होंने एक शायराना अंदाज में कहा कि लोग हमारी वफाई को जानते हैं, फिर भी सवाल उठाते रहते हैं। श्री कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में सवाल उठाना व्यवस्था का हिस्सा है, उसका जबाव देना हमारा कर्तव्य है, पर सवाल ठोस होने चाहिए। उन्होंने मतगणना या ईवीएम में गड़बड़ी के बारे में फैलायी जाने वाली बातों का ग्राफिक विवरण के साथ जबाव देते हुये कहा कि पिछले 2020 से अब तक 30 राज्यों में चुनाव कराये जा चुके हैं, जिनमें 15 राज्यों में अलग-अलग पार्टियां सबसे बड़ा दल बनकर उभरी हैं। श्री कुमार ने कहा, यह अपने आप में हमारी लोकतंत्रिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया की खूबसूरती की झलक है।

संभल के लोगों पर अन्याय जारी : अखिलेश

लखनऊ/एजेंसी। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और उसे दरारवादी पार्टी करार दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर हिंसा करवाई है और मासूम लोगों पर अत्याचार किया गया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी।उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है। इनके लिए जीवन का कोई मोल नहीं है। यह एक हृदयहीन पार्टी है, जिसे किसी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। इस सरकार में न्याय मिलना और जनता की सुनवाई होना असंभव है। सपा मुखिया ने कहा कि पीडीए के खिलाफ अन्याय और भ्रष्टाचार के दो पलड़े हैं। उन्हीं के लोग एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ की राजनीति में आपस में लड़ाई चल रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफ सुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया। अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी का बिना नाम लिए कहा कि कुंभ में बड़ी संख्या में संत, महात्मा और ऋषि आए हैं। यह एक बड़ा आयोजन है।

संक्षिप्त खबरें

बजट में महंगाई कम करने की योजना बताएँ मोदी : खरगे

नईदिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि महंगाई चरम पर है और इससे लोगों का जीवन कठिन हो गया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि बजट में जनता की बचत बढ़ाने के क्या प्रावधान किए जा रहे हैं। श्री खरगे ने लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल किया और कहा, श्री नरेंद्र मोदी जी, क्या बजट में जनता की बचत बढ़ाने का है कोई प्लान या कमरतोड़ महँगाई से जनता को करते रहेंगे परेशान। उन्होंने कहा, पिछले 6 महीनों में रोजमर्रा की चीजों में गगनचुंबी उछाल, जरूरी दवाइयाँ, तेल, चाय, कॉफी, बिस्कुट, साबुन, आदि...सबकी कीमतों बनी जनता के जी का जंजाल। श्री खरगे ने कहा, जीएसटी के बेसमझ रेट और टैक्स के बोझ से पिसता हर इंसान, खपत गिरा, आर्थिक सुस्ती से चिंतित पूरा हिंदुस्तान। नौ-नौ 9 प्री-बजट कंसल्टेशन की कोई नहीं है अहमियत, जब 'महँगाई कैसे घटेगी' इस पर चर्चा की नहीं है आपकी नीयत। जनता को लूटकर अरबपति मित्रों को फायदा पहुँचाना है भाजपा का काम, आने वाले चुनावों में जागृत जनता भाजपा को सबक सिखाएगी, देगी ऐसा परिणाम।

महत्वपूर्ण खबर

रेल मंत्री ने भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर किया लॉन्च

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को दिल्ली के रेल भवन में भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लॉन्च किया। इस नए कैलेंडर में साल भर की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम हैं, जिससे नागरिकों को देश के राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष के कैलेंडर की थीम जनभागीदारी से जनकल्याण है।

ब्रह्मपुत्र पर बांध बनने से भारत बंगलादेश को कोई नुकसान नहीं होगा : चीन

नई दिल्ली। चीन ने आज सफाई दी कि ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले उसके नये बांध से भारत एवं बंगलादेश पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि बाढ़ की समस्या से निपटने में मदद करेगा।ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले बांध को लेकर भारत के विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया के जवाब में भारत में चीन के राजदूतावास की प्रवक्ता यू चिंग ने चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता के हवाले से एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, यारलुंग जांग्बो (ब्रह्मपुत्र) नदी के निचले इलाकों में जलविद्युत परियोजना बनाने का निर्णय बहुत गहन वैज्ञानिक मूल्यांकन के बाद किया गया था। इस परियोजना का पारिस्थितिकी, पर्यावरण, भूवैज्ञानिक स्थितियों और नदी के बहाव की दिशा वाले देशों के जल संसाधनों से संबंधित अधिकारों और हितों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। बल्कि यह उनको कुछ हद तक आपदा को रोकने या कम करने तथा जलवायु प्रतिक्रिया में मदद करेगा।

ई-श्रम पोर्टल सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। श्रमिकों की केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों तक सुगम पहुंच बनाने के लिए ह्यई श्रम पोर्टलह्न अब सभी 22 अनूसूचित भाषाओं में उपलब्ध होगा।केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम के दौरान ई-श्रम पोर्टल पर बहुभाषी कार्यक्षमता की शुरूआत की। ई-श्रम को ह्यवन-स्टॉप-सॉल्यूशनह्न बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह पोर्टल अब सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध होगा। इस कार्यक्रम में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव और कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। केंद्र सरकार की भाषिणी परियोजना का लाभ उठाकर ई-श्रम पोर्टल को 22 भाषाओं में तैयार किया गया है। पिछला संस्करण केवल अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़ और मराठी में उपलब्ध था।श्री मांडविया ने कहा कि पोर्टल पर प्रतिदिन असंगठित श्रमिकों के औसतन 30,000 से अधिक पंजीकरण दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से उनके कल्याण और आजीविका के लिए बनाई गई विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुँच आसान हो जाएगी। ई-श्रम पोर्टल से केंद्र सरकार की 12 योजनाओं तक पहुँच सुगम हो गई है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने बताया कि मंत्रालय असंगठित श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए तैयार की गई सरकारी योजनाओं तक निर्बाध पहुंच के लिए ई-श्रम को ह्यवन स्टॉप सॉल्यूशनह्न के रूप में सक्षम बनाने पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों के प्रासंगिक कार्यक्रमों सहित सभी प्रासंगिक सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करने के प्रयास चल रहे हैं।

निगरानी | बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने देश में श्वसन संबंधी बीमारियों और एचएमपीवी मामलों एवं उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों का जायजा लिया गया।

एचएमपीवी: केंद्र ने राज्यों से श्वसन संबंधी रोगों की निगरानी बढ़ाने को कहा

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण के पांच मामले सामने आने के बाद केंद्र ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संबंधी रोग (एसएआरआई) सहित श्वसन संबंधी बीमारियों के लिए निगरानी बढ़ाने तथा एचएमपीवी की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सोमवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक डिजिटल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने देश में श्वसन संबंधी बीमारियों और एचएमपीवी मामलों एवं उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों का जायजा लिया गया।स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि बैठक में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव डॉ.

राजीव बहल, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए।बैठक चीन में एचएमपीवी मामलों में वृद्धि की खबरों के बीच आयोजित की गई थी तथा उसी दिन कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में एचएमपीवी के पांच मामलों की पुष्टि हुई थी। एचएमपीवी को वैश्विक स्तर पर श्वसन संबंधी वायरस कहा जाता है।

यह एक संक्रामक रोगाणु है जो किसी भी आयु वर्ग के लोगों में श्वसन संबंधी संक्रमण का कारण बन सकता है। बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान यह बात दोहराई गई कि आईडीएसपी के आंकड़ों से देश में कहीं भी आईएलआई और एसएआरआई के मामलों में कोई असामान्य वृद्धि के संकेत नहीं मिले हैं।बयान के अनुसार, आईसीएमआर के प्रहरी निगरानी डाटा से भी इसकी पुष्टि होती है। बयान में कहा गया कि केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि एचएमपीवी 2001 से ही विश्व स्तर पर मौजूद है।

चीन में एचएमपीवी में उछाल संबंधी खबरों के बीच भारत में समीक्षा के बाद स्वास्थ्य सचिव का दावा-देश में सांस संबंधी बीमारियों में उछाल नहीं

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मंगलवार को वर्चुअल मोड में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारत में श्वांस संबंधी बीमारियों की समीक्षा की गई। बैठक में चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) मामलों में उछाल की मीडिया रिपोर्टों के बाद एचएमपीवी मामलों की स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा की गई। बैठक में डॉ. राजीव बहल, सचिव (डीएचआर); डॉ. (प्रो) अतुल गोयल, डीजीएचएस; राज्यों के स्वास्थ्य सचिव और अधिकारी, एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर, एनआईवी और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि एचएमपीवी से जनता के लिए चिंता का कोई कारण नहीं है। यह वायरस 2001 से वैश्विक स्तर पर मौजूद है। उन्होंने राज्यों को आईएलआई/एसएआरआई निगरानी को मजबूत करने और समीक्षा करने की सलाह दी। उन्होंने दोहराया कि आमतौर पर सर्दियों के महीनों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि देखी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि देश श्वसन संबंधी बीमारी के मामलों में किसी भी संभावित उछाल के लिए अच्छी तरह से तैयार है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में विशेष रूप से सर्दियों और शुरूआती वसंत के महीनों में संक्रमण का कारण बन सकता है।

संक्षिप्त समाचार

नैथाणा पुल पर चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर, एजेंसी। भागीरथी कला संगम सामाजिक संस्था के सदस्यों ने नैथाना मोटर पुल के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर कूड़ा एकत्रित किया। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने बताया कि पुल पर बड़ी संख्या में वाहन पार्क किए जाते हैं, जिस कारण पुल और उसके आसपास बड़ी मात्रा में कूड़ा जमा हो रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से कहा कि पुल पर की जा रही पार्किंग पर रोक लगाने और नियमित गश्त शुरू करने की मांग की है। अभियान में रमेश चंद्र थपलियाल, हरेंद्र तोमर, किशोरी लाल नौटियाल, मुकेश नौटियाल, दिनेश लिंगवाल व भगत सिंह बिष्ट आदि शामिल थे।

पुलिस ने महिलाओं को किया साइबर ठगी के प्रति जागरूक

श्रीनगर, एजेंसी। मलेथा गांव में पांच दिवसीय वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी राजकीय औद्योगिक कृषि विकास मेले के तीसरे दिन माधो सिंह भंडारी के शौर्य, पराक्रम और त्याग पर आधारित नृत्य नाटिका का शानदार मंचन दर्शकों के लिए आकर्षण बना रहा। नृत्य नाटिका से पहले राजराजेश्वरी, कैलापीर और गुरु माणिक नाथ की आरती की गई। इसके बाद कोतवाली कीर्तिनगर की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप निरीक्षक सुषमा रावत ने महिला संबंधी अपराधों, साइबर धोखाधड़ी, नशीले पदार्थों के प्रयोग व उनके क्रय-विक्रय संबंधी अपराधों और यातायात के नियमों के संबंध में जानकारी दी। साथ ही साइबर ठगी व नशे के दुष्प्रभावों से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया और नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी बताया। इस मौके पर अध्यक्ष देवेंद्र बलूनी, सचिव सूरजीत सिंह राणा, निवर्तमान प्रधान अंकित कुमार, प्रवीन महर, मनीश नेगी, विशाल राणा, रवींद्र नेगी आदि मौजूद थे। नृत्य नाटिका में माधो सिंह की भूमिका में आर्यन, उदीना की भूमिका में प्रियंका बिष्ट रहे।

आयुष के नाम रही पंजा प्रतियोगिता की चैंपियनशिप

ऋषिकेश, एजेंसी। बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन ढालवाला की ओर से पंजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की चैंपियनशिप हरिद्वार के आयुषदीप के नाम रही। विजेता प्रतिभागी को 11 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई। रविवार को ढालवाला में पंजा प्रतियोगिता का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री उनियाल ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय प्रतिभाएं निखर कर आती है। बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में 350 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में देहरादून, हरिद्वार, मसूरी, उत्तरकाशी, चंबा, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, श्रीनगर, जोशीमठ, नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, रुद्रपुर, काशीपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हरियाणा, गुरुग्राम व दिल्ली के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के आयोजन में उपाध्यक्ष डॉ. लव चौधरी, महासचिव प्रेम शुक्ला, कोषाध्यक्ष अरविंद रावत, सहसचिव विक्की प्रजापति, सचिव अमित श्रीवास्तव, प्रवीन अग्रवाल आदि ने सहयोग किया।

बस अड्डा वार्ड में नालियां बदहाल, वोटर नाराज

सतपुली, एजेंसी। नगर पंचायत के चार वार्डों में वार्ड-3 बस अड्डे में पौड़ी और देवप्रयाग मार्ग पर नालियां बदहाल हैं। क्षतिग्रस्त नालियों का कीचड़ सड़क पर बहता है। हल्की बारिश के दौरान ही सड़क से गुजरना मुश्किल हो जाता है। अनदेखी के कारण सड़कें भी क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। नगर पंचायत का बस अड्डा वार्ड सतपुली पोस्ट ऑफिस से शुरू होकर मुख्य बाजार के उत्तरी छोर और बस अड्डा होते हुए देवप्रयाग मार्ग एवं हाईवे 534 पर स्थित थाने के पास गैरेज मोहल्ले तक है। बस अड्डा वार्ड में कुल 519 मतदाता हैं। जिसमें 295 पुरुष, 223 महिला और 1 थर्ड जेंडर मतदाता है।सभासद के लिए भाजपा-कांग्रेस में टक्कर बस अड्डा वार्ड में सभासद के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनीता देवी और कांग्रेस उम्मीदवार दीपिका मियां के बीच सीधी टक्कर है। दोनों के दावे हैं कि वह जीतने पर नालियों और सड़कों की हालत में सुधार करेंगी। व्यापारी हरिओम पाल, मो. हनीफ, मो. सद्दीक आदि कहते हैं कि देवप्रयाग मार्ग पर नाली की स्थिति काफी खराब है, जो भी सभासद बने, वह नालियों और सड़क की हालत पर सबसे पहले ध्यान दे।

चकराता में पारा माइनस, दिन में ही छाया अंधेरा

चकराता, एजेंसी।
जौनसार बावर के चकराता क्षेत्र में सोमवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला। आसमान में काली घटाएं छाई रहीं, लेकिन बारिश नहीं हुई। इस बीच ठंड बढ़ने से लोग ठिठुरते रहे। छावनी बाजार सहित लोखंडी, कोटी कनासर, देववन, चिरमिरी टाप, पुरोड़ी, चुरानी, टाइगर फाल क्षेत्र में जबरदस्त ठंड स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन रही।

इस बीच तापमान माइनस तक जा पहुंचा। मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा तो एक बार फिर क्षेत्र में बर्फबारी की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। सोमवार सुबह से आसमान में काली घटाएं छाई रहीं। बीच-बीच में एक दो बार सूर्य देव और बादलों की लुकाछिपी के खेल चला।

सोमवार को बर्फबारी व बारिश की संभावनाएं बढ़ी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चकराता में न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से लोग शाम ढलते ही घरों में दुबक गए। सड़कों पर सन्नाटा छा गया। चौराहों पर जगह-जगह अलाव का सहारा लेकर लोग ठंड से निजात पाने का प्रयास करते दिखे।

दुकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हीटर व अंगीठी का सहारा लेना पड़ा। मौसम का मिजाज बदलने से चकराता के व्यापार पर भी असर दिखा। सुबह छावनी बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा। व्यापारी शाम होते ही अपने प्रतिष्ठानों को बंद करते नजर आए। चकराता निवासी बुजुर्ग चमन सिंह भंडारी, अरविंद पाल कुकरेजा, राजेंद्र अरोड़ा, राजेंद्र चौहान, प्रताप चौहान, नैन सिंह राणा, राजेंद्र सिंह, अशोक कुमार चौरसिया, पंकज कुमार जैन आदि का कहना है कि बदले मौसम को देखते हुए जल्द बर्फबारी के आसार लग रहे हैं। बर्फबारी हुई तो स्थानीय कारोबार को बल मिलेगा और पर्यटकों की आमद से छावनी बाजार गुलजार रहेगा। वहीं, रुड़की के शिक्षानगरी में सोमवार को मौसम ने दिनभर में कई रंग बदले। सुबह जहां कोहरा और आसमान में बादल रहे। वहीं, बाद में बूंदाबांदी भी हुई। जबकि दोपहर में हल्की धूप भी खिली। धूप निकलने से दिन में लोगों को कंपकंपाती ठंड से थोड़ी राहत मिली। हालांकि सुबह और रात को मौसम सर्द ही बना रहा। कड़ाके की ठंड ने शहरवासियों की परेशानी बढ़ा रखी है। सोमवार को सुबह वातावरण में कोहरा छाया रहा। इस वजह से दृश्यता कम रही। ऐसे में वाहन चालकों को सुबह भी गाड़ी की लाइट जलानी पड़ी। सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे के बाद अचानक से बूंदाबांदी होने लगी।जबकि दोपहर साढ़े बारह बजे के बाद सूर्यदेव ने दर्शन दिए और हल्की धूप निकल गई। ऐसे में लोगों ने ठिठुरन भरी ठंड से थोड़ी राहत महसूस की। हालांकि धूप निकलने के साथ ही बीच-बीच में बादल भी आते-जाते रहे। उधर, दोपहर में मौसम खुलने से शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिली। शहर के सिविल लाइंस, मेन बाजार और बीटी गंज बाजार में लोग गर्म कपड़ों की खरीदारी करते नजर आए। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन विभाग में संचालित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना से मिली जानकारी के अनुसार हरिद्वार जिले में मंगलवार को बादल छाने के साथ ही बीच-बीच में धूप खिलने की भी संभावना है।

कागजों में ही सिमट कर रह गई आस्था पथ निर्माण की योजना

उत्तरकाशी, एजेंसी। शहर में भागीरथी (गंगा) किनारे तांबाखाणी से लेकर तेखला तक आस्था पथ निर्माण की योजना कागजों में सिमट कर रह गई है। सिंचाई विभाग ने दो चरणों में प्रस्तावित आस्था पथ निर्माण को लेकर एक चरण की डीपीआर और दूसरे का इस्टीमेट तैयार कर बजट स्वीकृति के लिए शासन को भेजा था, लेकिन इनमें से किसी को भी अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

जिला मुख्यालय में वर्ष 2023 में तांबाखाणी से लक्षेश्वर तक भागीरथी किनारे 3.5 किमी लंबे व करीब छह मीटर चौड़े आस्था पथ निर्माण की घोषणा की थी। सिंचाई विभाग ने इस आस्था पथ को दो चरणों में बांटते हुए जहां तांबाखाणी से लेकर केदारघाट तक करीब 900 मीटर के आस्था पथ निर्माण को करीब 9.20 करोड़ की डीपीआर तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजा। वहीं, केदारघाट से लेकर लक्षेश्वर तक के करीब ढाई किमी लंबे आस्था पथ के लिए इस्टीमेट तैयार कर शासन से डीपीआर निर्माण के लिए 70 लाख की मांग की थी, लेकिन अब तक इस पर शासन की ओर से कोई स्वीकृति नहीं मिल पाई है। यहां आस्था पथ निर्माण से पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को सुविधा मिलती।

आपत्तिजनक पोस्ट पर भाजपा नेता ने की शिकायत

ऋषिकेश, एजेंसी। सोशल मीडिया में प्रत्याशी व पार्टी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने के आरोप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने कोतवाली में शिकायत की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कोई व्यक्ति फेसबुक पर भाजपा प्रत्याशी व पार्टी से संबंधित ऐसी भ्रामक पोस्ट अपलोड कर रहा है जिससे समाज के विभिन्न वर्गों में रोष व्याप्त हो रहा है। उक्त पोस्ट आचार संहिता के उल्लंघन के साथ ही कानूनी अपराध भी है।

जवान बेटे और पत्नी के शव का भार उठाने की ताकत मेरे कंधों में नहीं, गोपाल ने बयां किया दर्द

ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।
हल्द्वानी से सितारगंज अपनी पत्नी और पुत्र की मौत की खबर सुनकर गोपाल डोलिया जब अस्पताल पहुंचे तो बेसुध हो गए। किसी तरह उन्हें संभाला गया तो दोनों के मृत शरीर देखकर भर्राए गले से बोले कि शवों का भार उठाने की ताकत मेरे कंधों में नहीं है। इस दुनिया का सबसे बड़ा बोझ और दुःख अगर कोई है तो पिता के कंधे पर बेटे का जनजा। जीवन संगिनी भी साथ छोड़ जाए तो इससे बड़ा गम कोई हो ही नहीं सकता। हल्द्वानी से सितारगंज अपनी पत्नी और पुत्र की मौत की खबर सुनकर गोपाल डोलिया जब अस्पताल पहुंचे तो बेसुध हो गए। किसी तरह उन्हें संभाला गया तो दोनों के मृत शरीर देखकर भर्राए गले से बोले कि शवों का भार उठाने की ताकत मेरे कंधों में नहीं है। परिजनों ने दिलासा देने की कोशिश की तो वह बिलख पड़े। असीम दुख को अपने सीने में दबाए गोपाल डोलिया की जुबां तो खामोश है लेकिन आंखों से बहते आंसू उनके दिल के दर्द को बयां कर रहे हैं। कोई कंधे पर हाथ रख दिलासा दे रहा है तो वह फफककर रो पड़ते हैं। गोपाल का बेटा अंकित हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। उनकी माता जानकी कुशल गृहिणी थी। पिता गोपाल डोलिया रुद्रपुर स्थित सिडकुल की निजी कंपनी में काम करते हैं। हादसे में पत्नी और इकलौते बेटे की मौत की सूचना मिली तो गोपाल के पांव तले जमीन खिसक गई। इधर, मां और भाई की मौत की खबर सुनकर बहन का भी रो-रोकर बुरा हाल है। अस्पताल में परिजन पिता-पुत्री को ढांढस बांधने का असफल प्रयास करते दिखाई दिए।

शुगर मिल पर पांच करोड़ बकाया, किसान परेशान

हरिद्वार, एजेंसी। इकबालपुर शुगर मिल पर किसानों का पांच करोड़ का बकाया है। किसानों ने नए भुगतान के साथ पुराने बकाया भुगतान की मांग की है।

वहीं मिल प्रबंधन ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 का बकाया भुगतान में से पांच करोड़ पिछले महीने दे दिया गया है। जबकि शेष पांच करोड़ जल्द देने का आश्वासन दिया है। शुगर मिल पर पेराई सत्र 2018-19 का 105 करोड़ का भुगतान भी बकाया है। जिसे लेकर किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। वहीं मिल प्रबंधन हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन होने की बात कहता रहा है। फिलहाल इस सत्र का इकबालपुर मिल ने आठ दिसंबर तक का भुगतान दिया है। किसान अन्य मिलों की तरह भुगातन की मांग कर रहे हैं। मिल के मुख्य महाप्रबंधक सुरेश शर्मा ने बताया है कि गत वर्ष का लगभग 5 करोड़ का भुगतान जल्द करने के प्रयास चल रहे हैं। जबकि पेराई सत्र 2018-19 का बकाया भुगतान का मामला हाईकोर्ट मे चल रहा है।

नाली में कूड़ा डालने पर दो पक्षों में विवाद, महिलाओं को पीटा

रुड़की, एजेंसी। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सोत में नाली में कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की महिलाओं को पीट दिया, जिससे हंगामा हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया। महिलाओं ने पुलिस को तहरीर दी है।मोहल्ला सोत बी में शनिवार शाम एक पक्ष की महिलाएं घर के बाहर खड़ी थीं। इस बीच पड़ोसी ने नाली में कूड़ा डाल दिया। महिलाओं ने उसका विरोध किया तो पड़ोसी ने अभद्रता कर दी। आरोप है कि पड़ोसी ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों को बुला लिया और महिलाओं के साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग आए और बीच बचाव का प्रयास किया। किसी तरह लोगों ने मामला शांत कराकर सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही पड़ोसी घर से फरार हो गए।

कोहरे के बीच आरओबी पर बढ़ा हादसों का खतरा

काशीपुर, एजेंसी। महाराणा प्रताप चौक पर बने आरओबी पर घने कोहरा के चलते सड़क हादसे का खतरा बन रहा गया है। इसके बावजूद अब तक आरओबी के ऊपर कहीं भी रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए हैं। महाराणा प्रताप चौक पर बना आरओबी रामनगर रोड से मुरादाबाद और बाजपुर रोड को जोड़ता है। आरओबी पर 24 घंटे छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। एनएचएआई ने आरओबी के ऊपर बनाए गोल चक्कर व रोटरी का साइज तो काफी समय पहले छोटा करा दिया लेकिन रात के समय वाहन चालकों की सहायता के लिए वहां रिफ्लेक्टर नहीं लगाए। गोल चक्कर व रोटरी पर विभाग ने भी कैट आई और दिशा सूचकांक नहीं लगवाए हैं। ऐसे में रात के समय कोहरा होने से चालकों को आवाजाही में खासी परेशानी हो रही है। कोहरे के कारण उन्हें दूर से गोल चक्कर व रोटरी नजर नहीं आती है। ऐसे में हर वक्त हादसे का खतरा बना रहता है। आरओबी पर एनएचएआई को वाहन चालकों की सुरक्षा के उपाय सर्दी मौसम शुरू होने से पहले करना चाहिए थे। आखिर किन कारणों से अब तक रिफ्लेक्टर, दिशा सूचकांक व कैट आई नहीं लगाई, इस संबंध में एनएचएआई के ईई से संपर्क कर लगाने को कहा जाएगा।

मेहमानों की देखभाल के लिए नाव से की जा रही गश्त

खटीमा, एजेंसी। शारदा सागर डैम में साइबेरियन पक्षियों पर मंडराते खतरे को देखते हुए वन विभाग ने गश्त तेज कर दी है। शारदा सागर डैम के आसपास उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश के भी शिकारियों के सक्रिय होने की आशंका है। शिकारियों की धरपकड़ के लिए वन विभाग ने नाव से गश्त करनी शुरू कर दी है।

करीब 22 किलोमीटर परिधि वाले शारदा सागर डैम में करीब छह किलोमीटर का क्षेत्र उत्तराखंड की सीमा में पड़ता है। डैम में साइबेरियन पक्षियों के शिकार और बिक्री में दोनों राज्यों के शिकारियों के लिप्तता की आशंका को देखते हुए वन विभाग की टीम गश्त कर रही ही है।

सर्दी में भी गहराया पेयजल संकट तीसरे-चौथे दिन में मिल रहा पानी

लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी। सर्दी के दिनों में नगर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में लोगों को तीसरे-चौथे दिन पानी मिल रहा है। नगर में बिछाई गई पेयजल लाइनों में जगह-जगह लीकेज होने से हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जल संस्थान लाइनों में हो रहे लीकेज को रोक पाने में विफल साबित हो रहा है।

नगर के सार्की टोला वार्ड राजस्व चौकी के समीप पेयजल लाइन में लगी गेटवाल और लाइन लीकेज होने से पानी बर्बाद होकर नालियों में बह रहा है।

बालाजी हनुमान महाराज का हुआ गुणगान

रुड़की, एजेंसी। कृष्णानगर में रविवार को बालाजी हनुमान महाराज का हवन-पूजन के साथ ही गुणगान हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद आरती और फिर प्रसाद वितरण किया गया।कृष्णा नगर की गली नंबर 23 में राजेंद्र सैनी के आवास पर बालाजी हनुमान महाराज का हवन-पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें पानीपत हरियाणा से आए भगत गुरु अमन कौशिक ने हनुमान जी महाराज का हवन-पूजन कराया। सभी श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी। साथ ही विश्व कल्याण की कामना की। इस मौके पर भगवानपुर, डाडा जलालपुर, हाल्लू मजरा, बसेडा के अलावा सहारनपुर व मुजफ्फरनगर आदि क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुमाता संतोष कौशिक, विकास कौशिक, ज्योति माता, विजय कुमार सैनी, सत्यपाल सिंह सैनी, भरतवीर, मनोज कुमार, अमृता देवी, रेखा सैनी, प्रवीन सैनी, रश्मि सैनी, ज्योति सैनी व सलोनी आदि के नाम शामिल हैं।

एचएमपीवी वायरस को लेकर अलर्ट मोड पर उत्तराखंड का ऊधम सिंह नगर, तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य विभाग



रुद्रपुर, एजेंसी।
वैश्विक रूप से फैल रहे श्वसन तंत्र रोग ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) को लेकर अब ऊधम सिंह नगर में भी स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर आ गया है। स्वास्थ्य विभाग की प्रभारी महानिदेश बाद स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। सभी अस्पतालों में आइसोलेशन वॉर्ड, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड, वेंटीलेटर व ऑक्सीजन सिलेंडरों की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही दवाइयों, डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की भी तैनाती रहेगी।

दक्षिण भारत में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवाण कल्याण विभाग की प्रभारी महानिदेशक सुनीता टम्टा की ओर से जारी आदेश के बाद जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. राजेश आर्या ने जिले के सभी उप जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट कर दिया है।

उन्होंने बताया कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) श्वसन तंत्र रोग वैश्विक रूप से प्रसारित हो रहा है। जो अन्य श्वसन तंत्र रोगों के समान ही सामान्य सर्दी-जुकाम एवं फ्लू जैसे लक्षणों के साथ सर्दी के मौसम में परिलक्षित होता है। उत्तराखंड राज्य में किसी भी रोगी में इसकी पुष्टि नहीं हुई है। शीत ऋतु में सीजनल इन्फ्लूएंजा (एच1एन1, एच3एन2) एवं इंफ्लुएंजा लाइकइल्लनेस (आइएलआइ) व सर्विस एक्युट रिस्पायरेटरी इल्लनेस (सारी) के प्रसारण की संभावना भी बढ़ जाती है। एचएमपीवी भी सामान्य सर्दी-जुकाम के लक्षणों के साथ ही आता है। तीन से पांच दिनों में स्वतः ही ठीक हो जाता है। एहतियातन, सभी चिकित्सालयों में इन्फ्लूएंजा / निमोनिया रोगियो के इलाज के लिए पर्याप्त आइसोलेशन बेड, वार्ड, ऑक्सीजन बेड, आइसीयू बेड, वेंटिलेटर व ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाइयों, पर्याप्त डाक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था करने के निर्देशा मिले हैं। समुदाय स्तर पर ऐसे रोगियों की सघन निगरानी की होगी। आइडीएसपी के अन्तर्गत इंटीग्रेटेड हैल्थ इंफोरमेशन प्लेटफार्म (आइएचआइपी) पोर्टल पर विवरण भी अंकित किया जाएगा। ऐसे रोगी मिलने पर जांच, उस पर नियंत्रण एवं रोकथाम की व्यवस्था होगी। रैपिड रेस्पान्स टीम की तरफ से इन्फ्लूएंजा या निमोनिया रोग से होने वाली किसी भी असामान्य स्थिति पर भी नजर रहेगी।

नैनीताल में गरजा धामी सरकार का बुलडोजर, तोड़ी गई 12 दुकानें; स्ष्टरूकी अगुवाई में हुई कार्रवाई

न्द्वानी, एजेंसी।
ड़क चौड़ीकरण को लेकर सोमवार को ासन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग ा टीम काठगोदाम पहुंच गई। नोटिस के वजूद जगह खाली न करने पर रेलवे शन के ठीक सामने जनरल स्टोर, टोरेंट समेत 12 दुकानों को तोड़ा गया।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार, कुछ गह और कार्रवाई की जाएगी। चौराहे और राहे चौड़ीकरण के तहत नरीमन तिराहे से लटैक्स तक काम होना है। ऊपरी हिस्से सरकारी व निजी भवनों को तोड़ने के द सड़क को चौड़ा कर दिया गया। लेकिन ठगोदाम रेलवे स्टेशन का हिस्सा बचा । सड़क के मध्य से दोनों तरफ 12-12 टर तक नपाई करने के बाद लोनिवि ने में कारोबारियों को नोटिस भी दिया था। उसके बावजूद कई लोगों ने निर्माण नहीं हटाया। ऐसे में सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम पारितोष वर्मा लोनिवि अधिकारी और पुलिस फोर्स संग बुलडोजर लेकर कार्रवाई को पहुंच गए। इसके बाद जनरल स्टोर, सब्जी की दुकान, रेस्टोरेंट समेत 12 निर्माण ध्वस्त किए गए। इस दौरान किसी ने विरोध भी नहीं किया। वहीं, लोक निर्माण विभाग का कहना है कि एक होटलस्वामी को भी जल्द दीवार पीछे करने को कहा गया है। खुद न हटाने पर कार्रवाई की जाएगी। सिंचाई विभाग ने चिन्हित किया 60 जगहों पर अतिक्रमण - नोटिस भेजने के साथ हटाए जाएंगे अतिक्रमणजासं, भीमताल- सिंचाई विभाग ने भीमताल बाइपास में विभाग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। विभाग ने बाइपास में 60 लोगों की ओर से किए गये अतिक्रमण को चिह्नित किया है। विभाग अतिक्रमण करने वालों को तीन नोटिस भेजकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश देगा। नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो विभाग जेसीबी से अतिक्रमण को हटाएगा।

बगावत करने वालों पर भाजपा-कांग्रेस सख्त

नई टिहरी, एजेंसी।
स्थानीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ने वालों और अनुशासनहीनता दिखाने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं पर भाजपा और कांग्रेस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। कांग्रेस ने अनुशासनहीनता के मामले में सख्त कदम उठाते हुए तीन कार्यकर्ताओं को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह निर्णय पार्टी की अनुशासन समिति की बैठक के बाद लिया गया, जिसमें बागी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई पर सहमति बनी।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने बताया कि पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने और पार्टी की गतिविधियों के खिलाफ काम करने पर नगर पंचायत घनसाली के अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष विनोद लाल शाह, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंबा विक्रम सिंह पंवार और नई टिहरी से युवा कांग्रेस के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष गंगा भगत सिंह नेगी को पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।

बताया कि पार्टी की अनुशासन समिति प्रत्येक वार्ड से लेकर नगर तक अपनी नजर बनाए हुए हैं। भाजपा ने भी बगावत करने वालों की सूची तैयार कर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों को भेज दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने स्पष्ट किया है कि पार्टी अनुशासन तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पार्टी के सूत्रों के अनुसार बागियों के खिलाफ जल्द ही अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कई वार्डों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ बागी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

पालम से बसपा के प्रत्याशी रहे मदन मोहन पार्षद रह चुकी पत्नी के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता मदन मोहन धर्मपत्नी सुधेशवती के साथ मंगलवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। मदन मोहन पिछले विधानसभा चुनाव में पालम विधानसभा सीट से बसपा के प्रत्याशी रह चुके हैं और उनकी धर्मपत्नी सुधेशवती भी दो बार निगम पार्षद रह चुकी हैं। पालम समेत पूरी दिल्ली में उनके समर्थक हैं। ह्लआपह्व के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में पटका और टोपी पहनाकर उन्हें आम आदमी पार्टी में शामिल किया। संजय सिंह ने कहा कि मदन मोहन के आने से पालम विधानसभा समेत पूरी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि यह आम आदमी पार्टी के लिए गर्व और खुशी की बात है कि पालम विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रह चुके, और पिछले विधानसभा चुनाव में 25,000 वोट प्राप्त करने वाले हमारे मजबूत साथी मदन मोहन अपनी धर्मपत्न

ी सुधेशवती के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। सुधेशवती दो बार निगम पार्षद रह चुकी हैं। उनके आने से न केवल पालम विधानसभा बल्कि पूरे दिल्ली में आम आदमी पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। संजय सिंह ने कहा कि मदन मोहन का परिवार राजनीति में काफी पुराना और सक्रिय रहा है। मदन मोहन स्वयं भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं और उनकी पत्नी सुधेशवती 2012 के निगम पार्षद चुनाव में 17,000 वोटों से जीत चुकी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि पालम विधानसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार जोगिंदर सोलंकी भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। मैं मदन मोहन और सुधेशवती का आम आदमी पार्टी में स्वागत करता हूं। वहीं इस अवसर पर मदन मोहन ने कहा कि उनके लिए यह सौभाग्य की बात है कि वे आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि पालम विधानसभा में जोगिंदर सोलंकी को दिल्ली में सबसे अधिक वोटों से जिताने का काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर आम आदमी पार्टी के अपने परिवार में आ रहे हैं और उनके साथ बहुजन समाज के सभी लोग जोगिंदर सोलंकी का समर्थन करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

दिल्ली में बारिश ने बढ़ाई ठिठुरन अगले 3 दिनों के लिए शीतलहर और कोहरे का अलर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली के कई इलाकों में बारिश की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में गिरावट का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ और ठंडी हवाओं की वजह से न्यूनतम औरअधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में मंगलवार को आंशिक रूप से कोहरा छाया रहेगा। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम तापमान 19 डिग्री रहने का पूवार्नुमान है। अगले तीन दिनों के दौरान शीतलहर के कहर का असर ज्यादा देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में भी तेजी से गिरावट की संभावना है। दिल्ली में सोमवार को ठंड का प्रकोप जारी रहा। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। पंजाब और हरियाणा में सोमवार को भी ठिठुरन रही और दोनों राज्यों में कुछ स्थानों पर सुबह के समय कोहरा छाया रहा। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार सुबह साढ़े पांच बजे से साढ़े आठ बजे के बीच नजफगढ़ में 2.5 मिलीमीटर, पीतमपुरा में दो मिमी, पालम में एक मिमी और पूसा में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है। जबकि अधिकतम तापामन 16.9 डिग्री दर्ज किया गया जो समान्य से 2.1 डिग्री कम है। सुबह साढ़े पांच बजे सफदरजंग और पालम में दृश्यता 300 मीटर थी।

रेल मंत्री वैष्णव ने नई दिल्ली स्टेशन पर कुलियों, ऑटो-कैब चालकों से मुलाकात की

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को चुनाव की घोषणा से पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने ऑटोरिक्शा चालकों और कुलियों से बातचीत की। उनकी शिकायतों का समाधान किया और स्थिति को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी उनके साथ थे। स्टेशन पर दोनों नेताओं को कुलियों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। वैष्णव ने पार्किंग शुल्क कम करने और खराब मौसम से बचने के लिए शौचालय बनवाने का वादा किया।

दिल्ली में घने कोहरे के कारण 25 ट्रेन विलंबित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और 25 ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चलीं।मौसम विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, ह्यसुबह पांच से साढ़े पांच बजे के बीच पालम में घने कोहरे के बीच न्यूनतम दृश्यता 150 मीटर रही तथा उत्तर-पश्चिमी हवाएं 11-13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं और दृश्यता धीरे-धीरे बढ़कर सुबह साढ़े आठ बजे तक 700 मीटर हो गई। मौसम विभाग के अनुसार सफदरजंग में न्यूनतम दृश्यता 500 मीटर थी।एक अधिकारी ने बताया कि कोहरे के कारण सुबह छह बजे तक कुल 25 ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चलीं। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान बढ़कर 10.5 डिग्री सेल्सियस हो गया।

विधानसभा चुनाव से पहले रेल मंत्री भाजपा के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते नई दिल्ली स्टेशन पहुंचे

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा से पहले, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को भाजपा के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया।उन्होंने ऑटोरिक्शा चालकों और कुलियों से बातचीत की, उनकी शिकायतें सुनीं और उनके काम की स्थिति में सुधार के लिए समाधान का वादा किया।वैष्णव के साथ भाजपा के दिल्ली प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा भी थे। वैष्णव ने कुलियों और ऑटोरिक्शा चालकों को माला पहनाई। कुलियों ने मंत्री और सचदेवा को पगड़ी बांधी।

यह चुनाव काम और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा, जनता का विश्वास हमारे साथ : केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं, आपके जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फेल हो जाते हैं

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान का आम आदमी पार्टी ने स्वागत किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने कार्यकताओं को अब कमर कस कर चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतरने का आह्वान किया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान हो चुका है। सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं। आपके जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फेल हो जाते हैं। आप ही हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ ही होगा। हम जरूर जीतेंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोग एक बार फिर से अपने परिवार के लोगों को अच्छा स्वास्थ्य देने वाले मुख्यमंत्री को चुनेंगे। दिल्ली के लोग एक बार फिर से उन्हें 24 घंटे और जीरो बिजली बिल देने वाले नेता को चुनेंगे। दिल्ली के लोग एक बार फिर से 5 फरवरी को उनके परिवारों को मुफ्त तीर्थयात्रा कराने वाले, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा कराने वाले और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से लागू करने वाले ईमानदार और दूरदर्शी नेता अरविंद केजरीवाल को चुनेंगे। दिल्ली के लोग एक बार फिर से अपने बच्चों का भविष्य और दिल्ली को साफ-सुथरा, सुंदर शहर बनाने के सपने को चुनेंगे और उस सपने को सच करने के लिए ईमानदारी और बहुत सोच समझकर वोट करेंगे। मैं सभी दिल्लीवासियों को इसके लिए बधाई देना चाहता हूं कि एक बार फिर से उनके पास लोकतंत्र का महान अवसर है। वह अपने बच्चों के लिए अच्छा भविष्य, अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य

चुनें। महंगाई से लड़ने के लिए मदद देने वाली सरकार को चुनें। साथ ही, वोट जरूर डालें। जैसे चुनाव आयोग ने भी कहा कि 5 फरवरी को बुधवार का दिन है, वोट जरूर डालने जाएं। 8 फरवरी को जब नतीजे आएंगे तो उसके लिए हम पूरी तरह तैयार हैं कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के लोग चुनाव की तारीख का इंतजार कर रहे थे। हमें भरोसा है कि दिल्ली के लोग मिलकर फिर से दिल्ली में काम करने वाली अरविंद केजरीवाल की सरकार बनाएंगे। आम आदमी पार्टी ने चुनाव के लिए पूरी तैयारियां पहले से तेज कर दी थीं। आज चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद पार्टी अपने कैंपेन और तेजी के साथ अगले चरण में ले जाएगी। पार्टी के 70 उम्मीदवार घोषित हो चुके हैं। आज आम आदमी पार्टी ने अपना फिर लाएंगे केजरीवाल कैंपेन सॉन्ग भी लॉन्च किया है। अब पूरी पार्टी और सभी उम्मीदवार कैंपेन सॉन्ग के साथ जनता के बीच में जाएंगे और हमें भरोसा है कि जनता फिर से काम करने वाली सरकार दिल्ली में बनाएगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमारे मन में सिर्फ एक ही डर था कि कहीं भाजपा चुनाव से डरकर इस चुनाव को टाल ना दें। हमारे बीच में यही बात थी कि भाजपा का जनता के बीच में कोई नेरेटिव नहीं है, कोई प्रोग्रेसिव बात नहीं है, उनकी चुनाव की कोई तैयारी नहीं दिख रही है। कहीं ऐसा नहीं हो कि ये एमसीडी चुनावों की तरह दिल्ली विधानसभा के चुनाव टाल ना दें। मगर अब चुनाव हो रहे हैं तो हम पूरी तरह से तैयार हैं। मुझे लगता है कि पिछली बार की तरह ही भाजपा को बहुत कम सीटें आएंगी। वहीं, आम आदमी पार्टी को छोटा बहुमत नहीं बल्कि एक बड़ा बहुमत मिलेगा।

आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास दिल्ली के लिए प्लान है। आम आदमी पार्टी ने पहले ही दिल्ली के लिए गारंटियां दी हैं। हमने महिलाओं को महिला सम्मान योजना के लिए तहत प्रतिमाह 2100 रुपए सम्मान राशि और पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के तहत हर पुजारी और ग्रंथि को प्रतिमाह 18 हजार रुपए देने की अगली गारंटी दी है। आम आदमी पार्टी ऑटो चलाने वाले भाइयों के लिए भी बहुत गारंटियां दी हैं। हमने हर वर्ग का ध्यान रखा है। हम पिछले कार्यकाल में भी हर वर्ग को साथ लेकर चले। हमने हर वर्ग के लिए काम किया। जनता ने आम आदमी पार्टी को बहुत सपोर्ट किया है और हम उम्मीद करते हैं कि भगवान का और दिल्ली के लोगों का आशीर्वाद हम पर बना रहेगा। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा जनता के बीच रहती है और जनता के काम करती है इसलिए हम चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उम्मीद है कि जिस तरह मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपनी प्रेस वार्ता में बताया, तो भाजपा नेता प्रवेश वर्मा जो खुलेआम काला धन बांटते हुए देखे गए थे और स्वीकार कर रहे थे उनपर कार्रवाई होगी। ताकि निष्पक्ष चुनाव हो जाएं। उम्मीद है जिस तरह आप सांसद संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह का केस सामने आया था कि किसी ने उनका नाम काटने के लिए दो फर्जी याचिकाएं डाली थी और इसी तरह नई दिल्ली विधानसभा में देखा गया कि बड़ी तादाद में नाम काटने के करीब 5.5 हजार आवेदन और नाम जोड़ने के करीब डेढ़ हजार आवेदन आए। इसपर चुनाव आयोग ने संज्ञान लेकर 24 लोगों के ऊपर आठ एफआईआर की। हमें उम्मीद है कि जो भी याचिकाएं हमने डाली हैं और शिकायतें की हैं, चुनाव आयोग उनपर जल्द कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हों।

आयोग पर दवाब डालने के सवाल पर प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दबाव हम पर डाला जा रहा है क्योंकि हम ये मुद्दा बार-बार उठा रहे हैं। लेकिन हम चुप नहीं होंगे। हमने शाहदरा विधानसभा में भी दिखाया कि कैसे एक भाजपा नेता ने नाम काटने के लिए 11 हजार एप्लीकेशन डाली और इसपर चुनाव आयोग ने संज्ञान भी ले लिया था। लेकिन जब हमने आवाज उठाई और सीईसी से मिले तब जाकर यह प्रक्रिया रुकी। इसी तरह नई दिल्ली विधानसभा में भी हम बार-बार यह मुद्दा उठा रहे हैं कि 29 नवंबर को समरी रिवीजन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बहुत बड़े स्तर पर नाम जोड़ने और हटाने की एप्लीकेशन आई हैं। खुद आपत्तिकताओं ने भी मना कर दिया कि उन्होंने यह एप्लीकेशन नहीं डाली हैं। तो फिर वो लोग कौन हैं जो इन आपत्तिकताओं के नाम का इस्तेमाल करके ये एप्लीकेशन डाली हैं ? निष्पक्ष चुनाव के लिए बहुत जरूरी है कि इसपर जल्द कार्रवाई हो।

तीन महीने के भीतर भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी को फिर से मुख्यमंत्री आवास से निकाल दिया, ये लोग अपनी बौखलाहट दिखा रहे हैं : केजरीवाल

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा ने एक बार अपनी गंदी राजनीति का प्रदर्शन करते हुए तीन महीने के अंदर दूसरी बार दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को उनके ही आधिकारिक आवास से बाहर निकाल दिया है। भाजपा की इस करतूत पर आम आदमी पार्टी ने उस पर तीखा हमला बोला है। ₹आपऱ के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि तीन महीने के भीतर भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी को फिर से मुख्यमंत्री आवास से निकाल दिया। आतिशी जी को गालियां देकर, उन्हें घर से बाहर निकालकर ये लोग अपनी बौखलाहट दिखा रहे हैं। भाजपा दिल्ली का चुनाव बुरी तरह से हार रही है और इसलिए ये लोग ऐसी गंदी राजनीति पर उतर आए हैं। वहीं, सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा ने दिल्लीवालों के काम रोकने के लिए दूसरी बार मुझे मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाला है, लेकिन मै दिल्ली के एक भी काम रुकने नहीं दूंगी।

मै शपथ लेती हूं कि महिलाओं को 2100 रुपए महीना, बुजुर्गों को मुफ्त इलाज और पुजारियों- ग्रंथियों को प्रतिमाह 18 हजार रुपए की सम्मान राशि दिलाकर रहूंगी।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर इस संबंध में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के चुनाव की घोषणा हुई है और जिस दिन यह घोषणा होती है उससे पिछली रात को भाजपा की केंद्र सरकार ने मुझे मेरे सरकारी आवास से बाहर निकाल दिया। एक मुख्यमंत्री होने के नाते जो मुख्यमंत्री आवास मुझे अलॉट किया गया है, भाजपा की केंद्र सरकार ने तीन महीने में दूसरी बार मुझे उससे निकालकर बाहर फेंक दिया। उन्होंने चिट्ठी भेजकर मुख्यमंत्री आवास का अलॉटमेंट कैंसल किया और मुख्यमंत्री आवास एक चुनी हुई सरकार की चुनी हुई मुख्यमंत्री से छीन लिया। तीन महीने पहले भी इन्होंने यही किया था। जब मैं मुख्यमंत्री बनी तो इन्होंने मुख्यमंत्री आवास से मेरा और मेरे परिवार का सामान घर से निकालकर बाहर सड़क पर फेंक दिया था। सीएम आतिशी ने आगे कहा कि भाजपा को लगता है कि वो घर छीनकर, हमारे साथ गाली-गलौज करके, मेरे परिवार के बारे में निचले स्तर की बातें करके जो काम हम दिल्लीवालों के लिए कर रहे हैं, उसे रोक देगी। लेकिन मैं दिल्लीवालों को यह बताना चाहती हूं कि घर छीनने से काम रुकेगा नहीं। ये हमारे घर छीन सकते हैं।

ये हमें गालियां दे सकते हैं लेकिन जो दिल्लीवालों के लिए काम करने का जज्बा हमारे दिल में है, उस जज्बे को नहीं छीन सकते हैं। मैं दिल्लीवालों को कहना चाहूंगी कि अगर जरूरत पड़ेगी तो मैं आपके घर पर आकर रहूंगी, और आपके घर से दिल्लीवालों के लिए काम करूंगी। दोगुनी स्पीड और दोगुने जज्बे से काम करूंगी।भाजपा को यह बताने के लिए काम करूंगी कि ये हम पर कोई भी अत्याचार कर लें या कितना भी परेशान कर लें, लेकिन हम दिल्लीवालों के काम रुकने नहीं देंगे।

सीएम आतिशी ने कहा कि मैं भाजपा को याद करा दूं कि तीन महीने पहले एक बार पहले भी इन लोगों ने मुझसे मुख्यमंत्री आवास छीना था और मेरा सामान सड़क पर लाकर फेंक दिया था। उसके बाद तीन महीने में मैंने दिल्ली की सड़कें ठीक करवाईं, फ्लाईओवर बनवाए, अनेकों नए स्कूल बनवाए, मोहल्ला क्लीनिक में रुके हुए टेस्ट शुरू करवाए, वहां की दवाइयां फिर शुरूकरवाईं।और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की महिलाओं के जो 1000 रुपए की सम्मान राशि देने का वादा किया था, उस महिला सम्मान योजना को कैबिनेट में पास कराया।

अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर किया बड़ा दावा

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो जाएगा। राजनीतिक पार्टियां पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर चुकी हैं। एक तरफ सत्ताधारी आम आदमी पार्टी है तौ दूसरी ओर बीजेपी और कांग्रेस हैं। इस बीच राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर से बड़ा दावा किया है। पूर्व सीएम ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले बोला था कि दिल्ली सीएम आतिशी जो को गिरफ्तार किया जाएगा और आम आदमी पार्टी के कुछ नेताओं के यहां रेड पड़ेगी। उन्होंने कहा कि विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, मनीष सिसोदिया के घर अगले कुछ दिनों में सीबीआई की रेड होगी। केजरीवाल ने आगे कहा कि बीजेपी दिल्ली में चुनाव हार रही है। ये गिरफ्तारियां और रेड उनकी बौखलाहट का नतीजा है। सीएम ने इससे पहले कहा था कि मुख्यमंत्री आतिशी को फर्जी केस में फंसा कर गिरफ्तार करने की प्लानिंग चल रही है। ये लोग महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से ये लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं। ये लोग फर्जी केस के जरिए आतिशी को गिरफ्तार कर सकते हैं। हालांकि, ये दूसरा मौका है जब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कुछ इस तरह का दावा किया है। सीएम पहले भी आम आदमी पार्टी के नेताओं पर हुई कार्रवाईयों और गिरफ्तारियों को लेकर केंद्र की बीजेपी सरकार पर हमला बोलते रहे हैं। दिल्ली आबकारी मामले में सीएम समेत कई नेताओं को जेल भी जाना पड़ा था। हालांकि, अधिकतर नेताओं को अदालत से जमानत मिल चुकी है। दरअसल, फर्जी वोटर लिस्ट को लेकर बीजेपी और आम आदमी पार्टी आमने-सामने है। बीजेपी ने कुछ तथ्यों के आधार पर दावा किया है कि राज्य की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने कुछ सीटों पर ऐसे लोगों के नाम को वोटर लिस्ट में शामिल कराया है जो कि दिल्ली के रहने वाले ही नहीं है। बीजेपी ने एक सवाल यह भी उठाया है कि दिल्ली में जब विधानसभा चुनाव होते हैं तभी वोटरों की संख्या क्यों बढ़ती है ? अगर शहर के वोटर बढ़ रहे हैं तो फिर लोकसभा चुनाव में भी ऐसा दिखना चाहिए, लेकिन उस समय ऐसा कुछ नजर नहीं आता है।

केजरीवाल ने हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 813वें उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह के लिए भेजी चादर

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 813 वें उर्स के मौके पर पारंपरिक चादर भेजी है। यह चादर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की अजमेर शरीफ दरगाह पेश की जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली की सीएम आतिशी और कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने भी हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर पवित्र चादर भेजी है।

अरविंद केजरीवाल और सीएम आतिशी ने अजमेर शरीफ से दिल्ली समेत पूरे देश में आपसी भाईचारे, अमन चैन और तरक्की के लिए कामना की है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि 813वें वार्षिक उर्स के अवसर पर हजरत ख़्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह अजमेर शरीफ के लिए पवित्र चादर पेश की और देश में सुख-शांति व तरक्की की प्रार्थना की।

यह पवित्र चद्दर मंत्री इमरान हुसैन ने दिल्ली स्टेट उर्स कमिटी के चेयरमैन एफआई इस्माइली के साथ-साथ परवेज नूर, मुस्तफ, इस्लामुद्दीन कासमी साहब वकार भोपाली, मारुफ रजा मंजीत सिंह मोना आबिद व अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दिली मोहब्बत और अकीदत के साथ अजमेर शरीफ रवाना की।

इस अवसर पर खाद्य-आपूर्ति मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने चादर पेश करते हुए अरविंद केजरीवाल की ओर से दिल्ली और देश भर के लोगों के लिए अमन, शांति और भाईचारा की दुआ मांगी। अरविन्द केजरीवाल के मार्गदर्शन में सरकार शांति, सद्भाव और अमन का सन्देश लेकर जाने वाले जायरीनों की सेवा करने में गर्व महसूस करती है। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती आज भी देश के लोगों के दिलो-दिमाग में एक खास स्थान रखते हैं। आज भी उनके दर्शन और विचार बड़ी संख्या में लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।इमरान हुसैन ने कहा कि अजमेर शरीफ दरगाह देश में सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती एक प्रख्यात सूफी संत थे जिनके भक्त और अनुयायी दुनिया के हर देश में मौजूद हैं। हर साल उर्स के दौरान सभी धर्म-संप्रदाय से जुड़े लोग बड़ी संख्या में अजमेर शरीफ में मन्नत मांगने पहुंचते हैं। श्री इमरान हुसैन ने माना कि सूफी-संतों का योगदान न सिर्फ हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करते हैं साथ ही उनके विचार भी अनुकरणीय होते हैं जिसे हम अपने जीवन में उतारते हैं।

दिल्ली में नौवां मुख्यमंत्री चुनने के लिए बिछी बिसात

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के चुनाव पांच फरवरी को कराने की घोषणा के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पहचान रखने वाली ऐतिहासिक राष्ट्रीय राजधानी का नौवां मुख्यमंत्री चुनने के लिए मंगलवार को बिसात बिछ गयी। निर्वाचन आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव -2025 कराने की सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दिल्ली विधानसभा में कुल 70 सीटें है। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 को हुआ था जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भारी सफलता मिली थी। दिल्ली में अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपने चेहरे की घोषणा नहीं की है। हालांकि आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। बहुजन समाज पार्टी ने भी सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। पांच फरवरी को दिल्ली के लगभग एक करोड़ 55 लाख मतदाता 13 हजार से अधिक मतदान केंद्रों पर उम्मीदवारों और नौवें मुख्यमंत्री के लिए मतदान करेंगे। दिल्ली में अभी तक अलग-अलग राजनीतिक दलों के आठ नेता मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहे हैं। दिल्ली विधानसभा की नांगलोई सीट के विधायक चौधरी ब्रहमप्रकाश 17 मार्च 1952 से 12 फरवरी 1955 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। दरियागंज विधानसभा सीट के विधायक गुरुमुख निहाल सिंह 12 फरवरी 1955 से एक नवंबर 1956 तक मुख्यमंत्री बने।

घोषणा चुनाव आयोग की तरफ से मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि पांच फरवरी को यहां मतदान होगा।

जानिए कितने युवा मतदाता इस बार दिल्ली की सरकार चुनने के लिए करेंगे मताधिकार का प्रयोग, कितने फर्स्ट टाइम वोटर

चुनाव आयोग की तरफ से मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि पांच फरवरी को यहां मतदान होगा। जबकि आठ फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा की गई है। इस सीट पर भी 5 फरवरी को चुनाव और आठ फरवरी को नतीजों की घोषणा होगी।

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव एक चरण में संपन्न कराए जाएंगे। चुनाव आयोग की तरफ से मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि पांच फरवरी को यहां मतदान होगा। जबकि आठ फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा की गई है। इस सीट पर भी 5 फरवरी को चुनाव और आठ फरवरी को नतीजों की घोषणा होगी। बता दें कि दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में दिल्ली की 70 विधानसभा सीट में से 58 सामान्य सीट और 12 एससी सीट पर एक ही चरण में चुनाव संपन्न होंगे। इस चुनाव में 1.55 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसमें से 83.49 लाख पुरुष, 71.74 लाख महिला, 25.89 लाख युवा मतदाता होंगे। इसके साथ ही इस चुनाव में 2.08 लाख फर्स्ट टाइम वोटर भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दिल्ली में 100 साल से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 830 और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की



संख्या 1,261 है। चुनाव आयोग की तरफ से की गई घोषणा के अनुसार चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से मतदान की सुविधा रहेगी।

मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा और मतदान में आसानी के लिए स्वयंसेवक, व्हीलचेयर तथा रैंप बनाए जाएंगे। चुनाव आयोग की तरफ से सभी राजनीतिक दलों को नसीहत दी गई है कि चुनाव प्रचार में भाषा का ख्याल रखें। महिलाओं के खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल न करें। इसके साथ ही ईवीएम को लेकर मचाए जा रहे राजनीतिक दलों की तरफ से बवाल पर भी मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि ईवीएम में अविश्वसनीयता या किसी खामी का कोई सबूत नहीं है। ईवीएम में वायरस या बग आने का कोई सवाल ही नहीं है। ईवीएम में अवैध वोट होने का भी सवाल नहीं है। इस मशीन में कोई धांधली भी संभव नहीं है। राजीव कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अलग-अलग फैसलों में लगातार यही कह रहे हैं। ऐसे में ईवीएम मतदान और मतगणना के लिए फुलप्रूफ डिवाइस है। इसके टेम्परिंग के आरोप बेबुनियाद हैं। हम अभी बोल रहे हैं क्योंकि चुनाव के समय हम नहीं बोलते।

संक्षिप्त खबरें

दिल्ली के लोग फिर लाएंगे केजरीवाल: गोपाल राय

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फिर लाएंगे केजरीवाल कैंपेन सॉन्ग लॉन्च किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। पार्टी ने 70 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। आज कैंपेन सॉन्ग पार्टी ने लॉन्च किया है और इस कैंपेन सॉन्ग के साथ हम सब लोग चुनाव अभियान को और तेज करेंगे।दोपहर दो बजे चुनाव आयोग प्रेस वार्ता कर दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा करेगा।70 विधानसभा सीटों पर माना जा रहा है कि एक दिन में ही वोटिंग कराई जाएगी। गत विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को सरकार बनाने का बहुमत दिल्ली की जनता ने दिया था।आम आदमी पार्टी वादे पूरे नहीं करती भाजपा के इस आरोप पर गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के लोगों को पता है कि कौन वादे करता है और कौन निभाता है। हमने बिजली फ्री करने का वादा किया। हमारी सरकार आई तो 200 यूनिट बिजली फ्री की गई। फ्री पानी, अच्छे स्कूल बनाने का वादा किया, सरकार ने वह पूरा किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोहल्ला क्लीनिक बनाने का वादा किया था, दिल्ली में जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक बनाए गए।

नहीं हो सकता ईवीएम हैक, मतदाता सूची की जानकारी भी हर पार्टी को दी जाती है: मुख्य चुनाव आयुक्त

नई दिल्ली। भारतीय निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान होगा और आठ फरवरी को नतीजे आएंगे।
चुनाव की तारीखों के ऐलान के दौरान राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि युवा लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाते रहें। लोकसभा चुनाव में नया रिकॉर्ड बना है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में भी लोकतंत्र मजबूत होता रहेगा। उन्होंने मतदाता सूची में गलत एंट्री के आरोपों पर कहा कि इस तरह के आरोपों को सुनकर दुख होता है। ये ईवीएम चुनाव है। मतदाता सूची में नाम काटने की शिकायत की गई है। मतदाता सूची की जानकारी भी हर पार्टी को दी जाती है।इसके अलावा उन्होंने कहा कि धीमी मतगणना को लेकर आरोप लगाए गए हैं। कई सवाल भी उठाए गए हैं। हम सभी सवालों का जवाब देंगे। पारदर्शिता ही हमारी प्राथमिकता है।

कैग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने से डरते हैं केजरीवाल : सचदेवा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के सौंदर्यीकरण पर हुए खर्च को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किये जाने को लेकर सवाल उठाया है और कहा है कि श्री केजरीवाल सत्ता गंवाने की डर की वजह से इसे विधानसभा के पटल पर नहीं रखते हैं।श्री सचदेवा ने मंगलवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली वाले अक्सर यह सोचते हैं कि आखिर क्यों श्री केजरीवाल या मुख्यमंत्री आतिशी कैग की रिपोर्ट को दबा कर क्यों रखना चाहती है, क्यों नहीं उनको दिल्ली विधानसभा के पटल पर इसे रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय की फटकार के बाद भी दिल्ली सरकार कैग की रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर नहीं रखती है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में पोस्टर वार जारी, ह्लआपह्व ने गृह मंत्री को बताया चुनावी मुसलमान

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से पहले पोस्टर वार लगातार जारी है। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केजरीवाल का पोस्टर जारी कर उन्हें चुनावी हिंदू बताया था तो अब आम आदमी पार्टी ने भी पोस्टर जारी करते हुए गृहमंत्री अमित शाह को चुनावी मुसलमान बताया है।आम आदमी पार्टी ने अपने जारी किए गए पोस्टर में गृहमंत्री अमित शाह की टोपी पहने हुए तस्वीर लगाई है और लिखा गया है चुनावी मुसलमान। किसी फिल्म की तरह ही इस पोस्टर को जारी करते हुए आम आदमी पार्टी ने इसमें निमार्ता निर्देशक के नाम पर गृहमंत्री का नाम लिखा हुआ है। और इस चुनावी मुसलमान की रिलीजिंग डेट चुनाव से पहले बताई है। साथ ही साथ इस पोस्टर में लिखा है कि ह्लकभी सोचा है कि चुनाव आते ही भाजपा को मुसलमानों की इतनी याद क्यों आती है। इस पोस्ट की आखिरी लाइन में लिखा गया है फीचरिंग : रोहिंग्या, बांग्लादेशी, मौलवी, मौलाना, इमाम और वक्फ बोर्ड। गौरतलब है कि इससे पहले भाजपा ने भी केजरीवाल का पोस्टर जारी करते हुए उन्हें चुनावी हिंदू बताया था।

पंजाब राज्यपाल से मिला विश्व हिंदी परिषद का शिष्टमंडल, हिंदी के प्रचार-प्रसार पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाब राजभवन में महामहिम राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया जी से विश्व हिंदी परिषद का शिष्टमंडल ने एक महत्वपूर्ण मुलाकात की, जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री डी पी मिश्र, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार, पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष श्री विक्रम रावत, हरियाणा के प्रदेश संयोजक श्री मुनीष जांगड़ा ने शिरकत किया। इस भेंट के दौरान पंजाब में हिंदी के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तार से गंभीर चर्चा हुई। विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने राज्यपाल महोदय को परिषद के कार्यों और हिंदी को वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करने की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से पंजाब के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में हिंदी के प्रचार को बढ़ावा देने के उपायों पर जोर दिया। डॉ. कुमार ने बताया कि परिषद

ने राज्यभर में हिंदी के प्रचार के लिए कई शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं, और अब उन्हें इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार का सहयोग चाहिए। राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी न केवल भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने डॉ. विपिन कुमार के प्रयासों की सराहना की और हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए परिषद के साथ मिलकर काम करने का आश्वासन दिया।

बैठक के अंत में, महामहिम राज्यपाल महोदय ने विश्व हिंदी परिषद के आगामी कार्यक्रम को पंजाब राजभवन में आयोजित करने के लिए अपनी सहमति दी। यह निर्णय हिंदी भाषा के प्रति राज्यपाल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है और राज्य में हिंदी के प्रचार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। इस आयोजन के माध्यम से हिंदी साहित्य, संस्कृति और भाषा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में प्रमुख हिंदी साहित्यकारों, शिक्षाविदों और साहित्य प्रेमियों की भागीदारी को लेकर उत्साह है, जो हिंदी को एक मजबूत और प्रभावशाली भाषा बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह पहल न केवल पंजाब , बल्कि पूरे देश में हिंदी के महत्व को नए स्तर पर स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। राज्यपाल महोदय का यह सहयोग हिंदी के प्रचार-प्रसार में एक मील का पत्थर साबित होगा।

दिल्ली विधानसभा चुनाव : 5 फरवरी को मतदान, 8 को आएंगे नतीजे

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने मंगलवार को चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया। दिल्ली में पांच फरवरी को एक चरण में चुनाव होगा और नतीजे की घोषणा आठ फरवरी को होगी।ईसीआई राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली में कुल 1 करोड़ 55 लाख वोटर्स हैं। इसके अलावा, पुरुष मतदाता की संख्या 83.49 लाख, महिला मतदाता 71.74 लाख है और युवा मतदाता की संख्या 25.89 लाख हैं। उधर, पहली बार वोट देने जा रहे मतदाताओं की कुल संख्या 2.08 लाख है। इसके अलावा, दिल्ली में 13 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। 100 साल से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 830 है। वहीं, चुनाव की तारीखों की ऐलान करने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने कई मुद्दों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोग खुलकर अपनी भागीदारी बढ़ा रहे हैं। खासकर देश के युवा खुलकर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा ले रहे हैं, जो हमें बीते लोकसभा चुनाव में देखने को मिला है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सभी युवा चुनावी प्रक्रियाओं में हिस्सा लेकर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव निष्पक्ष हो। हम चुनाव में हर

प्रकार की गतिविधियों की विशेष जांच करेंगे, जैसा कि बीते चुनाव में किया था। उन्होंने आगे कहा कि वोटर लिस्ट में गलत एंट्री के आरोपों को सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। यहां तक कहा गया है कि यह ईवीएम इलेक्शन है। वोटर लिस्ट में नाम काटने की शिकायत की गई। यहां तक की धीमी मतगणना के आरोप भी लगाए गए। लिहाजा हम इन सभी सवालों के जवाब देंगे, क्योंकि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम पारदर्शिता के सिद्धांत पर विश्वास रखते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ईवीएम को लेकर हैक करने के आरोपों में कोई दम नहीं है। कोर्ट ने खुद इस बात को स्वीकार किया है कि ईवीएम से किसी भी प्रकार की छेड़खानी नहीं हो सकती है। लेकिन, ईवीएम पर शक जताकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया गया, जो कि एक लोकतांत्रिक देश में शोभनीय व्यवहार नहीं है। चुनाव के सात आठ दिन पहले ही ईवीएम सील हो जाती है। उसे तैयार कर लिया जाता है। ईवीएम में अवैध वोट की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। ईवीएम से चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है, जिस पर किसी भी प्रकार का सवाल नहीं उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम फुलप्रूफ डिवाइस है। इसमें किसी भी प्रकार का वायरस नहीं आ सकता है। चुनाव में पारदर्शिता की हमारी प्राथमिकता है।

चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये मंगलवार को घोषित कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

अधिसूचना - 10 जनवरी (शुक्रवार)
नामांकन की अंतिम तिथि - 17 जनवरी (शुक्रवार)
नामांकन पत्रों की जांच - 18 जनवरी (शनिवार)
नामांकन पत्रों की वापसी - 20 जनवरी (सोमवार)
मतदान - 05 फरवरी (बुधवार)
मतगणना - 08 फरवरी (शनिवार)

दिल्ली विधानसभा चुनाव में हॉट सीट बना जंगपुरा, आसान नहीं सिसोदिया की राह

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का आज ऐलान कर दिया है। उससे पहले ही दिल्ली विधानसभा की कई सीटें ऐसी हैं, जहां मुकाबला काफी रोमांचक हो गया है। उन्हीं में से एक है दिल्ली की जंगपुरा विधानसभा सीट। यहां से आम आदमी पार्टी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने सिख नेता तरविंदर सिंह को टिकट दिया है और कांग्रेस ने फरहाद सूरी पर दांव लगाया है। जिससे यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। आइये जानते हैं जंगपुरा विधानसभा सीट के समीकरण के बारे में। ए-आप, बी-बीजेपी या सी-कांग्रेस, किसका पलड़ा भारी होगा इसका संकेत पिछले चुनाव के आंकड़े देते हैं।

दरअसल, जंगपुरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से एक है। जंगपुरा विधानसभा, दक्षिण पूर्वी दिल्ली (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) का एक हिस्सा है। यह दक्षिणी दिल्ली जिले का एक पॉश इलाका है, जो जंगपुरा, जंगपुरा एक्सटेंशन, जंगपुरा ए और जंगपुरा बी में बंटा हुआ है। साल 1993 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार ने जंगपुरा सीट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1993

से 2008 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। हालांकि, 2013 में यहां सत्ता परिवर्तन हुआ और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की। वर्तमान में यह सीट आम आदमी पार्टी के पास है। 2020 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो उस दौरान आम आदमी पार्टी को जंगपुरा सीट पर 45,086 वोट मिले थे, उसका वोट प्रतिशत 50.88 था। इसके अलावा भाजपा को 28,995 वोट और मत प्रतिशत 32.77 था, जबकि कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही थी और उसे 13,548 वोट मिले थे। कांग्रेस का वोट प्रतिशत 15.29 फीसदी था। जंगपुरा विधानसभा सीट की गिनती इस बार हॉट सीट में हो रही है। यहां से दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया मैदान में हैं, जो वर्तमान में पटपड़गंज सीट से विधायक हैं। इस लड़ाई को और भी रोमांचक कांग्रेस और बीजेपी ने बना दिया है। बीजेपी ने तरविंदर सिंह और कांग्रेस ने फरहाद सूरी को यहां से टिकट दिया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को आर्शीवाद देगी दिल्ली की जनता : कमलजीत सहरावत

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले बीजेपी सांसद कमलजीत सहरावत ने उम्मीद जताई कि दिल्ली की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद जरूर देगी। बीजेपी सांसद कमलजीत सहरावत ने मंगलवार को कहा, ₹आज दिल्ली के लिए वह दिन तय होगा, जब दिल्ली की जनता अपने मत का प्रयोग करके एक सरकार को चुनने का काम करेगी। पिछले 10 सालों में आम आदमी पार्टी ने झूठ, भ्रष्टाचार और दिल्ली में हाहाकार मचाने वाली स्थिति पैदा की। दिल्ली की जनता विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली में सच्चाई से लागू करने के लिए आम आदमी पार्टी के ऊपर नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के ऊपर भरोसा करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि बाकी राज्यों की तरह सभी कल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, ₹दिल्ली वालों को अबकी बार ये विश्वास है कि अगर विश्वास करना है तो भाजपा के साथ चलना है। मुझे यह बिल्कुल स्पष्ट नजर आ रहा है और आने वाले चुनाव में दिल्ली की जनता भाजपा को आशीर्वाद जरूर देगी और हमारी दिल्ली में सरकार बनाएगी।₹ कमलजीत सहरावत ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ₹वोटों में हेरफेर करके आम आदमी पार्टी दिल्ली के चुनाव में गड़बड़ी करना चाह रही है।

अगर चुनाव अधिकारी उसे फिजिकल वेरीफाई करके ठीक करना चाहते हैं तो मुझे लगता है आम आदमी पार्टी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए, लेकिन वह षड्यंत्र कर रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं, इसलिए आज उनको बुरा लग रहा है। वह पहले से ही कहते हैं कि हम अर्बन नक्सलाइट हैं।₹ उन्होंने कहा, ₹चीफ सेक्रेटरी से लड़ना, अपने घर में महिला सांसद को पिटवाना और एक चुनाव ऑफिसर को इस तरीके से धमकाना ये उनके लिए आम बात है। भाजपा सांसद ने सिसोदिया और आतिशी की गिरफ्तारी के केजरीवाल के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ₹अरविंद केजरीवाल ने एक्साइज पॉलिसी लागू होने के बाद खुद ही उसे वापस लिया और दिल्ली के अंदर उनके जो साथी थे, उन्होंने ही उनके खिलाफ बयान और सबूत दिया। इसके आधार पर अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ा। आज वो जमानत पर बाहर हैं और वो किसी केस से रिहा नहीं हुए हैं।

'आपदा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे', शहजाद पूनावाला का 'आप' पर निशाना

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा। दिल्ली में एक चरण में चुनाव होने की संभावना है। उससे पहले भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल के उन वादों का जिक्र किया, जो कि उन्होंने गत विधानसभा चुनाव में किए थे।

भाजपा नेता ने कहा कि अभी तक अरविंद केजरीवाल ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को पूरी तरह से ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तिथि के ऐलान की खबर मीडिया से मिली है और इस पर दिल्लीवासियों का जोरदार स्वागत हो रहा है। अब हर एक शख्स यही कह रहा है कि ₹आपदा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे₹। पिछले दस सालों में दिल्ली की स्थिति बेहाल हो चुकी है और इसकी पूरी जिम्मेदारी आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर डाली जा रही है। दिल्ली को एक ₹वर्ल्ड क्लास सिटी₹ बनाने का वादा किया गया था। लेकिन, इसके बजाय केवल अरविंद केजरीवाल ने अपनी ऐशो-आराम की जिंदगी बनाने पर ध्यान दिया। दिल्ली में जो कुछ भी हुआ, उसमें से सबसे बड़ी आलोचना केजरीवाल के खुद के कार्यालय, यानी ₹शीश महल₹ के निर्माण और उसके नवीनीकरण को लेकर की जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में यह सामने आया कि ₹शीश महल₹ के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च किए गए। इसमें महंगे संगमरमर, कार्पेट, पर्दे, टॉयलेट और किचन उपकरणों जैसे महंगे सामान पर बड़ी रकम खर्च की गई। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीबों के लिए आवास बनाने का काम किया। मोदी सरकार के तहत हजारों लोगों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स मिले, जबकि केजरीवाल खुद के लिए आलीशान महल बनाने में व्यस्त रहे।

उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ ₹शीश महल₹ के नवीनीकरण की बात नहीं है। यह पूरी मानसिकता और सरकार चलाने के तरीके का मामला है। केजरीवाल और उनकी पार्टी ने जिस प्रकार से स्वराज की बात की थी, उसी प्रकार से उन्होंने शराब घोटाले और भ्रष्टाचार में लिप्त होकर इसे पूरी तरह बदल दिया। वो जो भ्रष्टाचार हटाने की बात करते थे, अब कांग्रेस और लालू यादव के साथ गठबंधन कर सत्ता में बने हुए हैं। पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग अब उसी भ्रष्टाचारियों के साथ हैं। यह पूरी स्थिति बेहद निराशाजनक है और दिल्ली के लोग इसे समझ चुके हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने चुनावों के दौरान कई बड़े वादे किए थे। वादे किए गए थे कि दिल्ली में 20 नए कॉलेज, 20 विश्वविद्यालय, 500 नए स्कूल, और 20 नए अस्पताल बनेंगे। इसके अलावा दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने, यमुना नदी को साफ करने और दिल्ली को तार मुक्त करने की बातें भी की गई थीं। लेकिन, जब जनता ने इन वादों का हिसाब लिया तो कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। आज दिल्लीवासियों का गुस्सा इस बात पर है कि इन वादों का कोई असर नहीं हुआ और सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर घोटाले सामने आए हैं। मोहल्ला क्लिनिक, शराब घोटाले और अन्य घोटालों के कारण जनता को बड़ा धक्का लगा है।

दिल्ली में घना कोहरा छाया, देरी से चल रही ट्रेनें उड़ानों पर भी पड़ा असर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी मंगलवार को घने कोहरे की चादर में लिपटी रही, जिससे विजिबिलिटी भी कम हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक सुबह 5:30 बजे दिल्ली में 11.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि दिन में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। कम विजिबिलिटी के कारण, सोमवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर 400 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुई। स्पाइसजेट ने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली (डीईएल), अमृतसर (एटीक्यू), जम्मू (आईएक्सजे), श्रीनगर (एसएक्सआर), गोरखपुर (जीओपी), वाराणसी (वीएनएस), अयोध्या (एवाईजे), दरभंगा (डीबीआर) और पटना (पीएटी) खराब मौसम (कम दृश्यता) के कारण, 7 जनवरी को सभी उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इसके अलावा शीत लहर और कोहरे से दिल्ली रेलवे स्टेशन पर

कई ट्रेनें भी देरी से चलीं।आईएमडी ने सात दिवसीय पूवार्नुमान में 11 और 12 जनवरी को बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की आशंका जताई है, विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। इस संभावित वर्षा से दृश्यता में भी सुधार हो सकता है और मौजूदा घने कोहरे से कुछ राहत मिल सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता लगातार दूसरे दिन भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने मंगलवार सुबह 6 बजे तक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 310 दर्ज किया।दिल्ली के कुछ खास इलाकों जैसे आनंद विहार (394), पटपड़गंज (364), जहांगीरपुरी (359) और अशोक विहार (343) में एक्यूआई का स्तर और भी अधिक दर्ज किया गया, जो इन इलाकों में गंभीर प्रदूषण को दिखाता है। हालांकि, नजफगढ़ (284) जैसे कुछ इलाकों में हवा की गुणवत्ता थोड़ी बेहतर रही, जिसे 'खराब' श्रेणी में रखा गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली के एक्यूआई में सुधार होने की उम्मीद है। जो अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण 'खराब' श्रेणी में आ जाएगा। बेहतर हवा की गति ने इस क्रमिक सुधार में योगदान दिया है, सोमवार को शाम 4 बजे एक्यूआई का स्तर 339 और शाम 5 बजे 335 दर्ज किया गया। आईएमडी का पूवार्नुमान एक्यूआई के स्तर में निरंतर गिरावट का संकेत देता है। निवासियों को सलाह दी गई कि वे कम दृश्यता वाली स्थितियों में सावधानी बरतें और खराब वायु गुणवत्ता और ठंड के प्रभावों से खुद को बचाने के लिए आवश्यक उपाय करें।

'आप' की आपदा से मुक्ति पाने का समय आ गया : रमेश बिधूड़ी

नई दिल्ली। कालकाजी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी (आप) पर मंगलवार को निशाना साधते हुए कहा कि 'आप' की आपदा से मुक्ति पाने का अब समय आ गया है। दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर चुनाव आयोग मंगलवार को तारीखों का ऐलान करने जा रहा है। माना जा रहा है कि एक चरण के तहत दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर वोटिंग कराई जाएगी। चुनाव की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो जाएगी। विधानसभा चुनाव की घोषणा को लेकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने कहा कि 10 साल में दिल्ली सरकार जो आपदा लाई उससे मुक्ति पाने का पल आ गया है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी संस्था चुनाव आयोग आज विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान करेगी। चुनाव लोकतंत्र में उत्सव का विषय होता है। आपदा से मुक्ति के लिए डेढ़ करोड़ लोग अपने मत का प्रयोग करेंगे। कालकाजी इलाके में पीने के पानी की समस्या, लोगों के घरों में गंदे पानी को लेकर भाजपा नेता ने कहा कि गिरी नगर, गोविंदपुरी, प्रकाश मोहल्ला में गंदा पानी आ रहा है। इसके अलावा श्रीनिवासपुरी में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री की ड्यूटी बनती है कि यहां पर दिल्ली पुलिस के एसीपी, एसएचओ को बुलाकर लोगों की समस्या का समाधान निकालें।

समस्या दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली के सांसद कमलजीत सेहरावत और उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया भी बैठक में उपस्थित थे।

दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री से मिले किसान, उठाई समस्याएं

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, 07 जनवरी (वेब वार्ता)। दिल्ली के सफदरजंग रोड स्थित केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सरकारी आवास पर आज दिल्ली देहात के विभिन्न गांवों के किसान अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। बैठक में भाजपा के सांसद भी शामिल हुए। दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली के सांसद कमलजीत सेहरावत और उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया भी बैठक में उपस्थित थे।यह बैठक किसानों के मुद्दों पर चर्चा करने और समाधान निकालने के लिए आयोजित की गई थी। बता दें कि इससे पहले 2 जनवरी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर निशाना साधते हुए

कहा था कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है।केंद्रीय कृषि मंत्री ने सीएम आतिशी को पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने कहा था कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार ने किसानों के हित में केंद्र की योजनाओं को लागू करने से रोका है। आतिशी को लिखे पत्र में शिवराज ने कहा था, ह्लअत्यंत दुख के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूं। आप ने दिल्ली में किसानों के हित में कभी उचित निर्णय नहीं लिए। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को भी आपकी सरकार द्वारा दिल्ली में लागू करने से रोका गया है। आपकी सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है। आज दिल्ली के किसान भाई-बहन परेशान और चिंतित हैं। दिल्ली सरकार द्वारा केंद्र की अनेक किसान कल्याणकारी योजनाओं को लागू नहीं किए जाने से किसान भाई-बहन इन योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। मैंने पूर्व में भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन यह चिंता का विषय है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा था कि विगत 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है लेकिन सदैव यह प्रतीत हुआ है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किसान भाई-बहनों के साथ सिर्फ धोखा किया है और चुनावों से पहले बड़ी-बड़ी बड़ी घोषणाएं कर उनका राजनीतिक लाभ लिया है। केजरीवाल ने सरकार में आते ही हमेशा जनहितैषी निर्णयों को लेने के स्थान पर अपना रोना रोया है। आपकी सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण केंद्र सरकार के एकीकृत बागवानी विकास मिशन को लागू नहीं किया गया है। मिशन के लागू न होने से किसान भाई-बहन नर्सरी और टिशू कल्चर की स्थापना, रोपण सामग्री की आपूर्ति, फसल उपरांत प्रबंधन के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, नए बाग, पाली हाउस एवं कोल्ड चेन की सब्सिडी सहित अनेक योजनाओं के लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

कैंसर से ग्रसित युवक ने जान दी

नोएडा। सेक्टर-36 में रहने वाले 32 वर्षीय युवक ने ब्लड कैंसर रोग से परेशान होकर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-39 थाना प्रभारी ने बताया कि दिल्ली का राहुल वर्तमान में सेक्टर-36 के ए ब्लॉक में किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। सोमवार रात नौ बजे के करीब उसने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके परिजनों से जब बातचीत की गई तो पता चला कि वह ब्लड कैंसर से ग्रसित था। आशंका है कि युवक गंभीर बीमारी के चलते मानसिक तनाव में आ गया और उसने आत्महत्या कर ली।

व्यापारियों ने जीएसटी से जुड़ी समस्याएं बताईं

नोएडा। सेक्टर-115 स्थित उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पर मंगलवार को जीएसटी विभाग की अपर आयुक्त चांदनी सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें व्यापारियों ने जीएसटी से जुड़ी तमाम समस्याओं से अवगत कराया। अधिकारी ने व्यापारियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि जब तक अधिकारी और व्यापारी दोस्त नहीं बनेंगे, तब तक समुचित विकास होना नामुमकिन है ' अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं को समझना पड़ेगा ' व्यापार मंडल के चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने बताया कि बिल में छोटी-मोटी भूल पर जो गाड़ियां पकड़ी जाती हैं, उनको छोटा जुमार्ना लगाकर छोड़ा जाए ' अपर आयुक्त कहा कि सभी अधिकारियों को कहा गया है कि किसी को भी परेशान नहीं किया जाए। छोटी गलतियों को एक उचित जुमार्ना लगाकर वहीं गाड़ी छोड़ दी जाए ' बैठक में अपर आयुक्त चांदनी सिंह ने कहा कि विभाग हमेशा व्यापारियों के साथ है ' किसी भी व्यापारी को अधिकारियों से डरने की जरूरत नहीं है। व्यापारियों को कोई भी समस्या हो तो तुरंत जीएसटी कार्यालय में पहुंचकर बताएं। समस्या का तुरंत समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, सचिन गोयल, श्रेया सिंह, शिवा चौहान, शक्ति सिंह, सोविंद्र सिंह व अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए '

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने किया राखीगढ़ी का दौरा, खुदाई में मिली अवशेषों को देख हो गए हैरान

प्रात : किरण संवाददाता

नारनौंद। अब तक के इतिहास में प्रदेश के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने सोमवार को आइकानिक साइट राखीगढ़ी का पहली बार दौरा किया। इस साइट को देखकर वह काफी हैरान हुए कि हजारों साल पहले भी लोग इतनी अच्छी सुविधाओं से रहते थे। इस दौरान उन्होंने पुरातत्व विभाग द्वारा किए जा रहे उत्खनन कार्य का अवलोकन किया।

खुदाई के दौरान मिली वस्तुओं को देख हो गए हैरान खुदाई के दौरान मिली हड़प्पाकालीन सभ्यता से संबंधित वस्तुओं को देखकर वे चकित रह गए। खोदाई के दौरान मिली हड़प्पा कालीन सभ्यता से संबंधित वस्तुओं के बारे में उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अपर महानिदेशक डॉ. संजय कुमार मंजुल से जानकारी हासिल की।

सबसे पहले टीले नंबर एक, तीन, चार और पेरेट वाल देखी। अवलोकन के बाद कहा कि राखी गढ़ी अपने आप में हजारों साल पुरानी सभ्यता को समेटे हुए है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि इस विश्वप्रसिद्ध साइट से हम अपने इतिहास से हम रूबरू हो सकें।

बन रहे म्यूजियम का किया निरीक्षण

प्रदेश का पुरातत्व विभाग प्राचीन साइट्स को सहेजने में जुटा है। राखीगढ़ी में बन रहे म्यूजियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां कैफेटरिया, हॉस्टल भवन तथा विश्राम गृह बनकर तैयार हो चुके हैं। संग्रहालय भवन का कुछ निर्माण कार्य बाकी है, उसको भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

इस संग्रहालय में खोदाई के दौरान मिली हर वस्तु को रखा जाएगा, ताकि लोग उस प्राचीन समृद्ध सभ्यता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकें। उनके साथ मंडल आयुक्त ए. श्रीनिवास, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक हमेंद्र कुमार मीणा, सर्कल इंचार्ज केए कोबोई और पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की उप निदेशक बनानी भट्टाचार्य भी मौजूद रहे। अलग अलग वस्तुओं को दिखाया

मुख्य सचिव विवेक जोशी को पुरातात्विक विभाग के अधिकारियों ने एक गिलास नुमा बर्तन भी दिखाया और कहा कि खानपान में प्रयोग होने वाले मिट्टी के बर्तनों से अभी तक मिट्टी भी नहीं हटाई गई है, ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि उन लोगों की खानपान संबंधित आदतें किस प्रकार की थी। इसके साथ ही उन्हें ब्लेड, खिलौने, कंकाल भी दिखाए गए।

डॉ. संजय मंजुल ने मुख्य सचिव विवेक जोशी को बताया कि टीला नंबर तीन पर एक बड़ा स्ट्रक्चर मिला है, जिसे देखने पर ऐसा लग रहा है जैसे वो स्टेडियम हो। अभी खोदाई शुरू हुई है। आगे और रोचक अवशेष मिलने की संभावना है। हड़प्पन काल के भी अलग अलग दौर के प्रमाण मिले हैं।

यहां पर मिले मकान तथा रिहायशी क्षेत्र से गंदे पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम तथा कूड़ा कर्कट डालने के लिए मिट्टी के बड़े-बड़े मटके गलियों के मोड़ के किनारे पर रखे जाते थे। खोदाई के दौरान दो मंजिला मकान का ढांचा मिला है। भू-तल की दीवारों की चौड़ाई डेढ़ मीटर के लगभग है और ऊपर बनी पहली मंजिल की दीवारें कम चौड़ाई की हैं। बीच से होकर एक गली भी गुजरती है, जो उनकी वास्तुकला की उच्च कोटि की समझ को दशार्ता है। नदी बहने के प्रमाण भी मिले डॉ. संजय मंजुल ने दावा किया कि राखीगढ़ी आइकानिक साइट से कुछ दूरी पर नदी के बहने के प्रमाण भी मिले हैं। यहां नदी के बेड मिले हैं। फिलहाल वहां उत्खनन नहीं चल रहा है। उत्खनन के दौरान अब तक यहां से लगभग 5000 साल पूर्व के मानव कंकाल, मिट्टी के बर्तन, पत्थर से बने चर्ट ब्लड, टेराकोटा बाल जो सुरक्षा यंत्र के रूप में प्रयोग में लाए जाते थे, आदि मिल चुके हैं।

भिवानी में झुग्गी में रहने वाले युवक के पास मिला 59 किलो गांजा, नारकोटिक्स ब्यूरो के भी छूट गए पसीने

प्रात : किरण संवाददाता

बवानीखेड़ा (भिवानी)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो टीम ने बवानीखेड़ा की झुग्गियों में छापेमारी की है। इस दौरान झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों से नशे की बड़ी खेप बरामद की गई है। छापेमारी के दौरान टीम को रविदास नाम के एक युवक 58 किलो 880 ग्राम गांजा बरामद हुआ। टीम के सदस्यों ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बड़े सप्लायरों की तलाश में जुटी पुलिस पुलिस गिरफ्तार युवक के सहारे बड़े सप्लायरों की तलाश में जुट गई है। राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रदेशभर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान नशा मुक्त हरियाणा-नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भिवानी यूनिट ने बवानीखेड़ा की झुग्गियों में सर्च अभियान चलाया। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो उप पुलिस अधीक्षक रोहतक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि झुग्गी-झोपड़ी से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। झुग्गी में रहने वाले युवक के पास मिले 59 किलो गांजा

हरियाणा एनसीबी यूनिट प्रभारी प्रोबेसनर व उप निरीक्षक बर्लिन ने बताया कि हरियाणा एनसीबी यूनिट भिवानी की एक टीम तोशाम मोड़ बवानीखेड़ा में थी। तभी गुप्त सूचना मिली कि गांव पपोसा में रविदास निवासी झुग्गी-झोपड़ी बवानीखेड़ा में रहने वाला गांजा बेचता है।

जिसके बाद टीम ने बताई जगह पर छापा मारा और आरोपित को दबोच लिया। राजपत्रित अधिकारी एसडीओ प्रवीन सहरावत की मौजूदगी में तलाशी ली गई तो आरोपित रविदास से 58 किलो 880 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में बवानीखेड़ा थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पानीपत का यह गांव हुआ नशा मुक्त वहीं, एक दूसरे खबर की बात करें तो पानीपत जिले के समालखा में पुलिस ने नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत सोमवार को कारकौली गढ़ गांव में ग्रामवासियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। वहीं, सरपंच हिमानी सैनी सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में गांव को नशा मुक्त घोषित किया गया। कारकौली गढ़ अब जिला के नशा मुक्त घोषित गांवों की श्रेणी में शामिल हो गया है। गांव में नशामुक्ति का बोर्ड लगा दिया गया। अब कोई ग्रामीण नशे का कारोबार व सेवन करेगा तो सरपंच पर उसकी जवाबदेही होगी। नशे से आर्थिक के साथ-साथ शारीरिक नुकसान वह उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकेगा। पुलिस को सूचना भी देगा। मालूम हो कि जिले में इससे पहले 106 गांव व 41 कॉलोनियों को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है। अभियान के जिला नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि नशे से आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान होता है। नशा हमारे शरीर की शक्ति को खत्म कर उसे बीमारियों का घर बना देता है। अगर शरीर को नशे की लत पड़ जाती है, तो वह इतनी आसानी से नहीं छुटती है। नशा अच्छे भले शरीर को कंकाल बना देता है। नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है। परिवार के विकास को बेपटरी कर देता है।

किसान मुफ्त बिजली योजना का कराएं प्रचार प्रसार

निजी नलकूप धारक किसानों के लिए वरदान है किसान मुफ्त बिजली योजना

बदायूँ: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में किसान मुफ्त बिजली योजना के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर किसानों को लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निजी नलकूप धारक किसान के लिए किसान मुफ्त बिजली योजना एक वरदान है। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 मार्च 2025 तक अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ दिया जाए।

अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि किसान मुफ्त बिजली योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत 31 मार्च 2023 के बाद निजी नलकूप धारक किसानों के बिजली के बिल माफ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 हॉर्स पावर तक के निजी नलकूप धारक किसान के लिए 1045 यूनिट निशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 से पूर्व के निजी नलकूप के बिजली के बिल का भुगतान संबंधित किसान को करना होगा। जो वह 6 किस्तों में कर सकता है।

उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 के बाद के निजी नलकूप के लिए किसान मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए किसान को नचचबसण्वतह वेबसाइट पर अपना पंजीयन करना होगा तथा पिछले विद्युत देय का भुगतान करना होगा जो वह 6 आसान किस्तों में कर सकता है। उन्होंने बताया कि किसान को अपने घर के विद्युत कनेक्शन के संबंध में ब्यौरा भी देना होगा तथा उसके लिए केवाईसी भी करानी होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में करीब 40 हजार निजी नलकूप धारक किसान है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित विद्युत विभाग के अन्य अभियंता आदि मौजूद रहे।

शिकायतों का समयबद्ध निदान ही समाधान शिविर का उद्देश्य: अशोक कुमार गर्ग

- निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने समाधान शिविर में सुनी 12 शिकायतें
- प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार से जुड़ी पांच शिकायतों का किया गया मौके पर निपटारा

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से सुनकर समयबद्ध तरीके से उनका निदान सुनिश्चित करना ही समाधान शिविर का उद्देश्य है। सरकार की इस पहल का नागरिकों को लगातार लाभ मिल रहा है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित निदान हो। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को निगम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आई 12 शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सीवरेज ओवरफ्लो, पेयजल लाईन लीकेज तथा एनफोर्समेंट से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारी स्वयं मौका निरीक्षण करें तथा उनका जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिन स्थानों पर सीवरेज ओवरफ्लो या पेयजल लीकेज से संबंधित शिकायतें आती हैं वहां पर तुरंत ही अंतरिम राहत प्रदान करें तथा स्थाई समाधान सुनिश्चित करने के लिए समयसीमा निर्धारित करके आगामी कार्रवाई शुरू कराएं। इन सब प्रक्रियाओं के दौरान शिकायतकर्ता को भी जानकारी देते रहें। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार से संबंधित आई पांच शिकायतों का निगमायुक्त ने मौके पर ही निदान कराया। उन्होंने समाधान शिविर में मौजूद जोनल टैक्सेशन अधिकारियों से कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स डाटा में नाम, पते आदि से संबंधित शिकायतों का त्वरित निदान किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को बेवजह चक्कर ना काटने पड़े।

जनसम्पर्क में अजय महावर से गर्मजोशी से मिले लोग

दिल्ली : चुनाव की तारीख भी तय हो गई और लोगो के बीच कयास भी लगाए जाने लगे की किसकी जीत होगी और किसकी हार वही घोंडा से विधायक रहे अजय महावर ने भी लोगों से जनसम्पर्क किया तो लोगों ने जमकर स्वागत किया

रात भर होता रहा हरे आम के पेड़ों का कटान, ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी हरकत में

प्रात : किरण संवाददाता

शाह टाइम्स संवाददाता आसफपुर - शीतलहर व ठिठुरन के चलते काली रात में मौके का फायदा उठाने वाले लोगों की काली करतूत सामने आई है । बताया जा रहा है कि विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव बिजौरी में बीते सोमवार की रात में शीतलहर व कपकपाती ठंड के चलते नियमों की अनदेखी कर हरे पेड़ों का कटान करते रहे । जब यह समूचा मामला पुलिस व संबंधित विभागीय अधिकारियों के कानों तक पहुंचा तो विभागीय अधिकारी व पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच के आदेश दिए प्राप्त जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि क्षेत्र के गांव बिजौरी में स्थित पंचायत भवन के इर्द गिर्द खड़े हरे पेड़ों का कटान चोरी छुपे किया जा रहा था । इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के उच्च अधिकारी ने तत्काल जांच के आदेश दिए और जांच में दोषी करार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी । इससे लकड़ी का अवैध धंधा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है ।

अवैध गांजा बेचने के मामले में दो आरोपी काबू

आरोपियों के कब्जा से पांच किलो 50 ग्राम अवैध गांजा बरामद

गुरुग्राम। अवैध गांजा बेचने के मामले में अपराध शाखा सिकंदरपुर की पुलिस टीम ने मंगलवार को घामड़ोज टोल प्लाजा से एक युवक को अवैध गांजा सहित काबू किया। आरोपी की पहचान मोहम्मद कामरान कुरैशी निवासी गांव मठवा जिला पूर्व चंपारण (बिहार) के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के एक अन्य साथी को भी सोमवार को गांव कन्हई जिला गुरुग्राम से काबू किया गया। जिसकी पहचान एमामुल्लाह उर्फ मोर्टिन उर्फ मोटा निवासी गांव मठवा जिला पूर्व चंपारण (बिहार) के रूप में हुई। आरोपी आरोपियों के कब्जा से अवैध पांच किलो 50 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर इनके खिलाफ थाना भोंडसी में एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी बिहार से गांजा लाकर गुरुग्राम में बेचते थे। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड के पता चला कि आरोपी एमामुल्लाह उर्फ मोर्टिन पर एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन केस गुरुग्राम में पहले भी दर्ज हैं।

गुरुग्राम: समाधान शिविर में 29 शिकायतों की सुनवाई, जल्द समाधान का आश्वासन

गुरुग्राम। समाधान शिविर में मंगलवार को एसडीएम रविंद्र कुमार ने 29 शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने नागरिकों को विश्वास दिलाया कि जल्दी ही इनमें उचित कार्रवाई कर निवारण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में विभागीय कर्मचारी व अधिकारी इसीलिए उपस्थित रहते हैं, ताकि संबधित विभाग को मौके पर निर्देश दिए जा सकें।

लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एमसीजी, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, परिवार पहचान पत्र आदि से संबधित 29 शिकायतों की सुनवाई की गई। एसडीएम रविंद्र कुमार ने सभी शिकायतों में संबंधित अधिकारियों को जल्दी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायत लेकर आए नागरिकों को कहा कि उनकी समस्या का अवश्य निराकरण किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह दस से बारह बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है और इनकी रिपोर्ट चंडीगढ़ भिजवाई जाती है। इसलिए कोई भी अधिकारी जन शिकायतों के मामले में ढीलाई ना बरतें। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र से संबधित शिकायतों का एक-दो दिन में ही निपटारा कर दिया जाएगा। शेष में कार्यवाही जारी रहेगी। इस अवसर पर नगर योजनाकार विभाग से योजना अधिकारी पुनीत छोकर, तहसील कल्याण अधिकारी कमल, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से एसडीओ अजमेर सिंह, पंचायत विभाग से सुनीता रानी, किड विभाग से खुशवंत सिंह, शिक्षा विभाग के अधीक्षक अनिल चौधरी, बिजली वितरण निगम से जेई बृजमोहन आदि मौजूद रहे।

गारमेंट शॉप में लगी भीषण आग, पत्नी की हुई मौत, पति की हालत गंभीर

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा में 7 जनवरी को तड़के सुबह एक गारमेंट शॉप में भीषण आग लग गई। इसी शॉप के अंदर सो रहे पति-पत्नी आग की चपेट में आ गए। जिसके चलते पत्नी की आग से झुलसने के कारण मौत हो गई और पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुरूआती जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 7 जनवरी को थाना सेक्टर 63 क्षेत्रान्तर्गत ग्राम छिजारसी मेन रोड पर बनी के एस क्लॉथ हाउस एंड रेडीमेड गारमेंट्स दुकान के प्रथम तल पर आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट की 4 गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना हुई और आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है। पुलिस के मुताबिक इस दुकान में सो रहे पति-पत्नी में से पत्नी विनीता (35) की धुएं में फंसे रहने के कारण मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि पति अभी सुरक्षित है। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भर अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि फायर कर्मचारी को अंदर जाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 2 घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शुरूआती जांच में आग लगने के कारण के पीछे शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। लोकल पुलिस और फायर विभाग के कर्मचारी इस आग लगने के कारणों की जांच करेंगे। दुकान में आग बुझाने का कोई भी यंत्र मौजूद नहीं था। जिसके कारण आग और भी ज्यादा फैल गई। गनीमत रही कि इस आग से आसपास के अन्य घरों को नुकसान नहीं पहुंचा है।

बकाया बिल न भरने पर 237 बिजली कनेक्शन काटे

ग्रेटर नोएडा । नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने विशेष अभियान चलाकर सोमवार को एक दिन में 237 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए। हालांकि, 56 उपभोक्ताओं ने बकाया जमा कर दोबारा कनेक्शन जुड़वा लिया। उपभोक्ताओं पर दो करोड़ सात लाख रुपये का बकाया था। वहीं, बिजली चोरी के आरोप में 62 लोगों के खिलाफ जिले के एंटी पावर थेप्ट पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। एनपीसील के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि बकायेदारों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत विशेष टीम सोमवार को पुलिस बल के साथ क्षेत्र के गुलिस्तानपुर, खानपुर, संतोष नगर कॉलोनी और श्यौराजपुर गांव में पहुंची। इन गांवों में विभिन्न उपभोक्ताओं पर दो करोड़ सात लाख रुपये का बकाया था। नोटिस दिए जाने के बाद भी ये उपभोक्ता बकाये का भुगतान नहीं कर रहे थे। इस पर 237 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए। हालांकि, इनमें से 56 उपभोक्ताओं ने बकाये की राशि जमा कर दी, जिसके बाद उनका कनेक्शन फिर से जोड़ दिया गया। एनपीसीएल की टीम ने हाल ही में ऐमनाबाद, भनौता, बिसरख और घोड़ी बछेड़ा गांव में बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया था। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी बकाये का भुगतान नहीं करने पर 49 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे थे। एनपीसीएल ने बिजली चोरी करने वालों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ग्रेटर नोएडा के अलग- अलग इलाकों में दो से छह जनवरी तक चले अभियान के तहत 62 लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया गया। विशेष टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में बिसरख, जलालपुर,चाई-4, खेरली हाफिजपुर, रामपुर बांगर, सिरसा, तिलपता करनवास, डाबरा, खैरपुर गुर्जर, बिरौंडा, जू-2 स्थित काशीराम आवासीय सोसाइटी, जू-3 और सैनी गांव में छापेमारी की थी। अवैध रूप से कटिया डालकर बिजली चोरी करने के आरोप में एंटी पावर थेप्ट पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इन गांवों में अभियान चलाया जाएगा- एनपीसीएल के अधिकारी के मुताबिक इस हफ्ते घोड़ी बछेड़ा, देवला, सैनी, कासना, सूरजपुर, साकीपुर, अलीवदीर्पुर, तिलपता और कुलेसरा गांव में भी अभियान चलाया जाएगा। इन गांवों में भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं पर करोड़ों रुपये का बकाया है। उपभोक्ताओं से कनेक्शन काटने से पहले बकाये का भुगतान करने की अपील की गई है।

अवैध मादक पदार्थ सहित पकड़े गए दोषी को 10 वर्ष की कैद

दोषी को अदालत ने एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा

गुरुग्राम। अवैध मादक पदार्थ सहित पकड़े गए एक दोषी को अदालत ने मंगलवार को 10 साल की कैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर एक लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है। पुलिस के अनुसार 24 दिसंबर 2022 को केएमपी टोल प्लाजा नजदीक पचगांव जिला गुरुग्राम से एक युवक को 32 किलो 784 ग्राम अवैध गांजा (एनडीपीएस) सहित काबू किया था। अवैध गांजा बरामद किए जाने पर आरोपी युवक के विरूद्ध थाना बिलासपुर गुरुग्राम में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। इस केस में अपराध शाखा फर्रुखनगर की पुलिस टीम ने आरोपी को 24 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। आरोपी की पहचान कुलदीप निवासी गांव जलालपुर सासनी जिला हाथरस (उत्तर-प्रदेश) हाल निवासी इंद्रप्रस्थ कॉलोनी लोनी जिला गाजियाबाद (उत्तर-प्रदेश) के रुप में हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ सभी साक्ष्य व गवाह जुटाकर अदालत में पेश किए गए। जिनके आधार पर एडिशनल सेशन जज सौरभ गुप्ता की अदालत द्वारा मंगलवार को आरोपी को दोषी करार दिया गया। उसे 10 साल की कैद व एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

पुलिस से हुई मुठभेड़ में दो गोकश गिरफ्तार, हथियार और गोवंश के अवशेष हुए बरामद

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो गोकशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध हथियार और गोवंश के अवशेष बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक थाना मसूरी पुलिस ने दो गोकश को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 1 तमंचा, 1 खोखा और 1 जिंदा कारतूस, 1 छुरा, 1 बांक तथा गोवंश के अवशेष बरामद किए है।

एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि गाजियाबाद के थाना मसूरी में 4 जनवरी को एक गाय चोरी होने की सूचना दर्ज कराई गई थी और उस गाय के कुछ अवशेष पास के ही जंगल में बरामद हुए थे। इस मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस ने कई टीमों का गठन किया था। 7 जनवरी को आरोपी फैजान निवासी ग्राम नाहल और इस्तिकार को पुलिस हिरासत में लिया गया था और उनसे पूछताछ की जा रही थी।

एसीपी के मुताबिक पुलिस पूछताछ में इन दोनों बदमाशों ने बताया कि यह घटना में शामिल औजारों को जंगल से बरामद कर सकते हैं। पुलिस इनपर भरोसा करते हुए इन्हें लेकर जंगल की तरफ चली गई। जंगल में पहुंचते ही एक बाउंड्री वॉल के पास इन्होंने पहले से छुपा कर रखे तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जिसके बाद पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए।

पुलिस को उनके पास से एक अवैध तमंचा एक जिंदा और एक खोखा कारतूस के साथ-साथ गोवंश के कुछ अवशेष भी बरामद हुए हैं। घायल बदमाशों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है और उनके पुराने आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

राहगीरों के मोबाइल लूटने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल

नोएडा। एफएनजी कट के पास सोमवार देर रात सेक्टर-113 पुलिस की राहगीरों के मोबाइल लूटने वाले बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसके पास से लूट और चोरी के पांच मोबाइल, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि सेक्टर-113 थाने की पुलिस एसीपी ट्विंकल जैन की अगुवाई में एफएनजी कट के पास संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ककराला की तरफ से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस को चेकिंग करते देखकर व्यक्ति तेज कदमों से अचानक पीछे मुड़कर चलने लगा। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस टीम ने उसका पीछा किया तो वह झाड़ियों में छिप गया। पुलिस को अपनी तरफ आता देखकर आरोपी ने फायर झोंक दिया। अचानक से चली गोली की आवाज सुनकर पुलिस टीम पीछे हट गई। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान दिल्ली के नरेला निवासी 29 वर्षीय कुलदीप तिवारी के रूप में हुई। उसके पास से लूट के पांच मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुछ समय पहले उसने सेक्टर-113 थाना क्षेत्र में भी एक व्यक्ति का मोबाइल लूटा था। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर-113 थाने में केस भी दर्ज कराया था। पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि उसने नोएडा के अलावा दिल्ली में भी मोबाइल चोरी और लूट की कई वारदात की हैं। घायल बदमाश के अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

आशीर्वाद

बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते पूर्व विधायक भीष्म शर्मा

सम्पादकीय

दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बनता मध्य प्रदेश

अगर देश के किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आजादी नहीं पहुँची। वह गाँव आजाद नहीं है ह्व आजादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल कि ले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है? कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं? दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है। इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है। एक तरफ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्ट डी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं। दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्य प्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं लेकिन सरकार चुप्पी साधे है। सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्या चार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं। हम जानते हैं कि प्रदेश में दलित आदिवासियों की संख्या ज्यातदा है। वे प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र में निवासरत हैं। इन्हेंद भी आत्म सम्मांन के साथ जीने का अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेडदारी बनती है कि वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। लेकिन रोज आदिवासियों के शोषण की घटनाओं से तो यही लगता है कि भाजपा सरकार इन्हें अपना वर्ग मानती ही नहीं है। अगर हम नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 2021 में प्रदेश में एससी/एसटी एक्ट के तहत 02 हजार 627 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दलितों पर अत्याचार के 07 हजार 214 मामले दर्ज किए गए। ऐसे कई मामले सामने आए जो देश भर में चर्चा का विषय बने। इनमें सबसे ज्यादा सीधी के पेशाब कांड को लोग जानते हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब कर रहा था। दलितों पर अत्याचार के कई दूसरे मामले भी सामने आए जब मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासियों के साथ अत्याचार किया गया था। दलितों और आदिवासियों के लिए काम करने वाले लोगों का मानना है कि इस तरह से यदि इनकी अस्मिता और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा तो इनकी स्थिति और बदतर हो जाएगी। मध्य प्रदेश पहले ही महिला अत्याचार के मामलों के कारण शर्मसार होता रहा है। एसटी क्राइम रेट में एनसीआरबी की रिपोर्ट एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचारों के 2979 मामले सामने आए जो कि पिछले साल के क्राइम के मुकाबले में 13 फीसदी अधिक थे। इसमें तीन साल से प्रदेश टॉप पर बना हुआ है। 2, 521 मामलों के साथ राजस्थान दूसरे और 742 मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है।

सांस्कृतिक परम्पराओं के चलते पूरे विश्व में अपना विशेष स्थान बनाता भारत

आर्थिक क्षेत्र में प्रगति की दृष्टि से भारत की अपनी विशेषताएं हैं, जो अन्य देशों में नहीं दिखाई देती हैं। उदाहरण के लिए भारत में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों एवं मेलों आदि में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं द्वारा न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से इन मेलों/कार्यक्रमों में भाग लिया जाता है बल्कि इन श्रद्धालुओं द्वारा इन स्थानों पर किये जाने वाले खर्च से स्थानीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित करने में भी अपना योगदान दिया जाता है। इसी प्रकार, धार्मिक पर्यटन भी केवल भारत की विशेषता है। प्रतिवर्ष करोड़ों परिवार धार्मिक स्थलों पर, विशेष महुरतों पर, पूजा अर्चना करने के लिए इकट्ठा होते है। जम्मू में माता वैष्णोदेवी मंदिर, वाराणसी में भगवान भोलेनाथ मंदिर, अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर, उज्जैन में बाबा महाकाल मंदिर, दक्षिण में तिरुपति बालाजी मंदिर आदि ऐसे श्रद्धास्थल है जहां पूरे वर्ष भर ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। प्रत्येक 3 वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाले कुम्भ के मेले में भी करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु ईश्वर की पूजा अर्चना हेतु प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में पहुंचते हैं। शीघ्र ही, 14 जनवरी 2025 से लेकर 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में महाकुम्भ मेले का आयोजन किया जा रहा है। महाकुम्भ की 44 दिनों की इस इस पूरी अवधि में प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालुओं के भारत एवं अन्य देशों से प्रयागराज पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, इस प्रकार, कुल मिलाकर लगभग 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुगण उक्त 44 दिनों की अवधि में प्रयागराज पहुंचेंगे। करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले इन श्रद्धालुगणों द्वारा इन तीर्थस्थलों पर अच्छी खासी मात्रा में खर्च भी किया जाता है। जिससे विशेष रूप से स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो बल मिलता ही है, साथ ही करोड़ों की संख्या में देश में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होते हैं एवं होटल उद्योग, यातायात उद्योग, पर्यटन से जुड़े व्यवसाय, स्थानीय स्तर के छोटे छोटे उद्योग एवं विभिन्न उत्पादों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यापारियों के व्यवसाय में भी अतुलनीय वृद्धि होती दिखाई देती है। इसी प्रकार, भारत में विवाहों के मौसम में सम्पन्न होने वाले विवाहों पर किए जाने वाले भारी भरकम खर्च से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। वर्ष 2024 के, मध्य नवम्बर से मध्य दिसम्बर के बीच, भारत में 50 लाख विवाह सम्पन्न हुए हैं। उक्त एक माह की अवधि के दौरान सम्पन्न हुए इन विवाहों पर भारतीय परिवारों द्वारा 7, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में सम्पन्न हुए विवाहों पर 5, 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया था। उक्त वर्णित 50 लाख विवाहों पर औसतन प्रति विवाह 14, 000 डॉलर, अर्थात लगभग 13 लाख रुपए की राशि का खर्च किया गया है एवं 50, 000 विवाहों पर तो एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि का खर्च किया गया है। भारत में प्रति विवाह होने वाला औसत खर्च, परिवार की औसत प्रतिवर्ष की कुल आय का तीन गुणा एवं देश में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के 5 गुणा के बराबर रहता है। भारत में विवाहों पर पूरे वर्ष में कुल 13, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। चीन में प्रतिवर्ष विवाहों पर 17, 800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आगामी वर्ष में भारत, विवाहों पर किए जाने वाले खर्च की दृष्टि से, चीन को पीछे छोड़कर पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ विवाह सम्पन्न होते हैं। भारत में सर्दियों के मौसम को विवाहों का मौसम कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं हैं क्योंकि पूरे वर्ष भर में सम्पन्न होने वाले विवाहों में से लगभग 50 प्रतिशत विवाह सर्दियों के मौसम में ही सम्पन्न होते हैं।

क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ तितियाल और दर्जनों एम्स

आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना झ्रजाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है। एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधी जी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं, उससे समझ आ जाता है कि ये सामान्य अस्पताल तो नहीं है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए।

डॉ. आर.के. सिन्हा
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियों बहुत वायरल हो रहा था, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अपने साथियों और रोगियों के साथ घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम है। दरअसल प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से अपने मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है। देखिए, किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से ड्रॉ तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमा पूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं। वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दशार्ते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरूआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (डउळ) और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है। डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं। उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरूआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस, एमएस, एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्व विख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ.दीपक चोपड़ा, शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, गंगा राम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के मौजूदा डायरेक्टर डॉ.रणदीप गुलेरिया, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल, डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है।

कांग्रेस के पापपूर्ण कृत्यों का परिणाम है यूनियन कार्बाइड का कचरा

यहां तक कि उसे भारत लाने की प्रक्रिया को काफी महंगा बताकर मामले से पल्ला झाड़ने का प्रयास किया जाता रहा। गौर से देखा जाए तो विश्व की सबसे बड़ी गैस त्रासदी के लिए कांग्रेस भी उतनी ही जिम्मेदार है, जितना कि मृत हो चुका वारेन एंडरसन। क्योंकि कांग्रेस की वजह से ही वैश्विक सुरक्षा मानकों से अनेक समझौते हुए और यूनियन कार्बाइड को भोपाल में प्राण घातक संयंत्र लगाने की अनुमति मिली। जब हजारों लोग उसकी जहरीली गैस से मृत्यु को प्राप्त हो गए, तब इसी कांग्रेस के संरक्षण में मुख्य अपराधी वारेन एंडरसन को भारत से बाहर भागने में सफलता मिली।

डॉ. राघवेन्द्र शर्मा
लेखक

कांग्रेस और कांग्रेसी नेता वर्तमान समय में जिस प्रकार की हरकतें सार्वजनिक रूप से कर रहे हैं, उन्हें देखकर हंसी भी आती है और बेहद आश्चर्य भी होता है। आजकल इन लोगों ने यूका यानि कि ह्लयूनियन कार्बाइडह्व के कचरे को लेकर आसमान सिर पर उठा रखा है। यह लोग मालवा क्षेत्र के पीथमपुर में इस कदर हाय-तौबा मचा रहे हैं, मानो जनता का इनसे बड़ा शुभचिंतक और कोई है ही नहीं। उनकी इस कार्यशैली पर एक किस्सा याद आता है। एक जेब कतरा किसी व्यक्ति की जेब काट कर भाग रहा था। जिसकी जेब कटी थी उसने जेबकतरे को जेब काटते हुए देख लिया और वह चिल्ला पड़ा-चोर-चोर पकड़ो-पकड़ो। ध्यान आकर्षित होने पर अन्य लोग भी उस जेबकतरे को देखकर चिल्लाने लगे-चोर-चोर पकड़ो-पकड़ो। अब जेब कतरा समझ गया कि अकल से काम नहीं लिया गया तो वह जल्दी ही जनता के हाथ लग जाएगा और फिर उसकी मिट्टी पलीद होना तय है। तभी उसने जुगत लगाई और खुद भी चोर-चोर, पकड़ो-पकड़ो चिल्लाने लगा। नतीजा यह हुआ कि जो लोग चोर-चोर, पकड़ो-पकड़ो चिल्लाते हुए उसकी ओर आ रहे थे, वह असमंजस में पड़ गए। क्योंकि अभी तक वह जिसे जेब कतरा समझ रहे थे और जो वाकई में जेब कतरा था, वह खुद भी अब उनसे भी ज्यादा जोर से चोर-चोर, पकड़ो-पकड़ो चिल्ला रहा था। जेब कतरे द्वारा खड़े किए गए भ्रम के चलते लोग समझ नहीं पा रहे थे कि अब तक वह जिसे चोर समझ रहे थे, सही मायने में वही चोर है भी या फिर कोई और! बस जनता की इसी ऊहापोह का फायदा उठाकर जेब कतरे ने सबका ध्यान भटका दिया और खुद साफ-साफ बच निकला। यूनियन कार्बाइड के मामले में भी कांग्रेस और कांग्रेसी नेताओं का चरित्र बिल्कुल उस जेब कतरे के जैसा है, जिसने वास्तव में जेब काटी थी। लेकिन अपनी धूर्तता के चलते वह लोगों का ध्यान भटकाने में सफल हो गया था। लिखने का आशय यह है कि यूनियन कार्बाइड के जिस जहरीले कचरे को लेकर कांग्रेस चीख पुकार मचा रही है, दरअसल यह जहरीला कचरा उसी की देन है और स्पष्ट रूप से लिखा जाए तो यह कांग्रेस और कांग्रेसियों के पाप पूर्ण कृत्यों का ही फल है, जिसका सामना मध्य प्रदेश की जनता को चार दशकों से करना पड़ रहा है। जिसके चलते मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय द्वारा यूनियन कार्बाइड के कचरे को ठिकाने लगाने का आदेश पारित करना पड़ा। न्यायालयीन आदेश के पालन में मध्य प्रदेश सरकार आम आदमी की कुशलता को ध्यान में रखते हुए उस जहरीले कचरे को अंततः खत्म करने की मशक्कत कर रही है। अब जब सुरक्षित संसाधनों की उपलब्धता के चलते पीथमपुर में उक्त जहरीले कचरे की समाप्ति की जा रही है, तब कांग्रेस अपना पाप छुपाने के लिए पूरी बेशर्मी के साथ मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार को लांछित करने का हास्यास्पद कृत्य करती दिखाई दे रही है। कौन नहीं जानता वर्ष 1984 में मध्य प्रदेश के हर शहर और गांव में एक नारा गूंजा करता था। भोपाल की गलियां सूनी हैं, अर्जुन सिंह खूनी है। जनता द्वारा यह नारा अकारण ही नहीं लगाया गया था। दरअसल वह व्यक्ति मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ही थे जो तत्समय प्रदेश की कांग्रेस सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। इतिहास में बेहद स्पष्ट रूप से यह सच्चाई दर्ज है कि उन्ही ने यूनियन कार्बाइड के मुख्य कर्ताधर्ता और इस खूनी कारखाने के सीईओ वारेन एंडरसन को विशेष वायुयान द्वारा यहां से भगाने में मुख्य भूमिका निभाई थी। तब पुलिस और प्रशासन के दो वरिष्ठ अधिकारी सरकारी वाहन से वारेन एंडरसन को देश की जनता से बचाकर उक्त विशेष विमान तक स्वयं पहुंचाने गए थे। कौन नहीं जानता कि मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने यह पाप पूर्ण कृत्य तत्कालीन कांग्रेस शासित केंद्र सरकार के इशारे पर किया था। बाद में जब यह मामला मीडिया के हाथ में गया और न्यायालयीन हस्तक्षेप के चलते जांच आगे बढ़ी, तब वो सभी गफलतें निकलकर सामने आने लगीं, जिनसे पता चला कि कैसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अपने निजी स्वार्थों के चलते, यूनियन कार्बाइड को सुरक्षा संबंधी वैश्विक नियमों को ताक पर रखकर, भोपाल में जानलेवा संयंत्र लगाने की अनुमति सहज ही प्रदान कर दी थी। 1984 में जब यह यूनियन कार्बाइड हजारों बच्चों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों की मौत का कारण बना, तो सबसे बड़ा पाप यह किया गया कि जिस वारेन एंडरसन को बंदी बनाकर गैस पीड़ितों और इस आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक राहत पहुंचाई जा सकती थी, उस अपराधी को कांग्रेस सरकार के संरक्षण में देश से बाहर भगा दिया गया। गैस कांड के समय भोपाल के कलेक्टर रहे मोती सिंह ने अपनी किताब भोपाल गैस त्रासदी का सच में उस सच को भी उजागर किया, जिसके चलते वारेन एंडरसन को जमानत देकर भगाया गया। मोती सिंह ने अपनी किताब में पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए लिखा कि वारेन एंडरसन को मध्य प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुखिया और मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के आदेश पर छोड़ा गया था। वारेन एंडरसन के खिलाफ पहली एफआईआर गैर जमानती धाराओं में दर्ज थी। इसके बाद भी उसे जमानत देकर छोड़ दिया गया। एक बार जो वह भारत से बाहर निकल पाया फिर कभी लौटकर नहीं आया। आरोप तो यह भी हैं कि कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकारों ने उसे अमेरिका से भारत लाने के लिए गंभीर प्रयास तक नहीं किये।

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नया वायरस नहीं है- इस वायरस में सर्दी जुकाम की दवाईयां होती है इस्तेमाल

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

चीन की नया वायरस संक्रमण ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से पूरी दुनिया में भयभीत हो गया है और लोग सतर्क भी हो गए हैं। यह वायरस श्वसन तंत्र पर हमला करता है और शुरू में फ्लू (बुखार) जैसे लक्षण दिखते हैं। इस वायरस से ग्रसित व्यक्ति में से किसी-किसी मरीज की स्थिति नाजुक हो जाती है ।चीन कोरोना वायरस की जानकारी न देकर पूरी दुनिया को गुमराह किया था। ठीक उसी तरह ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के बारे में भी पूरी गोपनीयता बनाये हुए है। लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के संबंध में जानकारी मिल रही है। सर्वविदित है कि चीन से आसानी से कोई भी सूचना पाना मुश्किल है, क्योंकि वह सूचनाओं को हरसंभव ढंग से छिपाता है और आधिकारिक रूप से वह ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संबंध में अभी भी पूरी गोपनीयता बरत रहा है, जबकि उत्तरी चीन के अस्पतालों में इस वायरस संक्रमण के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से बढ़ रहा है। इतना ही नहीं बल्कि संक्रमित व्यक्ति किसी सामान को हाथ लगाता है और उस सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छु दे, तो भी संक्रमित होने का खतरा बताया जा रहा है। भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के अब तक छह मामले सामने आए हैं। इनमें दो बेंगलूरु (कर्नाटक), दो तमिलनाडु, एक गुजरात और एक पश्चिम बंगाल का है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बेंगलूरु में तीन महीने की संक्रमित बच्ची को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि आठ महीने के बच्चे का इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर है। जबकि दोनों बच्चों की इंटरनेशनल ट्रैवेल हिस्ट्री नहीं है, लेकिन ब्रोन्को न्यूमोनिया की मेडिकल हिस्ट्री है। चिंता की बात यह है कि पांच साल पहले दुनिया में तबाही मचाने वाले कोविड वायरस की उत्पत्ति भी चीन के वुहान से मानी जाती रही है। हालांकि चीन ने कभी इसे स्वीकार नहीं किया है। सूत्रो की माने तो चीन की सरकारी न्यूज वेबसाइट ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, उत्तरी चीन के क्षेत्र के अतिरिक्त बीजिंग, दक्षिण पश्चिमी शहर चोंगकिंग, दक्षिणी चीन के गुआंगदोंग प्रांत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) वायरस का वजूद है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) कोई नया वायरस नहीं है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस बात को स्पष्ट किया है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इसकी पहली बार पहचान 2001 में हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से घबराने की जरूरत नहीं है। भारत सांस संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) सांस से संबंधित बीमारी का वायरस है। इससे संक्रमित मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। चीन के रोग नियंत्रण और रोकथाम केन्द्र के अनुसार ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और घरघराहट शामिल है। ऐसी स्थिति में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से संक्रमित व्यक्ति को टिशू पेपर और रूमाल का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। स्वस्थ्य लोगों के साथ नजदीकी संपर्क, तौलिया आदि का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। संक्रमित व्यक्ति को बार-बार आंख, नाक और मुंह को नहीं छूना चाहिए और सार्वजनिक स्थानों पर थूकना भी नहीं चाहिए। संक्रमण को कम करने के लिए कमरों में वेंटिलेशन की व्यवस्था करना चाहिए और घर पर रहना चाहिए और दूसरों से नही मिलना चाहिए। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से बचाव स्वस्थ्य लोगों को खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को रूमाल या टिशू पेपर से ढकना चाहिए। अपने हाथों को लगातार साबुन और पानी या अल्कोहल बेस्ड सैनिटाइजर से धोना चाहिए। भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचना चाहिए। बुखार, खांसी और छींक आ रही हो तो सार्वजनिक स्थानों से दूरी बनाकर रखना चाहिए और खूब पानी पिना चाहिए और पौष्टिक भोजन करना चाहिए। भारत के चिकित्सकों का मानना है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) कोई नया वायरस नहीं है। सर्दियों के समय में इस तरह के संक्रमण के मामले आते हैं। इसमें सर्दी जुकाम के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाएं दी जाती हैं।

योगी सरकार के दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुंभ का संदेश जन-न तक पहुंचाने के लिए निकली स्वच्छता रथ यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

महाकुंभ नगर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सरकारी एजेंसियां, जनप्रतिनिधि से लेकर शहर के सभी नगरवासी प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छ महाकुंभ का संदेश लेकर शहर में स्वच्छता रथ यात्रा का आयोजन इसी का हिस्सा है, जिसमें बड़ी संख्या में जन सहभागिता देखने को मिली।

महाकुंभ नगर का रास्ता प्रयागराज शहर से होकर गुजरता है। ऐसे में महाकुंभ आने वाले सभी श्रद्धालु और पर्यटक जब शहर के बीच से गुजरेंगे तब उन्हें स्वच्छ प्रयागराज की झलक भी देखने को मिले, इसी संकल्प को लेकर शहर में स्वच्छता रथ यात्रा निकाली गई।

स्वच्छ महाकुंभ का संदेश देने के लिए निकाली गई इस यात्रा को नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी ने हरी झंडी दिखाकर चौक कोतवाली से रवाना किया।

मेयर गणेश केशरवानी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को लेकर स्वच्छता रथ निकाला गया है। प्रयागराज स्वच्छ, स्वस्थ और अनुशासित हो, इसके लिए यह जन जागरण यात्रा निकाली गई है। लोगों से अपील की जा रही है कि इधर-उधर कूड़ा न फेंके, डस्टबिन का उपयोग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। इसमें स्थानीय नागरिकों का बढ़-चढ़कर सहयोग मिल रहा है

शहर के कोतवाली चौक से स्वच्छता रथ यात्रा नगर निगम प्रयागराज की तरफ से निकाली गई। इसमें एक विशाल स्वच्छता रथ में मां गंगा की भव्य मूर्ति के साथ पेड़ पौधों से सुसज्जित महाकुंभ के प्रतीक साधुओं के स्कल्पचर तैयार किए गए थे। इसे शहर के विभिन्न मार्गों में घुमाया गया। रथ यात्रा का समापन राम भवन चौराहे पर हुआ।

इस स्वच्छता रथ यात्रा में रथ के आगे-आगे विभिन्न रंगों के डस्टबिन लेकर नुक्कड़ नाटक करने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देते हुए लोगों से सूखे और गीले कूड़े को अलग रंग के डस्टबिन का इस्तेमाल करने का संदेश दे रहे थे। रथ यात्रा जहां-जहां से गुजरी, उसका स्वागत किया गया। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में सफाई मित्र और नगर निगम के कर्मी भी मौजूद रहे।

अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान

अयोध्या। दिल्ली विधानसभा के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर सीट पर भी आयोग ने चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। दिल्ली के साथ अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर भी 5 फरवरी को वोटिंग होगी, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। दरअसल, 2022 के विधानसभा चुनाव में अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर समाजवादी पार्टी (सपा) ने विजय पाई थी, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में मिल्कीपुर सीट से विधायक रहे अवधेश प्रसाद सांसद चुने गए। इस जीत को भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया। ऐसे में भाजपा अब मिल्कीपुर सीट पर कब्जा करने के लिए पूरी ताकत से जुटी है। इसी कारण से मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार दौरा कर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में जीत के जरिए लोकसभा चुनाव में मिली हार की भरपाई करने की फिराक में है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों की फौज उतार रखी है। इसके अलावा संगठन के पदाधिकारियों को भी चुनाव मैदान में उतारा गया है। साथ ही खुद भी सीएम योगी लगातार अयोध्या का दौरा कर मीटिंग कर रहे हैं। उधर, समाजवादी पार्टी (सपा) भी इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। पार्टी ने मिल्कीपुर से पहले ही सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे को अपना उम्मीदवार घोषित कर रखा है। अवधेश प्रसाद यहां लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने कहा है कि इस सीट पर सपा अपनी जीत दर्ज करने जा रही है। भाजपा ने विकास रोकने का काम किया। यह बात जनता जानती है। सपा विकास करती है, जबकि भाजपा रोड़ा अटकाती है। मिल्कीपुर से सपा के उम्मीदवार हमारे बेटे अजीत प्रसाद हैं। लोग डिसाइड कर चुके हैं, उन्हें जीतना है। हाल ही में उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव हो चुके हैं, लेकिन मिल्कीपुर का मामला कोर्ट में विचाराधीन होने से उस समय आयोग ने यहां चुनाव नहीं कराया। अब कोर्ट में दायर याचिका का निपटारा हो चुका है। इस कारण यहां चुनाव हो रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

तहसील बार पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

हसनपुर। तहसील बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मंगलवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कहा कि अधिवक्ता साथियों की समस्याओं के समाधान के संग फरियादियों को भी परेशान नहीं होने दिया जाएगा। मंडी समिति परिसर स्थित अस्थायी कोर्ट परिसर में एल्डर कमेटी अध्यक्ष शिवचरन दास ने तहसील बार के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल, महासचिव मदन कुमार राणा, उपाध्यक्ष ओमपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद नवेद, कोषाध्यक्ष उदल सिंह, उप सचिव प्रशासन संजय सिंह, उपसचिव प्रकाशन कुलदीप कुमार, उपसचिव पुस्तकालय तीरथ सिंह, वरिष्ठ सदस्य रविशंकर शर्मा एवं संजय सिंह, कनिष्ठ सदस्य संजीव कुमार, संदीप कुमार एवं नुसरत अली को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष चंद्र सेन अग्रवाल ने कहा जिस उम्मीद के साथ अधिवक्ता साथियों ने उन्हें जिम्मेदारी दी है, उस पर वह खरा उतरेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, एसडीएम सुनीता सिंह, सीओ दीप कुमार पंत, कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता मयंक अग्रवाल, ऋषिपाल सिंह चौहान, नासिर अली, संजय शर्मा, पवन राज, महेंद्र कुमार अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, डा. इसरार खान आदि मौजूद रहे। संचालन मुजाहिद चौधरी ने किया। वहीं, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्था से जुड़ी छात्राओं ने भजन भी प्रस्तुत किए।

प्रकाश पर्व पर हसनपुर में धूमधाम से निकाली प्रभातफेरी

हसनपुर। सिख पंथ के दसवें गुरु श्रीगुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर मंगलवार को नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा के संयोजन में नगर के मोहल्ला कायस्थान गुरुद्वारा परिसर से प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद शबद-कीर्तन का गायन किया गया। गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। इस दौरान ज्ञानी वीरेंद्र सिंह, महेंद्र चावला, हरजीत चावला, संगीता चावला, सरदार चरन सिंह, सरदार हरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, सिम्मी, संतोष, एकता, सिमरन, बबलू, गौरी संदीप, प्रगति आदि रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

हसनपुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के मोहल्ला होलावाला निवासी राजीव मंगलवार को मुरादाबाद जा रहा था। नेशनल हाईवे पर गांव शहवाजपुर डोर के पास पीछे से आए तेज गति अज्ञात वाहन ने राजीव की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार राजीव घायल हो गया। राहगीरों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप ने मामले में तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई करने की बात कही।

सपा की मासिक बैठक आयोजित, संगठन की मजबूती पर जोर

अमरोहा। सपा जिला कार्यालय पर पार्टी जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में समाज का प्रत्येक गरीब एवं पिछड़ा परेशान है। पूर्व विधायक अशफाक अली ने कहा कि भाजपा सरकार के पास रोजगार, शिक्षा व रोजी-रोटी के लिए कोई योजना नहीं है। किसान छुट्टा पशुओं से परेशान हैं, उन्हें अपनी फसल की लागत का वाजिब दाम तक नहीं मिल रहा है। अन्य वक्ताओं ने मिशन 2027 की कामयाबी के लिए अभी से रणनीति बनाने पर जोर दिया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश सचिव ब्रह्म सिंह पवार, पूर्व विधायक जगराम सिंह, जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी, राधेलाल रघुवंशी, कैसर परवेज, संतराम सिंह यादव, मुमताज खां, सर्वेश सैनी, रवि यादव, विपिन कौशिक, योगेंद्र खड़गवंशी आदि मौजूद रहे।

एमएलसी बिछेलाल राजभर से मिला अमरोहा प्रतिनिधि मंडल, जनपद की समस्याओं से कराया रूबरू

प्रात : किरण संवाददाता

मुरादाबाद। सर्किट हाउस सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल एवं एमएलसी बिछेलाल राजभर के प्रथम बार मुरादाबाद मंडल में पधारने पर जनपद अमरोहा के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की। यहाँ जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने जनपद की समस्याओं से एमएलसी को अवगत कराया। दरअसल, मंगलवार को मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुँचे सुभासपा एमएलसी बिछेलाल राजभर ने पार्टी कार्यकताओं से संगठन की मजबूती पर जोर दिया। कहा कि सुभासपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में अपना योगदान दें। क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। कार्यकर्ता के बिना पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से आवाहन किया कि पंचायत चुनाव को लेअर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करें। यदि हमारा बूथ मजबूत होगा तो हम मजबूत होंगे। इसके अलावा उन्होंने जन चौपाल के जरिए पार्टी की रीति-नीति लोगों तक पहुँचाने का आवाहन किया। इस दौरान मंडल सचिव टीवी मोहम्मद यूनुस सैफी, मंडल उपाध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रामपुर पंडित राम अवतार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बाबूराम पाल, विधानसभा अध्यक्ष अमरोहा मोहम्मद नाजिम, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष रवि चौधरी, अमित शर्मा, प्रशांत, मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, मनीष कुमार ,जिला संगठन मंत्री अमित चौधरी, जिला महासचिव आकाश शर्मा , जिला सचिव अशोक सैनी, राहुल ठाकुर कोषाध्यक्ष, जिला कार्यालय प्रभारी प्रशांत सिंह, आशु , उमा आर्य सूचना मंत्री, हर्ष गौतम, प्रिंस लखन ठाकुर, प्रियम सहगल, मोनू सैनी, दीपांशु सैनी, रोहित सैनी, हीरालाल सैनी, नरेंद्र सिंह जिला महासचिव, गौरव कुमार प्रमुख महासचिव, जतिन राय, मोहन राधे, अंकित चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

9 जनवरी को भरे जाएंगे जिलाध्यक्ष पर के लिए नामंकन पत्र

जिला संगठन चुनाव अधिकारी अंजुला सिंह माहौर आएंगी रामपुर

प्रात : किरण संवाददाता



रामपुर। भारतीय जनता पार्टी के रामविहार स्थित कार्यालय पर दिनांक 9 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे रामपुर जनपद में जिला अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए जिला संगठन चुनाव अधिकारी एवं हाथरस विधायक श्रीमति अंजुला सिंह माहौर रामपुर आएंगी और जिला अध्यक्ष के पर्चा भरवाएंगी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष का आवेदन करने के लिए किसी भी व्यक्ति को दो बार का जिले का दायित्व होना अनिवार्य है, साथ ही साथ जिलाध्यक्ष का पर्चा भरने के लिए किसी भी व्यक्ति को चार प्रस्तावकों की आवश्यकता है, प्रस्तावक 20 मंडल अध्यक्षों में से या फिर 20 जिला प्रतिनिधियों में से कोई भी 4 हो सकते हैं। 15 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया जाएगा और प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्तावक जिला अध्यक्ष और प्रांतीय पार्षद होंगे, इसको देखते हुए जिलाध्यक्ष की घोषणा 14 - 15 जनवरी से पहले पहले निश्चित हो जाएगी। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी ने दी।

संभल के लोगों पर अन्याय जारी : अखिलेश

प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और उसे दरारवादी पार्टी करार दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर हिंसा करवाई है और मासूम लोगों पर अत्याचार किया गया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी।

उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है। इनके लिए जीवन का कोई मोल नहीं है। यह एक हृदयहीन पार्टी है, जिसे किसी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। इस सरकार में न्याय मिलना और जनता की सुनवाई होना असंभव है। सपा मुखिया ने कहा कि पीडीए के खिलाफ अन्याय और भ्रष्टाचार के दो पलड़े हैं। उन्हीं के लोग एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ की राजनीति में आपस में लड़ाई चल रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफ सुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया। सीएम योगी पर अखिलेश का तंज

अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी का बिना नाम लिए कहा कि कुंभ में बड़ी संख्या में संत, महात्मा और ऋषि आए हैं। यह एक बड़ा आयोजन है। मैं सभी साधु-संतों और ऋषियों से प्रार्थना करता हूं कि जब वे यहां से जाएं, तो किसी साथी को भी साथ लेकर जाएं। यहां कई लोग ऐसे हैं, जो उन कामों में लगे हैं, जो उन्हें नहीं करने चाहिए। इससे दोनों तरफ का काम प्रभावित हो रहा है।

संभल में सीधे गोली चला दी

इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया, बल्कि सीधे गोली चला दी गई। इस घटना से प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया।

अरुण वर्मा बने ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के संरक्षक एवं अमित वर्मा चुने गये जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। वरिष्ठ समाज सेवी अरुण कुमार वर्मा ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक मनोनीत किये गये तो वहीं उनके सुपुत्र अमित वर्मा भी संगठन के जिला अध्यक्ष चुने गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाने माने वरिष्ठ समाज सेवी और भाजपा एवं व्यापारी नेता अरुण वर्मा को उनकी अपने संगठन और समाज के प्रति कार्यनिष्ठा,लगन और समर्पण की भावना को देखते हुए ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा ने उन्हें ऑल इंडिया स्वर्णकार एसोसिएशन के संरक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है इसके साथ ही उनके सुपुत्र एडवोकेट अमित कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष चुने गये हैं। उनकी इस उपलब्धि पर अरुण कुमार वर्मा के शुभ चिंतकों और परिवार में खुशी और हर्ष का माहौल बना हुआ है ।जिस पर अरुण वर्मा और अमित वर्मा ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समस्त संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वाह वो पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करते हुए सदा संगठन को मजबूत करने का काम करते हुए व्यापारी वर्ग के हित के लिए अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे।

सनातन धर्म को पाश्चात्य संस्कृति से खतरा : गोस्वामी प्रियेन्दु बाबा

गोरखपुर । दानवीर बाबू बालमुकुंद लाल की 151वीं जयंती समारोह के अवसर पर संबोधित करते हुए षष्ठपीठाधीश्वर गोस्वामी प्रियेंदू बाबा ने कहा कि सनातन धर्म को पाश्चात्य संस्कृति से खतरा है। पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हमें अपनी सनातन परंपरा की रक्षा करनी होगी। सनातन हमारा आत्म बल है. इसे बचाने के लिए हमारा एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि देश का नेतृत्व सनातन के महत्त्व को बखूबी समझता है। समाज को भी एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा ।इसकी शुरूआत आप अपने परिवार से करें। बच्चों को सनातन मूल्य से जोड़ने की प्राथमिक जिम्मेदारी उनके अभिभावकों की ही है ।जब हम अपना परिवार बचाएंगे तो सनातन परिवार बचेगा। हमें अपने मूल घर को पहचानना होगा। उन्होंने दानवीर बाबू बालमुकुंद लाल को स्मरण करते हुए कहा कि हमें अपने पूर्वजों के सम्मान से ही उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। हमें अपने पूर्वजों के पद-चिन्हों पर चलने से जीवन को सफलता एवं सार्थकता दोनों अवश्य प्राप्त होगी। बाबू बालमुकुंद लाल पर साक्षात भगवत-बल था, जिसकी बदौलत उन्होंने अपने जीते-जी तो समाज की चहुमुखी सेवा की ही, चैरिटेबल ट्रस्ट बनाकर अपने मृत्योपरांत भी आज तक सेवा कर रहे हैं। बाबू बालमुकुंद लाल चैरिटेबल ट्रस्ट गरीब व बीमार के निशुल्क इलाज के साथ ही लड़कियों की शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य कर रहा है ।बाबू बालमुकुंद लाल के पास अपना वारिस नहीं था, तो उन्होंने डीबी इंटर कॉलेज की स्थापना कर संतान भाव से बच्चों को शिक्षित किया। डीबी इंटर कॉलेज अब तक लाखों छात्रों को शिक्षित कर चुका है। लड़कियों की शिक्षा हेतु रामदेई देवी कन्या इंटर कॉलेज अपने स्थापना काल से ही महिला सशक्तिकरण का कार्य कर रहा है। बनमालीदास चिकित्सालय निःशुल्क चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहा है। मुख्य ट्रस्टी अनंत प्रकाश अग्रवाल व शगुन कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि बाबू बालमुकुंद लाल के सेवा कार्यों को और ऊंचाई दी जाएगी। इसके विकास में हम निरंतर विचार विमर्श व कार्य कर रहे हैं। यह सेवा कार्य ही हमारी शक्ति है और यही बाबू बालमुकुंद लाल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी. विशेष अतिथि के रूप में ओम जालान, एस के अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, इन्द्र रमण दास, अध्यक्ष, बालमुकुंद लाल चैरिटेबल ट्रस्ट,सावित्री दास, मंजुला दास, प्रो. शिवशरण दास, डॉ.आनंद किशोर, रामजी अग्रवाल की उपस्थिति रही। इस अवसर पर शहर के तमाम गणमान्य उद्यमी, शिक्षाविद, चिकित्सक आदि के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नगर पालिका मे युवा उधमी विकास अभियान को लेकर कायार्शाला का आयोजन

युवाओं का भविष्य उज्जवल कर रही है प्रदेश की योगी सरकार: शशि जैन

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। प्रदेश के युवा वर्ग के उत्थान एवं उन्हें रोजगार से जोड़ने एवं उनमे अपने व्यवसाय की रूचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की अति लोकप्रिय एवं लोक कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री युवा उधमी विकास अभियान के बारे मे आम जनमानस एवं युवा व्यवसाइयो को जानकारी देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद अमरोहा मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे चेयरपर्सन शशि जैन मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहीं। कार्यशाला मे नगर पालिका परिषद अमरोहा के सभासद, विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, व योजना के लाभ हेतु युवा वर्ग बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों को योजना के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद अमरोहा के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया की युवा वर्ग के भविष्य सुरक्षित एवं सुनहरा बनाने के उद्देश्य से इस लोक लुभावन योजना आज प्रदेश की सर्वाधिक लोकप्रिय योजनाओं मे स्थान बना चुकी है अमरोहा नगर के ऐसे युवा जो अपने व्यापार के सपने संजो रहे हैं उनके सपनो को पूरा करने के लिए ये योजना वरदान साबित होंगी। इसके उपरांत जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उधमिता विकास केंद्र अमरोहा के उद्योग उपायुक्त ने योजना आरम्भ किये जाने का उद्देश्य, योजना के लाभ लिए जाने हेतु अहताएं एवं योजना के पंजीकरण के बारे मे विस्तार से जानकारी दी तथा उपस्थित आमजन की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया। अंत मे चेयरपर्सन शशि जैन द्वारा अपने सम्बोधन मे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा युवाओं के भविष्य उज्जवल करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए आरम्भ की गयीं इस योजना पर धन्यवाद किया एवं सभी युवाओं एवं अपने व्यापार का इरादा करने वाले लोगो से इस योजना का लाभ लिए जाने का आह्वान किया। बैठक मे पालिका सभासद, विभिन्न व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, पालिका स्टॉफ एवं आमजन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

किसानों को नई कृषि विधियां दे रही उड़ान, किसान सम्मानित

बागपत। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कृषि की नई तकनीक की जानकारी कार्यशाला में दे रहे हैं। प्रगतिशील किसानों की कृषि विधियों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विकास खंडों पर कृषि संगोष्ठियों में मृदा स्वास्थ्य कार्ड और सॉयल टेस्टिंग पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे किसान सम्मानित भी किए जा रहे हैं। कृषि विभाग ओर कृषि विज्ञान केंद्र खेकड़ा में एक दिवसीय उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेता प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस का मुख्य उद्देश्य गन्ने की खेती में संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और समेकित रोग व कीट प्रबंधन के बारे में किसानों और कीटनाशक विक्रेताओं को जागरूक करना था। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने गन्ना उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण किया और कार्यशाला में उपस्थित कीटनाशक विक्रेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गन्ने की बेहतर पैदावार और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किसानों को सही और प्रमाणित कीटनाशकों का उपयोग करना चाहिए।

सपा नेता के मैरिज हाल पर चला बुलडोजर

कन्नौज। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष के बालापीर मोहल्ले में बने अवैध मैरिज हाल को मंगलवार को बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया गया । इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर रामकेश के साथ पालिका कर्मियों सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। उप जिलाधिकारी रामकेश के अनुसार समाजवादी पार्टी नेता ने पार्टी की सरकार के दौरान सड़क पर अवैध कब्जा करके मैरिज हाल का निर्माण कराया था। उप जिलाधिकारी रामकेश भारी पुलिस बल के साथ सुबह पहुँच गये और जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण ढहाना शुरू करवा दिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका की ओर से सपा नेता को नोटिस दिए गये लेकिन उन्होंने अवैध कब्जा नहीं हटाया। अवैध निर्माण को लेकर पुरातत्व विभाग एवं मास्टर प्लान कार्यालय ने भी कई बार नोटिस भेजा। 14 नवम्बर 2024 को प्रशासन की ओर से सपा नेता कैश खां को ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया गया था। प्रशासन ने तीन दिन का समय अतिक्रमण हटाने के लिए दिया था और इसी दौरान सपा नेता ने अदालत से स्थगन आदेश ले लिया, जिससे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रुक गई। स्थगन आदेश की सीमा खत्म होने के बाद आज मंगलवार को प्रशासन ने अवैध निर्माण ढहा दिया।

सम्पत्ति को लेकर बेटों ने वृद्ध पिता की हत्या की

सुलतानपुर। जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के हनीफ नगर में सम्पत्ति की खातिर बेटों ने वृद्ध पिता की कथित रूप से धारदार हथियार से हत्या कर दी । पुलिस के मुताबिक हनीफ नगर मोहल्ला निवासी अब्दुल हमीद (65) रोज की तरह मंगलवार सुबह घर से टहलने निकले थे। जब वह चौराहे से घर के लिए लौटे तो घात लगाकर बैठे बेटों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वृद्ध अब्दुल हमीद गिरकर तड़पने लगे। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई लेकिन तब तक आरोपी लड़के भाग निकले थे। मोहल्ले वाले जब उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। आरोपियों के चचेरे भाई मोहम्मद खुर्शीद ने बताया कि मुन्ना, डब्बल और बाबू ने अपने पिता को मारा है। मृतक अपने बेटे पप्पू के साथ रहते थे। उसने यह भी बताया कि बंटवारे को लेकर पिता-पुत्रों में विवाद चल रहा था। उनके पिता ने अभी कुछ जमीन बेची थी और आरोपी उसमें हिस्सा मांग रहे थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद में पुत्रों ने पिता की हत्या की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तारी किया जाएगा।

उप्र : आंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात लोगों ने तोड़ी, मामला दर्ज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के अनेई-नथईपुर मार्ग पर स्थित लछिरामपुर में लगी बाबासाहेब डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार को सुबह ग्राम निवासियों ने इसकी सूचना बड़ागांव पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालों की खोज की जा रही है। बड़ागांव थानाध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि बड़ागांव थाना क्षेत्र के अनेई- नथईपुर मार्ग पर स्थित लछिरामपुर में लगी बाबासाहेब डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा को सोमवार की रात को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दी। सुबह जब ग्रामवासियों को इस बात की खबर लगी तो वे घटना स्थल पर इकठ्ठा हो गए। ग्रामवासियों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत और तीन अन्य घायल

बलिया। बलिया जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार रात बैरिया थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव की है जहां एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर ने बताया कि हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान हरे राम (55) नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बाकी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरेली में तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, एक युवक गिरफ्तार

बरेली। बरेली जिले के एक गांव में तीन वर्षीय बच्ची से पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि आरोपी युवक आसिफ (20) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार दोपहर छावनी थाना क्षेत्र के एक गांव की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी आसिफ, टॉफी का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया और कथित तौर पर उससे दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि जब काफी देर तक बच्ची वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि अपराह्न कर

संक्षिप्त खबरें

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने सुनी जनता की समस्याएं, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

वाराणसी, । जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने दूरभाष पर अधिकारियों से बातचीत कर यह सुनिश्चित करने को कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और इसका समाधान समय सीमा के भीतर हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। जनसुनवाई के दौरान आए लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द ही ठोस कदम उठाएगा।

रमेश बिधूड़ी के खिलाफ यूपी महिला कांग्रेस ने थाने में दी तहरीर

लखनऊ, । भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रियंका गांधी के खिलाफ अमर्यादित, अभद्र बयान के खिलाफ उप्र कांग्रेस की महिला शाखा ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। महिला कांग्रेस ने कहा कि असल में भाजपा के तमाम नेताओं द्वारा समय-समय पर देश की आधी आबादी के लिए इस तरह के घटिया बयान दिये जाते रहे हैं, यही भाजपा का वास्तविक चाल चरित्र और चेहरा है। प्रदेश कांग्रेस महिला प्रभारी शहला असरकारी ने कहा कि बिधूड़ी द्वारा प्रियंका गांधी के लिए दिये गये आपत्तिजनक बयान से पूरे देश के कांग्रेसजनों में रोष है। आज उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव एवं उरूषा राणा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हजरतगंज थाने पहुंचा और वहां जिम्मेदारी अधिकारियों से मिलकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। इस मौके पर सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, हुस्नआरा, सिद्धि श्री, डॉ0 रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, विभा त्रिपाठी, सुमन प्रजापति, मीना रावत आदि महिला कांग्रेस की पदाधिकारी मौजूद रही।

घरेलू सहायिका का मोबाइल फोन लूटा

नोएडा, । सेक्टर-78 से बरौला जा रही घरेलू सहायिका मुनीमा बेबी का मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गया। वारदात के बाद मुनीमा बदमाश के पीछे भागी थीं, लेकिन तब तक वह फरार हो गया। जिस समय महिला का मोबाइल लूटा गया, वह अपने पति से बात कर रही थी। पीड़िता शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस बदमाश की तलाश कर रही है। बदमाश की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

फरीदाबाद : जेल में नशा सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में पुलिस ने जेल में बंद कैदियों को नशा सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जो जेल में कैदियों को कंप्यूटर सिखाने का काम करता था। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया पकड़े गए आरोपी की पहचान दिव्यदर्शन निवासी गांव निगाना रोहतक के नाम से हुई है। जो नीमका जेल में कैदियों को कंप्यूटर सीखा का काम करता था। आरोपी ने पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपी मनीष को सुल्फा उपलब्ध कराया था। आरोपी मनीष से 20 ग्राम सुल्फा बरामद किया गया था। इसके संबंध में थाना सदर बल्लभगढ़ में 12 सितंबर को नशा तस्करी व प्रिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी दिव्यदर्शन को मामले में अधिक जानकारी के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर भागा बदमाश

नोएडा, । शहर निवासी पारस यादव ने अपनी बाइक फेसबुक मार्केट पैलेस पर लिस्ट की थी। बाइक की बिक्री को लेकर फेसबुक पर अजय सिंह चौहान से उसकी बात हुई। अजय बाइक देखने के लिए सेक्टर-45 के पास आया और बाइक को टेस्ट ड्राइव के लिए ले गया, लेकिन लौटा ही नहीं। आरोपी का मोबाइल भी अब बंद आ रहा है। पुलिस केस दर्ज आरोपी की तलाश कर रही है।

समझौते का दबाव बनाने के लिए धमकी

ग्रेटर नोएडा, । जेवर क्षेत्र के गांव में एक घर पर हवाई फायरिंग करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पूर्व में दर्ज एक मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने के लिए आरोपी के भाई ने पीड़िता के घर पहुंचकर गाली-गलौज की और धमकी देते हुए हवाई फायरिंग की। आरोपी के भाई ने पीड़ित परिवार की बेटी के साथ गलत काम किया था।

अखिलेश बोले- सत्ता में आए तो संभल में हुई घटना की कराएंगे जांच

प्रात : किरण, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि भाजपा एक दरारवादी पार्टी है। ये भाईचारे के पक्ष में नहीं हैं। भाजपा के दो पलड़े हैं, एक पीडीए के खिलाफ अन्याय और दूसरा भ्रष्टाचार। कभी किसी का पलड़ा भारी तो कभी किसी का। इसी असंतुलन को छिपाने के लिए संभल जैसी घटना हुई है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में संभल गए अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रेस वार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि वहां लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है। निदोर्षों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। यह पूरी घटना सरकार ने अधिकारियों के माध्यम से कराई है। हमारी मांग है कि ऐसे दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। सत्ता में आने पर इसकी पुनः जांच कराकर कार्रवाई करेंगे। भाजपा एक दयहीन पार्टी है उन्होंने आरोप लगाया कि कोई नहीं जानता कि वहां के जिलाधिकारी के ऊपर क्या दबाव है। वो अब भी संभल में अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक कार्रवाई कर रहे हैं। सपा के लोग पीड़ितों से मिले तब जाति के आधार पर अधिकारियों का निलंबन किया गया। संतुलन बनाने के लिए एक और निलंबन कर दिया गया। भाजपा एक हृदयहीन पार्टी है। इतनी बड़ी घटना पर भी किसी के लिए कोई सहानुभूति नहीं है। आज हालात ये है कि उनके अपने लोग किस सीमा तक एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। ब्रजेश पाठक पर कसा तंज लखनऊ वाले दिल्ली पर और दिल्ली वाले लखनऊ वालो पर आरोप लगा रहे हैं। भ्रष्टाचार छिपाने के लिए ये जान ले सकते हैं। बरेली में लेखपाल के शरीर का एक हिस्सा मिला, एक नहीं। बिना नाम लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर तंज कसते हुए कहा कि एक व्यक्ति ऐसे हैं जो भ्रष्टाचार पर श्लोक सुनाते हैं। पूरा स्वास्थ्य विभाग किस हालत में है ? दवा इलाज से लेकर सबमें भ्रष्टाचार है। खोदने वाले लोग रुकने वाले नहीं हैं। आगरा में एएसआई की संरक्षित बिल्डिंग को गिरा दिया गया। सपा के लोगों ने आवाज उठाई तो काम रोका गया। ठेकेदार पर मुकदमा हो गया है। सुना है वो फरार है। ठेकेदार विक्रमादित्य मार्ग और कालिदास मार्ग के आसपास ही कहीं है। ठेकेदार अधिकारियों के साथ मिलकर बड़ा काम करना चाहता था।महाकुंभ में देश भर से संत महात्मा और गुरू बड़ी संख्या में आए हैं। उन सबसे प्रार्थना है कि वो जाएं तो अपने साथ किसी और को भी लेते जाएं। अखिलेश यादव का इशारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर था। भाजपा विधायक नन्द किशोर गुर्जर के लगाए जा रहे गाय काटे जाने के आरोप पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस बात का दुख है कि मुरादाबाद में एक नौजवान को ऐसे ही आरोप में मार दिया गया। उनका विधायक अब ऐसे आरोप लगा रहा है तो ये सनातनी मुख्यमंत्री क्या कर रहे हैं? मैं उन विधायक से कहता हूं कि मुख्यमंत्री आवास आइए। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा कह रही है कि कुंदरकी जीत लिया अब मिल्कीपुर की बारी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर सबसे निष्पक्ष उपचुनाव होने वाला है। लोहिया इंस्टीट्यूट सहित कई संस्थानों में के ही संस्थाओं के 200 से 250 लोग नौकरी पा गए हैं। किसी भी संस्थान का वीसी बनने के लिए उसका आरएसएस का सदस्य होना जरूरी है। नकारात्मक बातें करना डरे हुए लोगों की पहली निशानी, अखिलेश यादव का सीएम योगी के बयान पर पलटवार।

चलती गाड़ी में आग लगी, दो लोगों ने कूदकर जान बचाई

प्रात : किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । परी चौक के समीप मंगलवार की सुबह सड़क पर दौड़ रही बोलेरो गाड़ी में आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी को साइड में रोका और नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। गाड़ी में सवार एक अन्य व्यक्ति भी समय रहते गाड़ी से नीचे कूद गया। फायर विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। नॉलेज पार्क थाना पुलिस के मुताबिक जेवर के रहने वाले दो लोग मंगलवार की सुबह अपनी बोलोरो गाड़ी से किसी काम से ग्रेटर नोएडा की तरफ आ रहे थे। परी चौक के समीप उनकी चलती गाड़ी में आग लग गई। बोलेरो गाड़ी में आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी को साइड में रोका और नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। इसी बीच गाड़ी कुछ ही देर में आग का गोला बन गई। घटना की सूचना पुलिस द्वारा फायर विभाग को दी गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। सड़क पर बोलोरो गाड़ी में आग लगने से लोगों में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने सभी को दूर रोक दिया। यहां से निकलने वाले वाहनों को भी कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। आग बुझने के बाद यातायात चालू किया गया। आसपास मौजूद राहगीरों और वहां खड़े ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने शोर मचाया। इस बीच चालक ने गाड़ी को साइड में रोका। चालक और उसके साथी ने तुरंत नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। इसी बीच गाड़ी कुछ ही देर में आग का गोला बन गई। घटना की सूचना पुलिस द्वारा फायर विभाग को दी गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। सड़क पर बोलोरो गाड़ी में आग लगने से लोगों में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने सभी को दूर रोक दिया। यहां से निकलने वाले वाहनों को भी कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। आग बुझने के बाद यातायात चालू किया गया।

भोलडा क्षेत्र के खेतों में जलभराव का करवाया जाएगा समाधान : खेल मंत्री गौरव

प्रात : किरण, संवाददाता

पलवल, । युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल एवं कानून और विधायी राज्य मंत्री हरियाणा सरकार गौरव गौतम ने मंगलवार को खादर क्षेत्र के दौरे के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा ग्रामीणों की समस्या के अनुरूप भोलडा गांव के खेतों में भरे के पानी का मौके पर जाकर जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाकर उन्हें निर्देशित करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान करवाएं, ताकि खेतों में जल भराव के कारण फसल खराब न होने पाए। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर ग्रामीणों को खेतों में जल भराव की समस्या से निजात दिलाएं। गांव खादर क्षेत्र के गांव भोलडा के आस-पास के खेतों में माइनर के ओवरफ्लो होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों को खराब नहीं होने दिया जाएगा और ना ही कृषि कार्यों को बाधित होने देंगे। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए खेल मंत्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान करें और प्रभावित क्षेत्रों से पानी निकालने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। खेल मंत्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करें, जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें और किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करें। साथ ही भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनाने पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने किसानों से आह्ववान किया है कि वे स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग करें। सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है। इस मौके पर उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने विभागीय अधिकारियों के साथ जलभराव के खेतों का बारीकी से निरीक्षण किया और सभी को आश्वस्त किया कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करवा दिया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ, एसडीएम ज्योति सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सबसे अग्रिम भूमिका में होगा खादर क्षेत्र : गौरव गौतम

प्रात : किरण, संवाददाता

पलवल, । युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री हरियाणा गौरव गौतम ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गांव-गांव का विकास किया जा रहा है। वर्तमान सरकार प्रत्येक वर्ग के लोगों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार गांव के प्रत्येक विकास और भव्यता के लिए संकल्पित है। इसी के चलते खादर क्षेत्र के गांवों में करोड़ों रुपए के शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। खेल मंत्री मंगलवार को खादर क्षेत्र के गांव कुलैना, भोलडा और सोलडा में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के शिलान्यास करने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लोगों को सुविधाएं देने के उद्देश्य से हर क्षेत्र में विकास कार्य करवा रही है। जिला पलवल में भी विकास का पहिया अब और तेजी से घूमेगा। जिला में गांव की कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए रास्तों का सुंदरीकरण करवाया जाएगा। इसके अलावा जिले का खादर क्षेत्र भी आने वाले समय में अग्रिम भूमिका में होगा। इस दौरान उन्होंने युवाओं से आह्ववान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और स्किल के क्षेत्र में आगे बढकर अपने क्षेत्र, जिला व प्रदेश का नाम रोशन करें। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने जिला के गांव कुलैना में करीब 42 लाख रुपए की लागत से बनने वाली व्यायामशाला, 21 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बारात घर और 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली चौपाल के निर्माण कार्यों के शिलान्यास किए। इसके अलावा उन्होंने गांव भोलडा में करीब 18 लाख रुपए से बनने वाली फिरनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने गांव सोलडा में करीब 37 लाख रुपए की लागत से बनाई जाने वाली फिरनी, पशु अस्पताल की चार दिवारी, करीब 14 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले खेतों के रास्ते, करीब 33 लाख रुपए की लागत से सोलडा मोड से थंथरी गांव के पैंटून पुल तक जाने वाले रास्ते सहित अन्य करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के विधिवत नारियल तोडकर शिलान्यास किए। खेल मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से खादर क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। आने वाले वर्षों में खादर क्षेत्र विकास की दृष्टि से ऊभर पर सामने आएगा। विकास के मद्देनजर इस क्षेत्र में धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विकास के मामले में खादर की तस्वीर बदली हुई नजर आएगी। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने विकास तथा सनातन संस्कृति के कार्य में नियमित कितीर्मान स्थापित कर रही है। उन्होंने सभी लोगों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रमों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, भाजपा जिला महामंत्री बीरपाल दीक्षित, हरेंद्रपाल राणा, विनोद भाटी, मुकेश पटेल, राममिलन सोनी, ललिता रानी, धर्मपाल, कुलैना की सरपंच संगीता, सोलडा के सरपंच राजेश भाटी, भोलडा की सरपंच आरती, बीडीपीओ नरेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग व ग्रामवासी मौजूद रहे।

आत्महत्या मामले में पति पर केस दर्ज

नोएडा, । छलेरा में रहने वाली महिला के आत्महत्या करने में मामले में उसके पति के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। मृतका के भाई ने अपने जीजा पर बहन का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस नामजद आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। संभल के बहजोई निवासी वसीम ने बताया कि उसकी बहन फराह का निकाह बीते साल 26 सितंबर को बरेली निवासी मोहम्मद नाजिम के साथ हुआ था। दोनों वर्तमान में छलेरा के गली नंबर दो में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे। आरोप है कि नाजिद आए दिन उसकी बहन के साथ मारपीट करता था। पति द्वारा किए जा रहे शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न से जब फराह तंग आ गई तो उसने सारी बात अपने भाई को बताई। इसके बाद भी जब पति का जुल्म कम नहीं

फरीदाबाद : ज्वैलरी की दुकान से बीस लाख रुपये लूट ले गए बदमाश

प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । फरीदाबाद की मार्केट में गनपॉइंट पर ज्वेलरी शॉप से 20 लाख के गहने लूट लिए। आधा दर्जन बदमाशों ने मंगलवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे दुकान खोलते ही इस वारदात को अंजाम दिया। उनके पास चाकू और पिस्टल थे। देसी पिस्टल लेकर अंदर घुसे 2 युवकों को देख पहले ज्वेलर ने इसे मजाक समझा, लेकिन 2 और बदमाश अंदर घुसे तो उन्हें इसका पता चला। ज्वेलर ने बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों को पकड की कोशिश की, लेकिन वे उन्हें गिराकर भाग निकले। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फरीदाबाद सेक्टर 7 की मार्केट में तरुण ज्वेलर्स शॉप के मालिक तरूण जैन के भाई विनय जैन ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे उन्होंने दुकान खोली। दुकान खोलते ही 2 युवक देसी पिस्टल लेकर दुकान के अंदर घुस गए। पहले तो उन्हें लगा कि कोई मजाक कर रहा है। इतनी देर में 2 बदमाश चाकू लेकर अंदर घुस गए। विनय जैन ने आगे बताया कि 4 बदमाश चाकू और पिस्टल लेकर अंदर घुसे। 2 बदमाश बाहर बाइक स्टार्ट करके खड़े थे। वे अंदर घुसे बदमाशों का इंतजार कर रहे थे। अंदर घुसे चारों बदमाशों ने हथियारों के बल पर उन्हें बंधक बना लिया। उन्होंने धमकाया कि अगर किसी ने शोर मचाया या कोई हरकत की तो वह गोली मार देंगे। विनय जैन ने बताया कि सबको बंधक बनाने के बाद उन्होंने ज्वेलरी शॉप से 12 किलो चांदी, स्टोन और कैश इकट्ठा किया। वह करीब 20 लाख का सामान उठाकर बाहर भागे। इस दौरान उनके भाई तरूण जैन ने बदमाशों को पकड की कोशिश की लेकिन बदमाश उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा गए और वहां से भाग निकले। नीचे गिरने से तरूण जैन के हाथ में चोट आई है। लूटपाट की शिकायत मिलने के बाद पुलिस तुरंत वहां पहुंची। पूरी शॉप और आसपास के इलाकों को खंगाला गया। ज्वेलर तरूण जैन ने शक जताया कि उनकी दुकान को बदमाश पूरी तरह से जानते थे। इससे उन्हें शक है कि दुकान और फरारी के रास्तों की पहले रेकी की गई थी। फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ-साथ क्राइम ब्रांच और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची थी। फिलहाल ज्वैलर के बयान दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की कई टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में घुसकर मारपीट करने वाला गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, । पुलिस ने सेक्टर अल्फा-2 स्थित प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में घुसकर मारपीट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। युवती को नौकरी से निकाले जाने को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी के चलते मारपीट की गई। सेक्टर अल्फा-2 में घोड़ी बछेड़ा गांव के रहने वाले विष्णु रावल का दफ्तर है। विष्णु रावल प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। विष्णु रावल के मुताबिक कार सवार अज्ञात लोगों द्वारा शनिवार को दफ्तर में घुसकर उनके साथ मारपीट की गई थी। बीचबचाव में आए उनके दो चचेरे भाइयों को भी बुरी तरह पीटा गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित विष्णु रावल ने इस मामले में सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि घटना में शामिल बिसरख निवासी आरोपी प्रिंस भाटी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि पीड़ित विष्णु रावल के दफ्तर में एक युवती नौकरी करती थी। किसी कारणवश उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस की टीम घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

फरीदाबाद : अवैध वसूली के विरोध में सड़कों पर उतरे मीट विक्रेता

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में नगर निगम की कथित उगाही और स्लॉटर हाउस बंद होने के विरोध में मंगलवार को सैकड़ों मीट विक्रेताओं ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने की मांग की। मीट विक्रेता दीनदयाल ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी उनसे अवैध वसूली करते हैं और उनकी दुकानों को सील कर देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से स्लॉटर हाउस बंद होने के कारण उन्हें काम में दिक्कत हो रही है। मीट विक्रेताओं ने स्लॉटर हाउस को तुरंत चालू करने और उन्हें वैध लाइसेंस दिए जाने की मांग की, ताकि वे नियमों के तहत अपना व्यापार कर सकें। सभी विक्रेताओं ने शांति से प्रदर्शन कर अपनी बात रखी। अब सरकार से उनकी उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

नीलामी के लिए दो दिन और पंजीकरण

नोएडा, । हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी16ईयू के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार से पंजीकरण शुरू हो गए। गुरुवार तक पंजीकरण होंगे। इसके बाद नंबरों की बोली लगेगी। लोग ६६६.स्त्रं१५ॅल्लॅ.ङ्ग५.ल्ल पर नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण बंद होने के बाद तीन दिन ऑनलाइन नंबरों की बोली लगेगी। बोली खत्म होने के अगले दिन शाम छह बजे लोग परिवहन विभाग की वेबसाइट पर नीलामी के नतीजे देख सकेंगे। इसके बाद जितने नंबर बचेंगे, उनके लिए फिर से नीलामी की प्रक्रिया शुरू होगी। दूसरी तरफ सीरीज के सामान्य पसंदीदा नंबर भी लोग बुक कर सकते हैं। इसमें दोपहिया वाहन के लिए एक हजार रुपये और चार पहिया वाहन के लिए पांच हजार रुपये शुल्क निर्धारित है।

फरीदाबाद: लावारिस मिले दो नवजात शिशुओं के शव

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में एक ही दिन में दो नवजात शिशुओं के शव मिलने से हडकंप मच गया। एक नवजात बच्चे का शव जहां झाडि में मिला, वहीं दूसरा कूड़े के ढ़ेर पर पड़ा मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जब तक वहां लोगों की भीड़ लग चुकी थी। पुलिस ने बच्चों के शवों को नागरिक अस्पताल भेजा है। आग की छानबीन जारी है। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद के सदर थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर दोनों नवजात के शव मिले हैं। पहली घटना चंदावली गांव के पास की है। यहां कूड़े के ढेर पर एक सफेद पॉलीथिन पड़ा था। एक व्यक्ति ने इसे उठाया तो उसमें नवजात बच्चे का शव लिपटा था। बच्चे का जन्म एक दिन पहले ही हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। फरीदाबाद में ही दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के डीग गांव की है। यहां पंचायत की जमीन के पास झाडि में करीब 3-4 महीने का गर्भस्थ शिशु (भ्रूण) मृत पाया गया। इसे भी पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है। सदर थाना पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की तह तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मनाएगी भाजपा

ग्रेटर नोएडा, । भारतीय जनता पार्टी 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मनाएगी। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए मंगलवार को तिलपता स्थित जिला कार्यालय पर बैठक हुई। जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने बताया कि भारत के संविधान को 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जिसको लेकर भाजपा पूरे देश में 11 से 25 जनवरी तक प्रत्येक मंडल स्तर तक संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मनाएगी। इस दौरान जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संविधान अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन- जन तक पहुंचाना एवं संविधान समिति के अध्यक्ष भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करना है। जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी ने कहा कि भारत का संविधान गौरवशाली है। इसमें सभी नागरिकों का हित सुरक्षित करते हुए भारत के विकास की कल्पना की गई है।

पलवल : बिजली कर्मचारियों पर हवाई फायरिंग कर दी जान से मारने की धमकी

पलवल, । पलवल में बिजली कर्मचारियों पर कुछ लोगों द्वारा हवाई फायरिंग करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जाने से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने एक नामजद सहित समेत अन्य पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी पलवल निवासी भगत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह शर्मा इंटरप्राईजज फर्म पर बिजली बोर्ड का काम करता है। वह और उसके साथ सुरेंद्र, नरेश व पवन मोहन नगर में काम पर थे। जब वे ए-40 विरन्द्रा अपार्टमेंट के आगे काम कर रहे थे, तभी पड़ोसी उसके साथियों से झगड़ा करने लगे। उन्होंने कहा कि इसी दौरान आरोपी सुरेंद्र घर के गया और रिवाल्वर लाकर हवाई फायरिंग कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायत में कहा कि उसे डर है कि आगे भी कोई हादसा हो सकता है। आरोप है कि सुरेंद्र ने हवा में फायर किया और उनके घर वाले भी उनके साथ झगड़ा करने पर उतारु हो गए। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि भगत सिंह की शिकायत पर सुरेंद्र सहित अन्य के खिलाफ झगड़ा कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

रणवीर सिंह ने शुरू की धुरंधर फिल्म की शूटिंग

प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की अगली फिल्म धुरंधर के सेट से लीक हुए लुक्स ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। एक्टर रणवीर ने सितंबर 2024 में पिता बनने के बाद धुरंधर फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। उनके लुक्स ने फैंस और क्रिटिक्स को एक साथ आकर्षित किया है। रणवीर की कुछ तस्वीरों में वे सूट-बूट पहने और गुलाबी रंग की पगड़ी लगाए नजर आ रहे हैं। यह उनका पहला मौका होगा जब वे स्क्रीन पर पगड़ी के साथ दिखाई देंगे। उनके चेहरे पर चोट के निशान भी हैं, जो उनके किरदार के गंभीर और माफिया जैसे अवतार को दशार्ते हैं। एक वीडियो में रणवीर येलो कलर के कुर्ते और पायजामे में दिख रहे हैं, और उनकी लंबी दाढ़ी और बाल उनके किरदार को और भी प्रभावशाली बना रहे हैं। वीडियो में वे हाथ में सिगरेट पकड़े हुए किसी का इंतजार करते नजर आ रहे हैं, और उनका लुक कुछ हद तक माफिया जैसा प्रतीत हो रहा है। रणवीर का यह नया लुक उनके फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। कुछ यूजर्स ने उनके लंबे बालों और बॉडी लैंग्वेज को रणबीर कपूर के एनिमल और शाहरुख खान के पठान के किरदार से तुलना की है, जबकि कुछ ने इसे रणवीर के पद्मावत के ह्यअलाउद्दीन खिलजीह्न वाले लुक से मेल बताया है। एक यूजर ने कमेंट किया, बॉडी लैंग्वेज रणबीर कपूर जैसी है, तो वहीं दूसरे ने लिखा, चीप कॉपी ऑफ एनिमल। इस फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर हैं, और यह मल्टीस्टार मूवी बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। फिल्म में रणवीर के अलावा संजय दत्त, आर माधवन, अक्षय खन्ना और यामी गौतम भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। पिछले साल जुलाई में रणवीर ने सोशल मीडिया पर फिल्म की स्टारकास्ट की जानकारी दी थी, और अपने फैंस से वादा किया था कि इस बार उन्हें एक नया और अनूठा सिनेमाई अनुभव मिलेगा।

मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी को होगी रिलीज

प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बालीवुड फिल्म निमार्ता वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा निर्मित कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी, 2025 को रिलीज होगी। मोशन पोस्टर में एक आदमी का जूता स्टिलेट्टो और पंजाबी जूती के बीच फंसा हुआ दिखाया गया है, जो रिश्तों में उथल-पुथल के बारे में एक मजेदार कॉमेडी पेश करता है। इसे लव सर्कल कहा जाता है, यह पास्ट और प्रेजेंट के रोमांस के क्लैश के बारे में है। ऑनलाइन साझा किए गए, पोस्टर ने तुरंत युवा दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है, यह पहले से ही युवा दर्शकों के बीच हिट है। मुद्दसर अजीज, जो अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और प्रासंगिक कहानी कहने के लिए जाने जाते हैं, वे कहते हैं कि एक फिल्म निमार्ता के रूप में, मैं हमेशा ऐसी कहानियां कहने में विश्वास रखता हूँ जो एंटरटेन करे , और सभी उम्र के दर्शकों को मुस्कुराने पर मजबूर कर दे। मेरा मानना है कि ऐसी फिल्में बार बार देखी जाती हैं। मेरे हस्बैंड की बीवी एक ऐसी फिल्म है जो रोमांटिक रिश्तों की विचित्रताओं और जटिलताओं को सेलिब्रेट करता है। मैं हमेशा से संपूर्ण मनोरंजन करने वालों में से एक रहा हूं-ऐसी फिल्में जो दोस्तों और परिवारों को एक साथ लाती हैं, उन्हें हंसाती हैं और उन्हें कुछ देती है जिसके बारे में वे बात कर सकें। इस फिल्म के लिए भी हमारा यही लक्ष्य है। यह एक हल्की-फुल्की,रिलेटेबल और ऐसे क्षणों से भरपूर होगी जो थिएटर से निकलने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहेगी। मैंने इन कलाकार को कास्ट करने के लिए उत्साहित था , और जब दर्शक पात्रों को देखेंगे तो उन्हें समझ आ जाएगा कि ऐसा क्यों है ! हालांकि फिल्म की कहानी के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की गयी है, मुख्य तिकड़ी की फ्रेश जोड़ी और अजीज के सामूहिक कॉमेडी के पिछले रिकॉर्ड के साथ यह फिल्म इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है। पूजा एंटरटेनमेंट, बीवी नंबर 1 और हीरो नंबर 1 जैसी हिट फिल्मों के बाद एक बार फिर मेरे हसबैंड की बीवी के साथ अपनी कॉमेडी की दुनिया में तहलका मचाने के लिए तैयार है। निमार्ता जैकी भगनानी बताते हैं कि यह फिल्म हमारे द्वारा काम की गई सबसे रोमांचक परियोजनाओं में से एक है। मुदस्सर अजीज के पास प्रासंगिक, मजेदार कहानियाँ बनाने के लिए जाने जाते हैं, अर्जुन, रकुल और भूमि जबरदस्त एनर्जी और केमिस्ट्री के साथ, फिल्म रिश्तों में फ्रेश , मॉडर्न रूप प्रदान करती है।यह फिल्म हास्य से भरपूर है और हम दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में इस पारिवारिक मनोरंजक फिल्म का आनंद लेने के लिए उत्साहित हैं !

गोविंदा और सुनीता के बीच कुछ खटपट की अफवाहें

मुंबई,। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने अपनी शादी और रिश्ते को लेकर कुछ ऐसे बयान दिए, जिनसे सोशल मीडिया पर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। उन्होंने हाल ही में एक बातचीत में बताया कि अब वह अपने रिश्ते में पहले जैसी सुरक्षा महसूस नहीं करतीं।उनका कहना था कि जब गोविंदा अपने करियर के चरम पर थे, तब वह अपने रिश्ते में सुरक्षित महसूस करती थीं, भले ही उनके को-स्टार्स के साथ अफवाहें चलती थीं।

प्रीति जिंटा ने खुद से प्रेम करने को बताया सबसे बेहतर



प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई,। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने फिटनेस लक्ष्यों को परिभाषित करते हुए सोशल मीडिया पर एक वर्कआउट वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि खुद से प्रेम करना सबसे बेहतर होता है। सोशल मीडिया पर सक्रिय प्रीति जिंटा ने इंस्टाग्राम पर जिम में एक्सरसाइज करते हुए खुद का एक वीडियो साझा किया। क्लिप में अभिनेत्री इनक्लाइन क्रंच सिट अप्स करती हुई दिखाई दे रही हैं। उन्होंने डच डीजे और रिकॉर्ड प्रोड्यूसर टिएस्टो के गाने द बिजनेस को भी वीडियो के साथ जोड़ा। अभिनेत्री ने हार न मानने और लगातार बने रहने के बारे में एक प्रेरक कैप्शन भी साझा किया। उन्होंने लिखा,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप छुट्टी पर हैं या काम पर, आपको खुद को बेहतर, मजबूत और स्वस्थ बनाना होगा क्योंकि अगर यह आपको चुनौती नहीं देता है तो यह आपको नहीं बदलता है। इसलिए हार न मानें, लगातार बने रहें और खुद को आगे बढ़ाएं।ह्व अभिनेत्री ने आगे लिखा,खुद से प्यार करने से बेहतर कोई प्यार नहीं है। आप सभी को 2025 की शुभकामनाएं। 5 जनवरी को प्रीति ने पति जीन गुडइनफ के साथ उरुग्वे में अपनी शानदार छुट्टियों की तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। पहले में दोनों समुद्र तट पर पोज देते हुए दिखाई दिए। एक क्लिप में प्रीति जीन के साथ खूबसूरत समय बिताती नजर आईं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने फूलों की कुछ झलकियों के साथ होटल की खूबसूरती को भी दिखाया, जहां कुछ प्राचीन वस्तुओं के साथ ही खाने का भी एक वीडियो है। अंतिम तस्वीर में दोनों एक रेस्तरां में बैठे दिखाई दिए। प्रीति जिंटा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही राजकुमार संतोषी के निर्देशन में तैयार फिल्म लाहौर 1947 के साथ वापसी करने के लिए तैयार हैं। फिल्म में प्रीति जिंटा के साथ अभिनेता सनी देओल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

संक्षिप्त खबरें

फिल्में... जिसके लिए हम जीते और मरते हैं: करण जौहर

मुंबई,। हाल ही में सोशल मीडिया पर फिल्म निमार्ता करण जौहर ने खुलासा किया कि उनका सबसे बड़ा जुनून फिल्में हैं। एक स्टाइलिश फोटो साझा करते हुए करण ने लिखा, फिल्में... जिसके लिए हम जीते और मरते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि करण ने अपना पूरा जीवन फिल्मों को बनाने और उनसे जुड़ी दुनिया में बिताया है। उनके लिए फिल्मों की दुनिया एक जीवन है, जो हमेशा नए विचारों और क्रिएटिविटी के साथ विकसित होती रहती है। करण जौहर की आने वाली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी भी काफी चर्चा में है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ करण की यह पहली साझेदारी होगी। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस करेंगे और यह 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर में कार्तिक आर्यन की आवाज सुनाई देती है, जिसमें वह अपने ब्रेकअप के बारे में बात करते हैं और कहते हैं, मुझसे बिछड़ने का फोमो (फियर ऑफ मिसिंग आउट) मैं उसे होने नहीं दूंगा। मम्मी कसम खाई है मैंने, और मम्मी की खाई हुई कसम ये लड़का पूरी करके ही रहता है।

सिंगर अरमान मलिक ने आशना श्रॉफ के संग की शादी

मुंबई,। बॉलीवुड सिंगर अरमान मलिक शादी के बंधन में बंध चुके हैं। अरमान ने अपनी गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ को अपने जीवन का साथी चुना है। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अरमान और आशना ने कोलैब पोस्ट के जरिए अपनी शादी की तस्वीरें साझा कीं और इस मौके पर एक दिल छूने वाला कैप्शन भी लिखा है। अरमान और आशना ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की और इस खुशी को अपने फैंस के साथ मनाया। तस्वीरों में दोनों काफी खुश और रोमांटिक नजर आ रहे हैं। अरमान ने हिंदी में कैप्शन लिखा, तू ही मेरा घर है। यह तस्वीरें बेहद ड्रीमी और खूबसूरत हैं, जिसमें दोनों के बीच की केमिस्ट्री साफ नजर आती है। इस शादी में हिंदू रीति-रिवाजों के साथ-साथ क्रिश्चियन स्टाइल वेडिंग को भी अपनाया गया है, जिससे शादी का माहौल और भी खास बन गया। शादी के इस खास मौके पर अरमान और आशना ने ओपन गार्डन में दिन के समय शादी की। वरमाला के बाद दोनों ने पारंपरिक फेरे नहीं लिए, बल्कि क्रिश्चियन और इस्लामी स्टाइल में एक-दूसरे को पति-पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इस दौरान दोनों ने माइक पकड़े हुए एक-दूसरे को जीवनसाथी के तौर पर स्वीकार किया। अरमान और आशना दोनों ही इस मौके पर ऑरेंज रंग के खूबसूरत लिबास में नजर आए। आशना ने डार्क ऑरेंज लहंगा पहना था, जबकि अरमान मलिक लाइट ऑरेंज शेरवानी में बहुत डैशिंग लग रहे थे। एक तस्वीर में अरमान ने आशना को वरमाला पहनाते हुए अपनी खुशी जाहिर की। इन तस्वीरों को देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने दोनों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और उनके इस नए सफर के लिए प्यार जताया। गौरतलब है कि अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने अगस्त 2023 में सगाई की थी, जब अरमान ने आशना को प्रपोज किया था। इसके बाद उन्होंने अपनी प्रेमिका के लिए म्यूजिक वीडियो कसम से-द प्रपोजल भी जारी किया था।

फिल्म कुली की 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हुई: रजनीकांत

चेन्नई,। सुपरस्टार रजनीकांत निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म कुली की शूटिंग करने के लिए थाईलैंड रवाना हो गए हैं। रजनीकांत ने खुलासा किया कि फिल्म की लगभग 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म का अगला शेड्यूल 13 जनवरी से 28 जनवरी तक होगा। मंगलवार सुबह हवाई अड्डे पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए रजनीकांत ने राजनीति से संबंधित सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। कुली एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें तेलुगु स्टार नागार्जुन, कन्नड़ स्टार उपेंद्र, सोबिन शाहिर और सत्यराज जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। बॉलीवुड स्टार आमिर खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि, निमार्ताओं ने अभी तक इस अटकल की पुष्टि नहीं की है। फिल्म में श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी प्रमुख भूमिका में हैं। सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित, कुली का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा तैयार किया गया है। इस फिल्म ने कई कारणों से लोगों की दिलचस्पी जगाई है। उनमें से एक यह है कि इस फिल्म में अभिनेता सत्यराज और रजनीकांत लगभग 38 साल बाद एक साथ काम करते हुए नजर आएंगे। दोनों को आखिरी बार सुपरहिट तमिल फिल्म मिस्टर भारत में साथ देखा गया था। यह फिल्म 1986 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सत्यराज ने रजनीकांत के पिता की भूमिका निभाई थी। दिलचस्प बात यह है कि सत्यराज ने रजनीकांत की कुछ पिछली फिल्मों जैसे एंथिरन और शिवाजी में अभिनय करने के प्रस्ताव ठुकरा दिए थे। कुली फिल्म सोने की तस्करी के इर्द-गिर्द घूमती है।

सलमान खान का गैलेक्सी अपार्टमेंट हुआ बुलेट प्रूफ, फिट की गई हाईटेक सीसीटीवी

प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई,। अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने मुंबई के बांद्रा स्थित घर को बुलेटप्रूफ करने के साथ ही घर के बाहर हाई-टेक सिक्योरिटी भी तैनात की। सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हाई रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ही पुलिस ने घर के ठीक सामने चौकी भी बनाई है। गौरतलब है, पिछले साल 14 अप्रैल को सलमान खान के घर 5 राउंड फायरिंग की गई थी, जिसके कुछ महीने बाद सलमान के करीबी और एनसीपी नेता बाबा सिद्दकी की हत्या भी कर दी गई थी। इन तमाम स्थितियों को देखते हुए सलमान खान के उस बालकनी पर खास तौर पर बुलेट प्रूफ ग्लास लगाया गया, जहां से सलमान अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते हैं। गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भी हाई सिक्योरिटी तैनात की गई है। बता दें, सलमान खान को पिछले कई दिनों से लॉरेंस के नाम से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। जानकारी के अनुसार 1998 में काले हिरण के शिकार की घटना को लेकर बिश्नोई समुदाय नाराज है। शिकार की घटना का जिक्र करते हुए लॉरेंस ने एक साक्षात्कार में अभिनेता को जान से मारने की धमकी दी थी। ऐसे में अभिनेता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उनके घर को बुलेट प्रूफ करने के साथ ही घर के बाहर भी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की है। सलमान खान के दोस्त और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई क्राइम ब्रांच ने हत्या के 85 दिन बाद 4,590 पन्नों का आरोप पत्र स्पेशल मकोका कोर्ट में दायर किया था। यह आरोप पत्र अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार 26 आरोपियों और 3 फरार आरोपियों शुभम लोनकर, जीशान अख्तर और अनमोल बिश्नोई के खिलाफ दायर किया गया। आरोप पत्र में कुल 180 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं।

जी 2 में वामिका गब्बी की एंट्री, अदिवी शेष के साथ आएंगी नजर

प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई,। अभिनेत्री वामिका गब्बी बेबी जॉन के बाद अब अभिनेता अदिवी शेष के साथ जी2 में नजर आएंगी। अभिनेत्री निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनेडी की जासूसी-थ्रिलर जी2 के कलाकारों में शामिल हो गई हैं। जी2 साल 2018 की हिट जासूसी-थ्रिलर गुडाचारी का सीक्वल है, जिसकी कहानी को मुख्य अभिनेता अदिवी शेष ने लिखा है। वेरायटी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, वामिका फ्रेंचाइजी की इस किस्त में अदिवी शेष के साथ शामिल हो चुकी हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वह जी2 का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ काम करना मुझे सीमाओं को आगे बढ़ाने और अपने किरदार में नई ऊर्जा लाने के लिए प्रेरित करता है। मैं दर्शकों को नए अनुभव कराने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं कर सकती। मैं ह्यजी2ह्न को लेकर उत्साहित हूं और यह खास होने वाला है। जानकारी के अनुसार गब्बी ने शेष संग जी2 के लिए यूरोप में शूटिंग शेड्यूल पूरा कर लिया है। फिल्म में अदिवी शेष और वामिका गब्बी के साथ अभिनेता इमरान हाशमी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म के कलाकारों में मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागड्डा और मधु शालिनी भी हैं। जी 2 का निर्माण विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल ने पीपल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स और एके एंटरटेनमेंट्स के तहत किया है। पैन इंडिया जी2 हिंदी के साथ ही तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वामिका के फिल्मी करियर पर नजर डालें तो अभिनेत्री सीरीज जुबली , खुफिया और चार्ली चोपड़ा एंड , द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली में शानदार काम करने के बाद इंडस्ट्री में एक खास पहचान बनाने में सफल रहीं।

खूबसूरत वादियों में जन्मदिन मनाते कैमरे में कैद हुए दिलजीत दोसांझ

प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई,। गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ विदेश में जन्मदिन मनाते नजर आए। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ वीडियो साझा किया, जिसमें वह बर्फ के बीच खूबसूरत समय बिताते कैमरे में कैद हुए। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ हर एक पल को साझा करने वाले दिलजीत दोसांझ ने जन्मदिन के दिन की भी झलक साझा की। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर दो वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने अमेरिकी गायक-अभिनेता फ्रैंक सिनात्रा के लेट इट स्नो लेट इट स्नो गाने को भी जोड़ा। 6 जनवरी 1984 को पंजाब के जालंधर में जन्में दिलजीत अपने प्रशंसकों के बीच खासा लोकप्रिय हैं। दिलजीत को उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रशंसकों के साथ ही फिल्म जगत के तमाम सितारों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। रकुल प्रीत सिंह ने जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा था,जन्मदिन की शुभकामनाएं दिलजीत, तुम्हारा हर दिन खुशियों, प्यार और सफलता से भरा हो, तुम हर दिन शाइन करो और खुश रहो। निमार्ता-निर्देशक इम्तियाज अली ने एआर रहमान और दिलजीत को साथ में मुबारकबाद देते हुए लिखा था,वाह आज कितना खास दिन है कि हमें यह दोनों मिले, जन्मदिन मुबारक दिलजीत दोसांझ, एआर रहमान। दिलजीत सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा करते रहते हैं। दिलजीत ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कई विषयों पर उनसे बातचीत भी की थी। दिलजीत ने मुलाकात की कई वीडियोज और तस्वीरों को भी साझा कर प्रशंसकों को झलक दिखाई थी। वीडियो में देखा जा सकता है कि सिंगर दिलजीत सबसे पहले फूलों का गुलदस्ता लेकर आते हैं और पीएम मोदी उनका अभिवादन करते हैं। इसके बाद पीएम मोदी, दिलजीत से कहते हैं,हिंदुस्तान के एक गांव का लड़का जब दुनिया में नाम रोशन करता है तो अच्छा लगता है। आप नसीब वाले हैं कि आपके परिवार ने आपका नाम दिलजीत रखा, आप लोगों के दिल जीत रहे हैं। इसके बाद दिलजीत ने कहा,हम किताबों में पढ़ते थे कि मेरा भारत महान। लेकिन, जब मैं पूरा भारत घूमा तो मुझे पता चला कि यह बात क्यों कहते हैं। मेरा भारत महान है और यहां योग का जादू सबसे बड़ा है। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि जिसने योग की ताकत को अनुभव किया है, वही उसकी ताकत जानता है। दिलजीत ने पीएम मोदी के अब तक के सफर पर भी बात की। वहीं, पीएम मोदी ने पर्यावरण के विषय पर भी बात की।

बिपाशा बसु को पति करण सिंह ग्रोवर ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बिपाशा बसु आज 46 साल की हो गई हैं। प्रशंसकों के साथ ही अभिनेत्री को उनके पति करण सिंह ग्रोवर ने खास शब्दों के साथ जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता करण सिंह ग्रोवर ने इंस्टाग्राम पर बिपाशा के साथ एक खूबसूरत तस्वीर को साझा करते हुए कैप्शन लिखा,तुम्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं डियर। मैं कामना करता हूं कि तुम्हें अपने जीवन के हर पल में वह सब मिले जो तुम चाहती हो। मैं कामना करता हूं कि भगवान तुम पर खूब प्यार बरसाएं। अभिनेता ने आगे लिखा,मैं कामना करता हूं कि भगवान तुम्हें तुम्हारे जीवन के हर पहलू में सफलता के साथ खुशियां दें। तुम जो हो उसके लिए धन्यवाद। तुम हमेशा हर चीज का सबसे अच्छा हिस्सा हो और रहोगी। जन्मदिन मुबारक हो डियर। करण सिंह ग्रोवर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें वह बेटी देवी के लिए सेंटा बनते नजर आए थे। करण की पत्नी- अभिनेत्री बिपाशा ने इंस्टाग्राम पर घर पर हुए क्रिसमस सेलिब्रेशन की कई तस्वीरें शेयर की थीं। तस्वीबरों में करण सेंटा बनते हुए देखा जा सकता है। इसमें करण का सेंटा के रूप में रैप करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया गया। एक तस्वीर में देवी सजे हुए क्रिसमस ट्री के बगल में खड़ी होकर तस्वीर खिंचवाती दिखाई दे रही थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा था,यह साल का सबसे शानदार समय है। बता दें, बिपाशा ने साल 2016 में करण सिंह ग्रोवर से शादी की थी। नवंबर 2022 में उनकी बेटी देवी का जन्म हुआ था। पिछले महीने इस जोड़े ने मालदीव में अपनी बेटी का दूसरा जन्मदिन मनाया और फिर मुंबई में एक बर्थडे पार्टी रखी, जिसमें उनके करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल हुए। बिपाशा बसु के फिल्मी करियर पर नजर डालें तो साल 2001 में अब्बास-मस्तान की एक्शन-थ्रिलर अजनबी में अक्षय कुमार के साथ नकारात्मक भूमिका के साथ अभिनय की शुरूआत करने वाली बिपाशा को विक्रम भट्ट की 2002 की हॉरर-थ्रिलर ह्यराजह्न से कामयाबी मिली। इन फिल्मों के बाद बिपाशा चोर मचाए शोर,जिस्म,जमीन,एतबार,नो एंट्री ,ओमकारा, कॉर्पोरेट, धूम 2,रेस, बचना ऐ हसीनों, राज 3 द थर्ड डायमेंशन और वेलकम टू न्यूयॉर्क जैसी फिल्मों में नजर आईं। अभिनेत्री पिछली बार 2020 में आई क्राइम-थ्रिलर सीरीज डेंजरस में नजर आई थीं।

शोलापुर के 500 छात्रों ने सोनू सूद का बनाया 390 फुट लंबा कटआउट

मुंबई,। सोनू सूद की आगामी फिल्म फतेह की रिलीज से पहले शोलापुर के 500 छात्रों ने बॉलीवुड अभिनेता और मसीहा के नाम से मशहूर सोनू सूद का 390 फुट लंबा कटआउट पोस्टर बनाकर उन्हें सम्मानित किया। 390 फुट लंबे कटआउट में अभिनेता की ह्यफतेहह्न थीम सामने आई है। 390 फुट का कटआउट न केवल सोनू को छात्रों की ओर से दिया गया सम्मान है बल्कि फतेह की रिलीज से पहले यह भी दिखाता है कि आम जन पर अभिनेता का गहरा प्रभाव है। फतेह के निर्देशन के साथ ही लेखन भी सोनू सूद ने ही किया है। यह साइबर क्राइम पर बनी एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। आगामी फिल्म के प्रचार में जुटे अभिनेता पिछले साल दिसंबर में उज्जैन स्थित महाकाल का दर्शन करने पहुंचे थे, जहां वह भस्म आरती में भी शामिल हुए थे।

संध्या थिएटर भगदड़ : अल्लू अर्जुन ने अस्पताल में की घायल बच्चे से मुलाकात

प्रात : किरण,/ एजेसी

हैदराबाद,। अभिनेता अल्लू अर्जुन ने संध्या थिएटर भगदड़ में घायल हुए बच्चे श्रीतेजा से मंगलवार को बेगमपेट के केआईएमएस अस्पताल में मुलाकात की। अस्पताल में भर्ती घायल बच्चे से मुलाकात करने के बाद वह रवाना हो गए। अभिनेता का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अस्पताल से बाहर निकलते नजर आए। अभिनेता के लुक में भी काफी बदलाव देखा गया। वह अपने हेयर स्टाइल को चेंज कर चुके हैं। बड़े बालों को उन्होंने छोटे बालों में बदल लिया है। 4 दिसंबर को हैदराबाद स्थित संध्या थिएटर में पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। वहीं, मृतक महिला का बच्चा घायल हो गया था। घायल बच्चे का बेगमपेट के केआईएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिससे मंगलवार को अभिनेता ने मुलाकात की और हालचाल जाना। घायल बच्चे के पिता ने हाल ही में अपडेट देते हुए बताया था कि उसकी सेहत में सुधार हो रही है। भगदड़ मामले में शुक्रवार को नामपल्ली कोर्ट ने अल्लू अर्जुन की नियमित जमानत याचिका मंजूर कर ली थी। अल्लू अर्जुन की नियमित जमानत याचिका पर नामपल्ली कोर्ट ने 27 दिसंबर को सुनवाई की थी। लेकिन, पुलिस ने जमानत याचिका पर जवाबी दलीलें दाखिल करने के लिए समय मांगा था, इसलिए कोर्ट ने सुनवाई 30 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी थी। इसके बाद 30 दिसंबर को कोर्ट ने याचिकाकर्ता की दलील और पुलिस द्वारा दायर जवाबी दलीलें सुनी और फिर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसे शुक्रवार को सुनाया गया था। अल्लू अर्जुन को 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में ह्यपुष्पा 2: द रूलह्न के प्रीमियर शो के दौरान हुई भगदड़ के सिलसिले में दर्ज मामले में 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी। अभिनेता को नामपल्ली कोर्ट में पेश किया गया था, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके बाद उनके वकीलों ने हाई कोर्ट में अपील की, जहां से उन्हें उसी दिन अंतरिम जमानत मिल गई थी।

संक्षिप्त खबरें

कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व 39 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, । चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़ा। मजबूत त्यौहारी और शादी-ब्याह की मांग से इसे बल मिला। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत राजस्व 5,223.07 करोड़ रुपये रहा था। कल्याण ज्वैलर्स के भारतीय परिचालन में राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 41 प्रतिशत तथा पश्चिम एशिया में 22 प्रतिशत रही। कंपनी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत तथा विदेशों में कल्याण व डिजिटल मंच ह्यकैंडेरे फॉर्मेटह्न में 170 नए शोरूम शुरू करने की योजना बनाई है। 31 दिसंबर 2024 तक कंपनी के अपने सभी ब्रांड के 349 शोरूम थे।

तुअर की दाल के दामों में भारी गिरावट

इंदौर, । भारत के बाजारों में तुअर के दामों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। अभी तक 500 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट आ चुकी है। उत्पादक मंडियों मे तुअर की आवक बढ़ रही है। दाल मिलों और स्टॉकिस्टों की ठंडी मांग के चलते बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। बाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयातकों की बिकवाली होने से बाजारों में तुअर दाल के दामों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इंदौर की मंडी में तुवर के भाव 6900 प्रति क्विंटल रह गए हैं।व्यापारियों के अनुसार मुंबई पोर्ट पर लेमन तुअर 6900 सफेद तुअर 6500 तथा उड़द का 7800 रुपए प्रति क्विंटल पर पर कारोबार हो रहा है।

रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई, । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ ही 85.74 पर बंद हुआ। डॉलर के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की सतत निकासी के बीच ही रुपया शुरूआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ 85.75 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों में कुछ सुधार और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये की गिरावट पर कुछ रोक लगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.77 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में 85.80 प्रति डॉलर पर खिसक गया और कुछ ही देर में वापसी करता हुआ 85.75 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.68 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी की गिरावट के साथ 108.09 पर रहा।

आठ माह में कॉफी निर्यात रिकॉर्ड 1 बिलियन डॉलर के पार पहुंचा

नई दिल्ली, । चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर के दौरान भारत के कॉफी निर्यात में उछाल दर्ज हुआ। निर्यात के मूल्य में उछाल रोबस्टा कॉफी की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि और यूरोपीय यूनियन के नए डिफोरेस्टेशन रेगुलेशन से पहले स्टॉकिंग के कारण दर्ज हुआ। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत का कॉफी निर्यात 8 महीने की अवधि के दौरान रिकॉर्ड 1 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में रोबस्टा कॉफी की अधिक मांग के कारण 2023-24 में पूरे वर्ष के लिए भारत का कॉफी निर्यात 12.22 प्रतिशत बढ़कर 1.28 बिलियन डॉलर हो गया। देश ने 2022-23 में 1.14 बिलियन डॉलर मूल्य की कॉफी का निर्यात किया। भारत के कॉफी निर्यात के प्रमुख बाजारों में इटली, रूस, यूएई, जर्मनी और तुर्की शामिल हैं। भारत 2022-2023 के दौरान दुनिया का आठवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक बन गया। भारतीय कॉफी अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कॉफी में से एक है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रीमियम पर है। भारत दो प्रकार की कॉफी अरेबिका और रोबस्टा का उत्पादन करता है। अपने हल्के सुगंधित स्वाद के कारण अरेबिका का रोबस्टा कॉफी से ज्यादा बाजार मूल्य है। रोबस्टा कॉफी का इस्तेमाल इसके स्ट्रॉन्ग फ्लेवर के कारण अलग-अलग मिश्रण बनाने में किया जाता है। रोबस्टा की भारतीय कॉफी के कुल उत्पादन में 72 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारत को वैश्विक स्तर पर रोबस्टा कॉफी का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक माना जाता है। यह उद्योग भारत में 2 मिलियन से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है। केरल कॉफी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन कुल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी केवल 20 प्रतिशत है। तमिलनाडु भारत के कुल कॉफी उत्पादन का 5 प्रतिशत हिस्सा लेकर तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने नवंबर 2024 में सुरक्षित-संपत्ति के रूप में खरीदा 8 टन सोना

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई, । वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नवंबर 2024 में और आठ टन सोना खरीदा है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर महीने के दौरान 53 टन कीमती धातु की सामूहिक खरीद जारी रखी है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी चुनाव के बाद नवंबर के दौरान सोने की कीमतों में गिरावट ने कुछ केंद्रीय बैंकों को कीमती धातु जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया। आरबीआई ने दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह, सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोना खरीद रहा है। सोना रखने की रणनीति भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न अनिश्चितता के समय में मुख्य रूप से मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव और विदेशी मुद्रा जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से है। नवंबर में अपने भंडार में आठ टन सोना जोड़ने के साथ आरबीआई ने 2024 के पहले 11 महीनों में अपनी खरीद को बढ़ाकर 73 टन कर और अपने कुल सोने के भंडार को 876 टन कर दिया है। इसके साथ आरबीआई ने पोलैंड के बाद वर्ष के दौरान दूसरा सबसे बड़ा खरीदार होने का अपना स्थान बनाए रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अपने भंडार में पांच टन सोना जोड़कर छह महीने के गैप के बाद सोने की खरीद फिर से शुरू की है और सालाना आधार पर शुद्ध खरीद को बढ़ाकर 34 टन कर दिया है। इसी के साथ, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अपने

कुल सोने के भंडार को 2,264 टन (कुल भंडार का 5 प्रतिशत) कर दिया है। इस बीच, सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) महीने का सबसे बड़ा विक्रेता था, जिसने अपने सोने के भंडार को 5 टन कम कर दिया, जिससे सालाना आधार पर शुद्ध बिक्री 7 टन और कुल सोने की होल्डिंग 223 टन हो गई। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, आरबीआई की सोने की खरीद 2023 की इसी अवधि में खरीदी गई कीमती धातु की मात्रा से पांच गुना बढ़ गई है। आंकड़ों के अनुसार, आरबीआई का कुल स्वर्ण भंडार अब 890 टन हो गया है, जिसमें से 510 टन भारत में है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, महीने के दौरान सोना खरीदने वाले केंद्रीय बैंकों में पोलैंड के 21 टन और उज्बेकिस्तान के नौ टन शामिल हैं। केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की इन बड़ी खरीदों से वैश्विक बाजार में कीमती धातु की कीमतों में भी तेजी आई है। आरबीआई के आधे से अधिक स्वर्ण भंडार विदेशों में बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास सुरक्षित हिरासत में रखे गए हैं, जबकि लगभग एक तिहाई नागपुर और मुंबई में आरबीआई के वॉल्ट में संग्रहीत हैं। रिजर्व बैंक ने यूनाइटेड किंगडम में बैंक वॉल्ट में रखे अपने 100 मीट्रिक टन सोने को 2024 में भारत में अपने वॉल्ट में शिफ्ट कर दिया क्योंकि देश में पर्याप्त घरेलू भंडारण क्षमता थी। स्वर्ण भंडार को शिफ्ट करने से ब्रिटेन में वॉल्ट के इस्तेमाल के लिए भुगतान किए जाने वाले उच्च शुल्क में बचत होने की उम्मीद है।

शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार में उतार-चढ़ाव, जोरदार मजबूती के बाद ऊपरी स्तर से फिसले सेंसेक्स और निफ्टी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, 07 जनवरी (वेब वार्ता)। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव होता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में तेजी का रुख बन गया। हालांकि पहले आधे घंटे का कारोबार होने के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, टाइटन कंपनी, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, अडाणी एंटरप्राइजेज और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 4.16 प्रतिशत से लेकर 1.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अपोलो हॉस्पिटल, टीसीएस, बजाज ऑटो, एचडीएफसी बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.67 प्रतिशत से लेकर 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,329 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,013 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 316 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 54.81 अंक की मजबूती के साथ 78,019.80 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण इस सूचकांक में तेजी आ गई। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स करीब 500 अंक उछल कर 78,452.74 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में तेज बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 77.87 अंक की मजबूती के साथ 78,042.86 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 63.85 अंक उछल कर 23,679.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक थोड़ी देर में ही करीब 180 अंक की मजबूती के साथ 23,795.20 अंक तक पहुंच गया, लेकिन पहले आधे घंटे का कारोबार होने के बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली का दबाव बन गया। बिकवाली की वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 55.40 अंक की मजबूती के साथ 23,671.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 1,258.12 अंक यानी 1.59 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,964.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 388.70 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,616.05 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

सराफा बाजार में मामूली तेजी का रुख, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली मजबूती नजर आ रही है। सोने के भाव में आई तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये से लेकर 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में मामूली तेजी आई है।

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मजबूत रहेगी जीडीपी वृद्धि दर, महंगाई में आएगी कमी: एचएसबीसी रिसर्च

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही यानी अक्टूबर से दिसंबर की अवधि में भारत की जीडीपी ग्रोथ में सुधार देखने को मिलेगा और महंगाई में कमी आएगी। यह जानकारी मंगलवार को एचएसबीसी रिसर्च रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि दर गिरकर 5.4 प्रतिशत पर रह गई थी, लेकिन हमारा 100 एक्टिविटीज इंडिकेटर का विश्लेषण दिखाता है कि तीसरी तिमाही में वृद्धि दर में सुधार हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर तिमाही में 65 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक गति से बढ़ रहे हैं, जबकि पिछली तिमाही में यह 55 प्रतिशत था। कृषि, निर्यात और निर्माण में सुधार सबसे स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। साथ ही शहरी खपत में भी कुछ सुधार हुआ है। हालांकि, यूटिलिटी और निजी निवेश इंडिकेटर अभी भी सुस्त बने हुए हैं। हालात, अभी भी

जून तिमाही जितने अच्छे नहीं हैं, जब लगभग 75 प्रतिशत संकेतक सकारात्मक रूप से बढ़ रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया कि स्थिति फिलहाल जून के उच्च स्तर और सितंबर के निम्न स्तर के बीच है। जीवीए वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत के करीब बनी हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि खाद्य महंगाई कम होनी शुरू हो गई और इस कारण कुल महंगाई दर 5 प्रतिशत के नीचे जाने की उम्मीद है। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.2 प्रतिशत पर रही थी। नवंबर में भी उच्च स्तर पर थी। दिसंबर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आनी शुरू हुई थी और जनवरी में इसमें और अधिक कमी देखने को मिल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है,दिसंबर में सब्जियों (प्याज, टमाटर और गाजर) की कीमतों में गिरावट आई है, साथ ही कुछ दालों की कीमतों में भी गिरावट आई है। इसके आधार पर, हमारा अनुमान है कि नवंबर में महंगाई दर 5.5 प्रतिशत से घटकर दिसंबर में 5.3 प्रतिशत और जनवरी में 5 प्रतिशत से कुछ कम रह सकती है।

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण वहां के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबर हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.55 प्रतिशत उछल कर 5,975.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 246.13 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,867.81 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.16 प्रतिशत टूट कर 42,637.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,249.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 163.57 अंक यानी 2.20 प्रतिशत की जोरदार मजबूती के साथ 7,445.69 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 310.11 अंक यानी 1.53 प्रतिशत कि छलांग लगा कर 20,216.19 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया है। फिलहाल ये सूचकांक 372.76 अंक यानी 1.89 प्रतिशत टूट कर 19,315.53 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.07 प्रतिशत फिसल कर 7,075.77 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.32 प्रतिशत लुढ़क कर 3,196.78 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 111.50 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,846 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,829.89 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 928.50 अंक यानी 2.36 प्रतिशत उछल कर 40,235.55 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 258.73 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,806.44 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक का आईपीओ खुला, निवेशक 9 जनवरी तक लगा सकेंगे बोली

नई दिल्ली, । रेलवे सुरक्षा कवच बनाने वाली कंपनी क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार को निवेशकों के लिए खुल गया। कंपनी ने इसके लिए मूल्यज दायरा (प्राइस बैंड) 275-290 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इस इश्यूर के जरिए कंपनी की योजना 290 करोड़ जुटाने की है। कंपनी के शेयर 14 जनवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड के मुताबिक इस इश्यूग में निवेशक 9 जनवरी तक मिनिमम 50 इक्विटी शेयर या उसके मल्टीपल गुणक में बोलियां लगा सकते हैं। खुदरा निवेशक के लिए न्यूनतम निवेश राशि 14 हजार 500 रुपये है। ये आईपीओ पूरी तरह से 290 करोड़ रुपये का एक फ्रेश इश्यू है, जिसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) जैसी कोई पेशकश नहीं है। कंपनी इश्यू से मिलने वाले फंड में से 149.72 करोड़ रुपये का इस्तेमाल लॉन्ग टर्म वर्किंग कैपिटल जरूरतों की फंडिंग के लिए करेगी।

चिराग पासवान बुधवार को इंडसफूड 2025 के 8वें संस्करण का करेंगे उद्घाटन

इंडसफूड 2025 में खाद्य एवं पेय, कृषि प्रौद्योगिकी और विनिर्माण पर विशेष जोर

नई दिल्ली, । केंद्रीय खाद्य प्रसंस्कटरण उद्योग मंत्री चिराग पासवान 8 जनवरी, 2025 को गौतमबुद्ध नगर जिला के ग्रेटर नोएडा में स्थित इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) में इंडसफूड 2025 के 8वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के मुताबिक इस बार इंडसफूड 2025 में 30 से अधिक देशों के 2300 प्रदर्शक भाग लेंगे। इस बार 120 हजार वर्ग मीटर से अधिक प्रदर्शनी स्थल होगा। इस बार एकीकृत व्यापार मेले में 7,500 से अधिक अंतरराष्ट्री य खरीदार तथा 15 हजार भारतीय खरीदार यानी व्यापार आगंतुक भाग लेंगे, जिनके शो के दौरान उपस्थित रहने की उम्मीद है। इंडसफूड एशिया की प्रमुख वार्षिक एफ एंड बी व्यापार प्रदर्शनी है, जिसे भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के सहयोग से भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद की ओर से आयोजित किया जाता है। यह प्रदर्शनी 2025 में एक और मील का पत्थर स्थापित करने के लिए तैयार है। एक एकीकृत फार्म-टू-फोर्क व्यापार शो के रूप में अपनी शुरूआत करेगा।

क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक का आईपीओ खुला, निवेशक 9 जनवरी तक लगा सकेंगे बोली

नई दिल्ली, । रेलवे सुरक्षा कवच बनाने वाली कंपनी क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार को निवेशकों के लिए खुल गया। कंपनी ने इसके लिए मूल्यज दायरा (प्राइस बैंड) 275-290 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इस इश्यूर के जरिए कंपनी की योजना 290 करोड़ जुटाने की है। कंपनी के शेयर 14 जनवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड के मुताबिक इस इश्यूर में निवेशक 9 जनवरी तक मिनिमम 50 इक्विटी शेयर या उसके मल्टीपल गुणक में बोलियां लगा सकते हैं। खुदरा निवेशक के लिए न्यूनतम निवेश राशि 14 हजार 500 रुपये है। ये आईपीओ पूरी तरह से 290 करोड़ रुपये का एक फ्रेश इश्यू है, जिसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) जैसी कोई पेशकश नहीं है। कंपनी इश्यू से मिलने वाले फंड में से 149.72 करोड़ रुपये का इस्तेमाल लॉन्ग टर्म वर्किंग कैपिटल जरूरतों की फंडिंग के लिए करेगी। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के विकास लिए 24.37 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कंपनी 23.61 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल अवधि ऋण के सभी या आंशिक हिस्से का पूर्व भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करने के लिए करेगी। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड रिसर्च बेस्ड कंपनी है। यह भारतीय रेलवे के लिए न्यू जनरेशन के ट्रेन नियंत्रण और सिग्नलिंग सिस्टम तैयार करती है। ये सिस्टम रेल यात्रियों को हाईएस्ट लेवल की सुरक्षा और विश्वसनीयता प्रदान करता है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉन बीम विकिरण केंद्र के साथ एक विशेष केबल विनिर्माण सुविधा भी प्रोवाइड करता है। कंपनी के प्रमोटर मोहित वोहरा, अमित धवन, अमृत सिंह रंधावा, रूपिंदर सिंह, विशेष अबरोल और विवेक अबरोल, एक जोत सिंह और राजबीर सिंह रंधावा हैं।

महंगाई की वजह से कंपनियों ने किया पैकेट का आकार छोटा

अब 10 रुपए का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा, लेकिन कीमत वही

नई दिल्ली, । महंगाई को देखते हुए एफएमसीजी कंपनियों ने प्रोडक्ट के पैकेट का साइज कम कर दिया है। अब 10 रुपये का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा हो गया है, लेकिन कीमत वही रखी गई है। इस बदलाव के पीछे महंगाई और उपभोक्ता की बजट से बाहरी कीमतों का असर है। उच्च महंगाई ने स्नैक्स, साबुन और चाय जैसी चीजों की कीमतें बढ़ा दी है, जिसके कारण कंपनियां बजट से बाहर होने के दर से उपभोक्ता के लिए सस्ते पैकेट उपलब्ध करा रही हैं। विश्लेषकों ने कहा कि चालू तिमाही में कुछ कंपनियां कीमतों में और बढ़ोतरी कर सकती हैं। मैरिको के एक अधिकारी ने हाल ही में कहा था कि वह प्रोडक्ट्स की कीमत में वृद्धि करने की प्रक्रिया में हैं। कमजोर शहरी मांग के कारण एफएमसीजी कंपनियों की वृद्धि धीमी रही है। वहीं अच्छे मानसून के कारण ग्रामीण बाजार बढ़ रहे हैं। हालांकि, सुधार धीरे-धीरे हो रहा है और अकेले शहरी मंदी की भरपाई नहीं कर सकता। उच्च कमोडिटी मुद्रास्फीति का मतलब है कि कंपनियों के पास खपत बढ़ाने के लिए कीमतें कम करने की कोई गुंजाइश नहीं है। एक विश्लेषक ने कहा कि अगर उपभोक्ता 1 किलो चाय और मल्टी-पैक साबुन खरीदने की जगह 500 ग्राम चाय पैक और एक या दो साबुन खरीदने लगते हैं तो यह निश्चित रूप से कंपनियों की तिमाही वॉल्यूम वृद्धि को प्रभावित करेगा।

200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही सैमसंग

मुंबई, । जल्द ही आपको सैमसंग की गैलेक्सी डिवाइसेज में 500 मेगापिक्सल का कैमरा सेंसर देखने को मिल सकता है। कंपनी अभी 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही है। इसके साथ ही सैमसंग आईफोन 18 सीरीज के लिए भी थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर डिवेलप कर रहा है। यह जानकारी टिपस्टर ने एक एक्स पोस्ट में दी। माना जा रहा है कि कंपनी 500 मेगापिक्सल का कैमरा गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में ऑफर कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो सैमसंग स्मार्टफोन फोटोग्राफी में बाकी कंपनियों से काफी आगे निकल सकता है। अफवाह है कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में कंपनी जबर्दस्त इमेजि प्रोसेसिंग ऑफर करने वाली है, जो हाई-रेजॉलूशन सेंसर के आउटपुट को और बेहतर बनाएगा। कंपनी अपने डिवाइसेज के अलावा ऐपल के लिए थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस सेंसर का पीडी-टीआर- लॉजिक कॉन्फिगरेशन मोजूदा आईफोन्स में ऑपर किए जा रहे सोनी के एक्समोर आरएस इमेज सेंसर की परफॉर्मेंस से काफी बेहतर होगा। आईफोन 18 सीरीज के डिवाइस पहले ऐपल स्मार्टफोन हो सकते हैं, जिनमें सैमसंग का सेंसर ऑफर किया जा सकता है। इसमें 1/2.6 इंच की साइज वाला 48 मेगापिक्सल का सेंसर भी शामिल हो सकता है। अफवाहों के अनुसार आईफोन 18 सीरीज में कंपनी मेन कैमरा के लिए वैरिएबल अपर्चर टेक्नोलॉजी ऑफर कर सकती है। इसकी मदद से यूजर अलग-अलग लाइटिंग कंडीशन में अपर्चर को बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अडस्ट कर सकेंगे। बताते चलें कि ऐपल अपनी आईफोन 18 सीरीज में नेक्स्ट जेनरेशन ए20 चिपसेट ऑफर कर सकता है।

शास्त्री ने शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाए

प्रात: किरण,/ एजेसी

दुबई,। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए तेज गेंदबाज को न भेजने के बीसीसीआई के फैसले पर सवाल उठाए हैं, जिसमें भारत 3-1 से हार गया था। टखने की चोट के कारण 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने और 2024 की शुरूआत में सर्जरी कराने के बावजूद, तेज गेंदबाज ने घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में भाग लिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज के दौरान वापसी की उम्मीद बढ़ गई। मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले उन्हें आधिकारिक तौर पर बाहर कर दिया गया था, बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने घुटने में सूजन का हवाला दिया था। शास्त्री और पोंटिंग का मानना है कि शमी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा और सीरीज के अंत में वापसी में तेजी लाई जा सकती थी। शास्त्री ने कहा कि शमी को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जा सकता था और फिर उनकी भागीदारी पर निर्णय लिया जा सकता था। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, जब उनसे पूछा गया कि क्या शमी मेलबर्न या सिडनी में सीरीज को अपने पक्ष में कर सकते थे,बिल्कुल, इसमें कोई संदेह नहीं है। ईमानदारी से कहूं तो, मैं मीडिया में चल रही इस बातचीत से बहुत हैरान था कि मोहम्मद शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ। रिकवरी के मामले में वह कहां है? वह एनसीए में कब से बैठा है, मुझे नहीं पता। वह कहां खड़ा है, इस बारे में

उचित बातचीत क्यों नहीं हो पा रही है? उसकी क्षमता के अनुसार खिलाड़ी होने के कारण मैं उसे ऑस्ट्रेलिया ले आता। उन्होंने कहा,मैं उसे टीम का हिस्सा बनाए रखता और सुनिश्चित करता कि उसका पुनर्वास टीम के साथ हो। और फिर अगर तीसरे टेस्ट मैच तक हमें लगता कि नहीं, यह खिलाड़ी सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल सकता, तो मैं उसे जाने देता। शास्त्री ने कहा,लेकिन मैं उसे टीम के साथ लाता, उसे रखता, सर्वश्रेष्ठ फिजियो से उसकी निगरानी करता और ऑस्ट्रेलिया में मौजूद अंतरराष्ट्रीय फिजियो से भी सर्वश्रेष्ठ सलाह लेता, जो देखते हैं कि वह कैसा प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन मैं उसे टीम में बनाए रखता। पोंटिंग ने शास्त्री की भावना को दोहराया, इससे पहले कि इस बात पर जोर दिया जाए कि ऑस्ट्रेलिया सीरीज के अंत में यह तेज गेंदबाज कितना महत्वपूर्ण हो सकता था। मुझे वास्तव में आश्चर्य हुआ जब उसे सीरीज के बीच में भी नहीं बुलाया गया, दो टेस्ट मैच हो चुके थे। भारत की ओर से नितीश रेड्डी निश्चित रूप से टीम में थे। इसलिए आपके पास वैसे भी एक और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर था। इसलिए अगर शमी, भले ही वह पूरी तरह से फिट न हो, अगर उसे एक दिन में कम ओवर गेंदबाजी करनी पड़े, तो आपके पास उसकी मदद करने के लिए एक बैकअप सीम गेंदबाजी विकल्प था और मुझे लगता है कि वह अंतर पैदा कर सकता था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू को बताया,जब आपने मुझसे (पहले आईसीसी रिव्यू में) पूछा कि मुझे क्या लगता है कि परिणाम क्या होगा, तो मैंने कहा कि 3-1 से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में क्योंकि शमी टीम में नहीं था। मैंने सबसे पहले यही कहा। मुझे लगा कि वह भारत के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, अगर शमी, बुमराह और सिराज उनकी शुरूआती टीम में होते, तो मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया में चीजें पूरी तरह से अलग हो सकती थीं। शास्त्री ने आगे कहा कि शमी जसप्रीत बुमराह के लिए पर्याप्त मदद कर सकते थे, जो सीरीज के अंत में फिटनेस से जूझ रहे थे। मेलबर्न में 1-1 की बराबरी पर यह बहुत कड़ा हो गया था। आपको बस उस अनुभव और समर्थन की जरूरत थी। आप जानते हैं, वह भी स्तर बढ़ा सकते थे। और यह वहां मौजूद दो खिलाड़ियों (बुमराह और शमी) की वजह से हो सकता था। शास्त्री ने कहा,पैट कमिंस अकेले ऐसा नहीं कर सकते थे; स्कॉटी बोलैंड को आगे आना पड़ा। इसलिए आपको उनके अनुभव वाले गेंदबाज की जरूरत थी। आप जानते हैं, मोहम्मद सिराज ने जितनी मेहनत की, आपको वहां शमी के अनुभव की जरूरत थी।

रोहित की टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख उनके रनों में दिखनी चाहिए : बांगर

प्रात: किरण,/ एजेसी

नई दिल्ली,। भारत के पूर्व कोच संजय बांगर का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को लाल गेंद के प्रारूप में खेलना जारी रखने के लिए अपने कामों में रनों की भूख दिखानी होगी। 37 वर्षीय रोहित शर्मा ने सीरीज के तीन टेस्ट मैचों में अपने खराब प्रदर्शन के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर होने का फैसला किया। उन्होंने दौरे पर पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए। इस अनुभवी खिलाड़ी ने चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे का उदाहरण दिया, जिन्होंने अतीत में अपने घरेलू फॉर्म के दम पर टीम में वापसी की थी। जब आप 37 साल के होते हैं, तो हर असफलता दुख देती है क्योंकि एक क्रिकेटर बहुत गर्वित व्यक्ति होता है। जब वह देखता है कि उसने अतीत में किस तरह का प्रदर्शन किया है, लेकिन उसे दोहरा नहीं पाता है और जब युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं, तो ये कारक उसके दिमाग में भारी पड़ते हैं। इसने उसके निर्णय को प्रभावित किया होगा। उन्हें यह निर्धारित करने की आवश्यकता है कि क्या उनमें अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख है। यदि है, तो यह भूख उनके कार्यों में झलकनी चाहिए। स्टार स्पोर्ट्स पर बांगर ने कहा,घरेलू क्रिकेट खेलने के बारे में बहुत चर्चा हुई है।ह्व उन्होंने कहा,रोहित शर्मा के बराबर कद वाले पुजारा और रहाणे जैसे खिलाड़ियों को पहले टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में खेलकर अपनी भूख दिखाई है। आज भी वे घरेलू मैदानों पर पसीना बहा रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तीव्रता से बहुत कम है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर टेस्ट से चूकने के बावजूद, जिसमें भारत छह विकेट से हार गया, जिससे उनकी लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं, रोहित ने भारत के लिए खेलना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की थी। भारतीय कप्तान ने कहा था,मैं कहीं नहीं जा रहा हूं ; मैं अभी भी खेलना चाहता हूं। अगर वह घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें कोई नहीं रोक सकता। लेकिन वह फॉर्म और भूख जाहिर होनी चाहिए। इसी तरह, भारत के पूर्व विकेटकीपर दीप दास गुप्ता ने भी बांगर की भावनाओं का समर्थन किया और रोहित को जून में इंग्लैंड के खिलाफ अगली टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह दी। मेरे लिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या उनमें अभी भी भूख है। वह भूख महत्वपूर्ण है। इस भूख का आकलन करने के लिए कम से कम एक या दो घरेलू मैच महत्वपूर्ण हैं। क्लास का सवाल नहीं है। रोहित की बात करें - विराट को छोड़कर - जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, लाइन के पार एक खराब शॉट को छोड़कर, वह अपनी पिछली पारी में थोड़ा बेहतर दिखे, भले ही उन्होंने ज्यादा रन नहीं बनाए। व्यक्तिगत रूप से और कप्तान के रूप में इतना कुछ हासिल करने के बाद, इस स्तर पर त्याग की भूख और इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण है। अगली टेस्ट सीरीज जून तक नहीं है। तब तक, कोई घरेलू या लाल गेंद वाला क्रिकेट नहीं है। गुप्ता ने कहा कि अब जो भी लाल गेंद वाला क्रिकेट उपलब्ध है - अगले दो हफ्तों में - वह महत्वपूर्ण है।

किर्गियोस 2019 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम में लौटे

मेलबर्न,। निक किर्गियोस पांच साल से अधिक समय में पहली बार ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि 29 वर्षीय निक को 31 जनवरी और 1 फरवरी को स्वीडन के स्टॉकहोम में होने वाले क्वालीफाइंग मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है। नवंबर 2019 के बाद से किर्गियोस की यह पहली विश्व टीम प्रतियोगिता होगी, जब उन्होंने नवंबर के फाइनल में बेल्जियम के स्टीव डार्सिस और चिली के एलेजांद्रो गोंजालेज को हराया था। वर्ल्ड नंबर 8 एलेक्स डी मिनौर ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि जॉर्डन थॉम्पसन और थानासी कोकिनाकिस ऑस्ट्रेलियाई दल को पूरा करेंगे। लेटन हेविट की कप्तानी वाली टीम 2022 और 2023 डेविस कप फाइनल में उपविजेता रहने और पिछले सीजन में मलागा में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद हाल के वर्षों में अपने शानदार प्रदर्शन को बेहतर करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। किर्गियोस, जिन्होंने 2013 और 2019 के बीच 11 बार खेला, ने प्रतियोगिता में एक प्रभावशाली इतिहास बनाया है, जिसमें एकल मैचों में उनका रिकॉर्ड 11-5 है। पहले दिन दो एकल मैच और एक युगल मैच, साथ ही दूसरे दिन रिवर्स एकल मैच शामिल हैं, यह मुकाबला स्टॉकहोम के रॉयल टेनिस हॉल के एक इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम, जो स्वीडन के खिलाफ 7-3 की बढ़त बनाए हुए है।

हम जानते हैं लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को कैसे हराना है : कैगिसो रबाडा

प्रात: किरण,/ एजेसी

केपटाउन,। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने भरोसा जताया है कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा उलटफेर कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रोटियाज को पता है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को कैसे हराना है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से पाकिस्तान को हरा दिया है, जिससे उनकी पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में एंट्री हुई है। रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज रबाडा ने सुपरस्पोर्ट पर कहा,यह वास्तव में काफी दूर है, लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जैसे बड़े अवसर के लिए आपको तैयार रहना होता है। दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया हमेशा से एक अच्छी प्रतिद्वंद्विता रही है, क्योंकि हम क्रिकेट काफी हद तक एक जैसा खेलते हैं। हम कड़ी मेहनत से खेलते हैं और वह हमें कड़ी टक्कर देते हैं, यह हम जानते हैं। उन्होंने आगे कहा,हम उन्हें हराना भी जानते हैं। (टेस्ट क्रिकेट) हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है, जो हम अभी खेल रहे हैं। जब आप दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और हमारे सभी दिग्गजों को देखते हैं तो वह सभी महान टेस्ट क्रिकेटर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर हैं और पाकिस्तान के खिलाफ यह श्रृंखला शानदार रही है। पाकिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गया है। उसके 69.44 प्रतिशत अंक हो गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 63.73 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं होने के कारण प्रोटियाज कोच शुकरी कॉनराड अपनी आगामी मैच की संभावनाओं के बारे में बताया। कॉनराड ने कहा,हम संभवत ब्रिटेन में आयरलैंड या अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित करने का प्रयास करेंगे। हालांकि, अगर असफल होते हैं तो हम निश्चित रूप से कुछ दिन पहले बाहर जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम वहां अच्छी तरह से कैंप करें, शायद कैंटरबरी में ऐसा हो।

ट्रेविस हेड और तेज गेंदबाज बीबीएल से बाहर, स्मिथ, लाबुशेन, ख्वाजा को सीमित मैचों के लिए मंजूरी

प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। भारत के खिलाफ पांच मैचों ट्रेविस हेड और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और होने के बावजूद बीबीएल सत्र में भाग दौरे से पहले तीन बीबीएल मैच और उस्मान ख्वाजा केवल एक मैच कैरी, सैम कोंस्टास, ब्यू वेबस्टर, बीबीएल के शेष सत्र में भाग लेने की श्रीलंका में दो टेस्ट मैचों की सीरीज घोषणा आने वाले दिनों में किए जाने जनवरी को यूएई में प्री-टूर कैंप के लिए रवाना होगी। इस दौरे पर गए खिलाड़ी 21 से 27 जनवरी तक होने वाले बीबीएल फाइनल के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। अभी यह कहना जल्दबाजी हो सकती है कि श्रीलंका दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा जो भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट सिडनी में खेले थे। जोश इंगलिस, पीटर हैंड्सकॉम्ब, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन को संभावित रूप से शामिल किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है। ग्लेन मैक्सवेल पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, चयनकर्ता टीम का चयन करते समय 2027 में भारत दौरे को ध्यान में रख सकते हैं। स्मिथ गुरुवार को एमसीजी में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ सिडनी सिक्सर्स के मैच में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन शनिवार को एससीजी में पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेलने के लिए तैयार हैं। स्कॉर्चर्स की टीम में शामिल मार्श और रिचर्डसन के भी मंगलवार रात को रेनेगेड्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेलने की उम्मीद है। स्मिथ 15 जनवरी को एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ और 17 जनवरी को सिडनी थंडर के खिलाफ होने वाले सिक्सर्स मैचों के लिए भी उपलब्ध रहेंगे, जहां कोंस्टास भी खेलेंगे। कोंस्टास थंडर के लिए शेष सभी चार मैचों में खेलने के लिए तैयार हैं, जिसकी शुरूआत कल रात सिडनी में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ होने वाले मैच से होगी।

की टेस्ट सीरीज का हिस्सा रहे बिग बैश लीग (बीबीएल) के हेड, स्कॉट बोलैंड, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क अनुबंधित खिलाड़ी नहीं लेंगे। स्टीव स्मिथ श्रीलंका खेलेंगे, जबकि मार्नस लाबुशेन में दिखाई देंगे। जबकि एलेक्स मिशेल मार्श और जे रिचर्डसन को मंजूरी दे दी गई है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा के लिए 16 सदस्यीय टीम की की उम्मीद है। यह टीम 19 या 20

दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ

प्रात: किरण,/ एजेसी

केपटाउन,। कगिसो रबाड़ा, केशव महाराज (तीन-तीन विकेट) और मार्को यानसन (दो विकेट) के बाद डेविड बेडिंघम (नाबाद 44) रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने आज दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को 10 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका दो मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 478 के स्कोर पर समेटने के बाद मिले 58 रनों के लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए 7.1 ओवर में हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की डेविड बेडिंघम और एडन मारक्रम की सलामी जोड़ी शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। डेविड बेडिंघम ने 30 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये (नाबाद44) रन बनाये। वहीं एडन मारक्रम 13 गेंदों में (14) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 61 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीता। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। दूसरे टेस्ट में 259 रनों की शानदार पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकलटन को ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्व और सीरीज में 80 रन देकर 10 विकेट लेने वाले मार्को यानसन को ह्यप्लेयर ऑफ द सीरीजह्व से नवाजा गया। आज यहां पाकिस्तान ने कल के एक विकेट पर 213 रनों से आगे खेलना शुरू किया। मार्को यानसन ने खुर्रम शहजाद (18) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।इसके बाद तो पाकिस्तान बल्लेबाजी लगातार अंतराल अपने विकेट गवांते चले गये। कामरान गुलाम (28), सऊद शकील (23), कप्तान शान मसूद (145) आगा सलमान (48) और मोहम्मद रिजवान (41), आमेर जमाल (34) तथा मीर हमजा (16) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान की पूरी टीम 122.1 ओवर में 478 के स्कोर पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 58 रन बनाने का लक्ष्य मिला है। दक्षिण अफ्रीका के लिए कगिसो रबाड़ा, केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिये और मार्को यानसन को दो विकेट मिले। वेना मफाका ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को पहली पारी में 194 के स्कोर पर सिमटने के बाद फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में रायन रिकलटन (259), तेम्बा बवूमा (106) और काइल वेरेन (100) रनों के महत्वपूर्ण योगदान से 615 रनों का स्कोर खड़ा किया था।

मैं ऑस्ट्रेलिया के ओपनर की दौड़ में बिल्कुल भी नहीं था: मैट रेनशॉ

सिडनी,। भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 3-1 से जीतने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाने के बाद, ऑस्ट्रेलिया का अगला ध्यान इस महीने के अंत में दो टेस्ट के लिए श्रीलंका के दौरे पर होगा। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के संन्यास के बाद, ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के लिए उपयुक्त जोड़ीदार खोजने में संघर्ष करना पड़ा, जब तक कि सैम कोंस्टास नहीं आ गए।

हेजलवुड के पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका टेस्ट दौरे से बाहर होने की संभावना: रिपोर्ट

सिडनी,। ऑस्ट्रेलिया को 29 जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है, क्योंकि सीनियर तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पिंडली की चोट और साइड स्ट्रेन के कारण दौरे से बाहर होने की संभावना है। हेजलवुड को भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के तीसरे टेस्ट के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी और इसके बाद वह सीरीज के अगले दो टेस्ट से बाहर हो गए। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, हेजलवुड के श्रीलंका में लाल गेंद के मैच खेलने की संभावना नहीं है और चयनकर्ता बुधवार को अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेंगे, जिसमें टेस्ट घटक के लिए 16 खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। गुरुवार को घोषणा की उम्मीद है। इसमें यह भी कहा गया है कि चयनकर्ता चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी एक सफेद गेंद वाली टीम का चयन करेंगे, जो 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और यूएई में होगी। हेजलवुड की अनुपस्थिति कप्तान पैट कमिंस की अनुपलब्धता को बढ़ाती है, जिससे ऑस्ट्रेलिया का तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर हो गया है। जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एशेज श्रृंखला के साथ, चयनकर्ता हेजलवुड की दीर्घकालिक फिटनेस को प्राथमिकता दे रहे हैं। श्रीलंका की परिस्थितियां स्पिन के लिए काफी अनुकूल होने की उम्मीद है, जिससे नाथन लियोन पर काफी जिम्मेदारी होगी, जिन्होंने तीन साल पहले गॉल में ऑस्ट्रेलिया के आखिरी टेस्ट के दौरान 64 ओवरों की शानदार गेंदबाजी की थी। चयनकर्ता ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी और बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को लियोन के बैकअप विकल्प के रूप में भी देख रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने विश्वकप मैचों के नियम किये अधिसूचित

प्रात: किरण,/ एजेसी

नई दिल्ली,। अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में होने वाले वाले खो खो विश्वकप मैचों के लिए नए नियम अधिसूचित कर दिये गये है। यह नियम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खो खो मैचों में तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि खो खो मैच की अवधि 50 मिनट की होगी और मैच से पहले टॉस के जरिए दोनों टीमों को अटैकिंग और डिफेंस का विकल्प चुनने का मौका मिलेगा। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे जिनमें से 12 खिलाड़ी मैदान में खेलेंगे जबकि तीन बचे खिलाड़ी स्थानापन्न(सब्स्टिटूट) होंगे। जारी नियमों के मुताबिक सेंट्रल लेन को पार करना, जल्दी उठ जाना, पीछे हटना और दिशा बदलना फाउल माना जायेगा। खो खो विश्वकप के लिए खेल का मैदान का आकार 26 बाई 20 मीटर आयताकार होगा। प्रत्येक मैच दो पारी का होगा। प्रत्येक पारी सात मिनट की अटैकिंग और डिफेंसिव टर्न में विभाजित होगी। प्रत्येक पारी के बाद चार मिनट का विश्राम होगा और टर्न के बीच तीन मिनट का ब्रेक होगा। टर्न के शुरूआत में तीन डिफेंडर्स बैच खेल के मैदान में होगा। जब तीनों डिफेंडर्स को आउट घोषित कर दिया जायेगा तो 30 सेकेंड का ब्रेक मिलेगा और डिफेंडर्स के अगले बैच को 30 सेकेंड के अन्दर मैदान में प्रवेश करना पड़ेगा और अगर वह निर्धारित समय अवधि के अन्दर खेल के मैदान में प्रवेश नहीं करते हैं तो उन्हें लेट एंट्री के लिए आउट करार दिया जायेगा। अगर डिफेंडिंग टीम का कोई बैच तीन मिनट तक मैदान में डटा रहता है तो उसे एक अतिरिक्त अंक प्रदान किया जायेगा और इसके बाद प्रत्येक 30 सेकंड के लिए एक अतिरिक्त अंक मिलता रहेगा। ह्यखोह्व को कार्यान्वित करने के लिए उकड़ू बैठे हुए अटैकर की पीठ को अपनी हथेली-हाथ से छूएगा और तत्काल जोर से ह्यखोह्व शब्द का उच्चारण करेगा जोकि अंपायर और रेफरी को सुनाई देना चाहिए। अटैकिंग टीम को प्रत्येक सफल आउट के लिए दो अंक मिलेंगे। प्रत्येक टीम को दो रिव्यू की अनुमति होगी। दो पारी के अंत में ज्यादा नम्बर पाने वाली टीम विजयी होगी।

संक्षिप्त खबरें

सऊदी अरब में भारी बारिश, मक्का और मदीना में सड़कें पानी से लबालब, ट्रैफिक जाम में फंसे लोग

रियाद। सऊदी अरब के जेद्दा शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों सहित मक्का और मदीना के अधिकांश इलाकों में सोमवार को भारी बारिश, तूफान और ओलावृष्टि हुई। पर्यावरण, जल और कृषि मंत्रालय के अनुसार, बदर प्रांत के अल-शफि याह में सबसे ज्यादा 49.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, उसके बाद जेद्दा के अल-बसातीन में 38 मिमी बारिश दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मदीना में पैगंबर की मस्जिद के केंद्रीय हरम क्षेत्र में 36.1 मिमी और क्यूबा मस्जिद के पास 28.4 मिमी बारिश शामिल है। सड़कें और चौराहे बारिश के पानी से भर गए, जिससे मक्का, जेद्दा और मदीना शहरों में राजमार्गों और सड़कों पर यातायात बाधित हुआ। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) ने जनता से अधिकारियों की ओर से जारी की गई सलाह और चेतावनियों का सख्ती से पालन करने की अपील ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।जेद्दा में किंग अब्दुलअजीज इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने पैसेंजर से एयरपोर्ट पर जाने से पहले अपने संबंधित एयर कैरियर से संपर्क करने और उड़ान कार्यक्रम अपडेट की जांच करने की अपील की। एनसीएम के प्रवक्ता हुसैन अल-कहतानी ने कहा कि जेद्दा प्रांत में मध्यम से भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य भर के क्षेत्रों में बारिश की स्थिति अभी भी जारी है।

हे लिफेंग ने जेनेट येलेन के साथ वीडियो काफ्रेंसिंग की

बीजिंग। चीन-अमेरिका आर्थिक और व्यापार मामलों के चीनी पक्ष के प्रमुख, चीनी उप प्रधान मंत्री हे लिफेंग और चीन-अमेरिका आर्थिक और व्यापार मामलों के अमेरिकी पक्ष के प्रमुख, अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने मंगलवार को एक वीडियो कांफ्रेंसिंग की।चीन और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण सहमति के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में आर्थिक क्षेत्र में चीन और अमेरिका के बीच आदान-प्रदान और सहयोग के अनुभवों की समीक्षा की और उनका सारांश दिया।दोनों पक्षों ने चीन-अमेरिका आर्थिक और वित्तीय कार्य समूह जैसे संवाद तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका का सकारात्मक मूल्यांकन किया और संक्रमण अवधि के दौरान संचार बनाए रखने, मतभेदों का प्रबंधन करने और चीन-अमेरिका आर्थिक संबंधों को स्थिर रखने पर सहमति व्यक्त की।चीनी पक्ष ने अमेरिकी आर्थिक और व्यापार प्रतिबंधों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की , विशेष रूप से अमेरिका द्वारा लागू की गई हालिया व्यापार जांच पर अपना पक्ष स्पष्ट किया। वीडियो काफ्रेंसिग स्पष्ट, गहन और रचनात्मक थी और दोनों पक्ष संचार बनाए रखने के महत्व पर सहमत हुए।

स्वाकोपमुंड : नामीबियाई राष्ट्रपति ने वांग यी से मुलाकात की

बीजिंग। नामीबिया के स्थानीय समय के अनुसार, 6 जनवरी को नामीबियाई राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने पश्चिमी नामीबिया के अटलांटिक तट पर बंदरगाह शहर स्वाकोपमुंड में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस दौरान, वांग यी ने कहा कि चीनी विदेश मंत्री हर साल पहली बार अफ्रीका का दौरा करते हैं और अफ्रीका से एक साल की राजनयिक प्रक्रिया शुरू करते हैं। उन्होंने पिछले 35 वर्षों में लगातार ऐसा किया है और अपना मूल इरादा नहीं बदला है। चीन इस परंपरा को कायम रखेगा क्योंकि दुनिया के सहयोग को मजबूत करने के लिए चीन और अफ्रीका की जरूरत बढ़ रही है। चीन और अफ्रीका का विकास ग्लोबल साउथ के उदय और न्याय की शक्ति की मजबूती का प्रतिनिधित्व करता है।

चीन ने इंडोनेशिया के ब्रिक्स का औपचारिक सदस्य बनने का स्वागत किया

बीजिंग। चीन की राजधानी पेइचिंग में आयोजित एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में एक रिपोर्टर ने पूछा कि 2025 ब्रिक्स अध्यक्ष ब्राजील ने एक प्रेस घोषणा जारी कर कहा कि इंडोनेशिया ब्रिक्स का औपचारिक सदस्य बन गया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का व्यापक ध्यान आकर्षित किया है। इस पर चीन की क्या टिप्पणी है ?चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्को च्याखुन ने कहा कि चीन ब्रिक्स का औपचारिक सदस्य बनने पर इंडोनेशिया का स्वागत करता है और हार्दिक बधाई देता है। एक प्रमुख विकासशील देश और ह्लग्लोबल साउथह्व में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में, इंडोनेशिया ब्रिक्स भावना को अत्यधिक मान्यता देता है और ब्रिक्स+ सहयोग में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

नई हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण : उत्तर कोरिया

प्रात : किरण/एजेंसी

सोल। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि उसने हाइपरसोनिक वारहेड से लैस एक नई मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। उसकी ओर से कहा जा रहा है कि यह हथियार प्रणाली प्रशांत क्षेत्र में किसी भी प्रतिद्वंद्वी को मजबूती से रोक देगी। हालांकि दक्षिण कोरियाई सेना का कहना है कि हाइपरसोनिक मिसाइल प्रक्षेपण की सफलता का दावा एक धोखा हो सकता हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि किम जोंग उन ने एक मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए प्रक्षेपण की निगरानी की और मिसाइल ने ध्वनि की गति से 12 गुना अधिक लगभग 1500, किलीमोटर की रफ्तर पकड़ी।

इससे पहले दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने सोमवार को कहा कि प्योंगयांग क्षेत्र से दागी गई

उत्तर कोरिया की संदिग्ध हाइपरसोनिक मिसाइल पूर्वी सागर में गिरने से पहले लगभग 1,100 किलोमीटर तक उड़ी। उत्तर कोरिया का नवीनतम मिसाइल प्रक्षेपण, लगभग दो महीनों में पहला उकसावे वाली कार्रवाई है। प्रक्षेपण 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने से लगभग दो सप्ताह पहले किया गया है। यह परीक्षण दक्षिण कोरिया में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच हुआ, जो पिछले महीने राष्ट्रपति यून सुक योल की ओर से मार्शल लॉ लागू करने से पैदा हुआ।योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि उत्तर कोरिया सैन्य गतिविधि के जरिए राजनीतिक संकट का लाभ उठा सकता है और सीमा पार तनाव बढ़ा सकता है।2024 के अंत में आयोजित पार्टी बैठक में उत्तर कोरियाई नेता ने कहा कि उनका देश अमेरिका के प्रति ह्यसबसे कठोरह्न जवाबी रणनीति अपनाएगा। उन्होंने दावा किया कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच सैन्य सहयोग अब ह्यहमले के लिए सैन्य गुटह्न के रूप में बदल गया है।

नेपाल-तिब्बत सीमा पर भूकंप से तबाही मृतकों की संख्या हुई 53

मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया।नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने पुष्टि की है कि भूकंप सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थान की पहचान नेपाल की सीमा के पास शिजांग (तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र) के रूप में की गई है।शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि शिजांग शहर में बड़ी तबाही हुई, कई लोगों की मौत हुई जबकि कई अन्य घायल हो गए।

प्रात : किरण/एजेंसी

काठमांडू। मंगलवार सुबह नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आने से कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और 62 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया।नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने पुष्टि की है कि भूकंप सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थान की पहचान नेपाल की सीमा के पास शिजांग (तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र) के रूप में की गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि शिजांग शहर में बड़ी तबाही हुई, कई लोगों की मौत हुई जबकि कई अन्य घायल हो गए।

शिगाजे (शिगात्से) में डिंगरी के चांगसुओ टाउनशिप के टोंगलाई गांव में, कथित तौर पर कई घर ढह गए। भूकंप के झटके पूरे उत्तर

भारत में भी महसूस किए गए। बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और दिल्ली-एनसीआर जैसे इलाकों में इसका भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। भारत में अब तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। शुरूआती भूकंप के बाद दो झटके महसूस किए गए। पहला सुबह 7:02 बजे (आईएसटी) 4.7 तीव्रता का झटका दर्ज किया गया।

जिसका केंद्र अक्षांश 28.60 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.68 डिग्री पूर्व पर, 10 किलोमीटर की गहराई पर था और दूसरा 4.9 तीव्रता का भूकंप सुबह 7:07 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.68 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.54 डिग्री पूर्व पर, 30 किलोमीटर की गहराई पर था। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने भूकंप का स्थान नेपाल-तिब्बत सीमा के पास लोबुचे से 93 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में बताया। लोबुचे काठमांडू से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व और एवरेस्ट बेस कैंप से 8.5 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में खुम्बू ग्लेशियर के पास स्थित है।

नेपाल, एक अत्यधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है जहां भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटें मिलती हैं, भूकंप के लिए कोई अजनबी नहीं है। यह टेक्टोनिक गतिविधि, जो हिमालयी क्षेत्र का निर्माण करती है, अक्सर अलग-अलग परिमाण की भूकंपीय घटनाओं का कारण बनती है। नेपाल और प्रभावित भारतीय क्षेत्रों के अधिकारी सतर्क हैं और स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। भूकंप ने ऐतिहासिक रूप से विनाशकारी भूकंपीय गतिविधि के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में चिंताओं को फिर से जगा दिया है।

एचएमपी वायरस से घबराने की जरूरत नहीं, जागरूकता और सावधानी ही इस संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा तरीका है: डॉ. पलक सिंह

प्रात : किरण/एजेंसी

भारत में भारत में ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के कुछ मामले सामने आये हैं जिसको लेकर लोगों में चिंताएं हैं। इस संबंध में मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की मेडिकल ऑफिसर डॉ. पलक सिंह ने बताया कि यह वायरस मुख्य रूप से श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है और बच्चों, बुजुर्गों, और उन व्यक्तियों में अधिक तेजी से फैलता है जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। डॉ. पलक सिंह ने यह भी बताया कि एचएमपी वायरस की पहचान तो काफी पहले हुई थी, लेकिन हाल ही में इसके मामले भारत सहित दुनिया भर में तेजी से बढ़े हैं।

ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस (एचएमपीवी) एक श्वसन वायरस है, जो पैरामाइक्सोविरिडे परिवार से संबंधित है। यह वायरस मुख्य रूप से नाक, गले, और फेफड़ों को प्रभावित करता है और बच्चों में ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी गंभीर श्वसन बीमारियों का कारण बन सकता है। यह वायरस ठंड के मौसम में अधिक सक्रिय रहता है और श्वसन संक्रमणों का एक प्रमुख कारण है।

इसके प्रमुख लक्षणों में नाक बहना या बंद होना, गले में खराश, खांसीबुखार, सांस लेने में कठिनाई, घरघराहट (खासकर बच्चों में) अदि शामिल है। गंभीर मामलों में, यह निमोनिया या ब्रोंकियोलाइटिस जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता हो सकती है। वृद्ध व्यक्ति, छोटे बच्चे, और प्रतिरोधक क्षमता में कमी वाले लोग इस वायरस से अधिक गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। डॉ. पलक ने बताया कि एचएमपी

वायरस मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के श्वसन बूंदों के माध्यम से फैलता है। जब एक संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है, तो यह वायरस हवा में फैलता है और पास में मौजूद व्यक्तियों को संक्रमित कर सकता है। इसके अलावा, संक्रमित सतहों को छूने के बाद यदि व्यक्ति अपने मुंह, नाक या आंखों को छूता है, तो संक्रमण फैल सकता है। वर्तमान में एचएमपीवी के लिए कोई विशिष्ट एंटीवायरल उपचार या वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। जागरूकता और सावधानी ही इस संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा तरीका है। ज्यादातर मरीजों अपने आप ही ठीक हो जाते हैं। इससे बचाव के लिए नियमित रूप से हाथ धोना और सैनिटाइजर का उपयोग करना चाहिए, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखना चाहिए, सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना चाहिए तथा खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढकना चाहिए।इसके अलावा मरीज को पर्याप्त आराम करना चाहिए तथा शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए अधिक पानी या तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। गंभीर मामलों में, ऑक्सीजन थेरेपी और इंट्रावेनस फ्लूड्स की आवश्यकता हो सकती है। गंभीर लक्षण होने पर डॉक्टर से परामर्श लें।

अमेरिका : लुइसियाना में बर्ड फ्लू से पहली मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

लॉस एंजेल्स। अमेरिका के लुइसियाना राज्य में बर्ड फ्लू यानि एच5एन1 से पहली मौत रिपोर्ट हुई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लुइसियाना स्वास्थ्य विभाग ने एक समाचार विज्ञप्ति में इस बात की पुष्टि की है। इसमें कहा गया है कि रोगी को एवियन इन्फ्लूएंजा की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रोगी की आयु 65 वर्ष से अधिक थी और उन्हें पहले से ही कई तरह की कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं।

विभाग ने कहा कि रोगी को जंगली पक्षियों के संपर्क में आने के बाद एच5एन1 का संक्रमण हुआ था। विभाग ने उल्लेख किया कि रोगी दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य में एच5एन1 का एकमात्र मामला है और विभाग की व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य

जांच में एच5एन1 के कोई अतिरिक्त मामले या किसी से संपर्क के साक्ष्य की पहचान नहीं हुई है। राज्य के अधिकारियों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि लोगों को एच5एन1 से बचाने का सबसे अच्छा तरीका संपर्क के स्रोतों से बचना है। फिलहाल आम जनता के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम बना हुआ है। जो लोग पक्षियों, मुर्गियों या गायों के साथ काम करते हैं, या उनके साथ मनोरंजन के लिए संपर्क में आते हैं उन्हें इससे अधिक जोखिम है। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एजेंसी इस मौत से दुखी है। एजेंसी ने कहा, ₹हालांकि यह दुखद है, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका में एच5एन1 बर्ड फ्लू से मौत अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि इन वायरस के संक्रमण से गंभीर बीमारी और मौत होने की आशंका है।

सोमवार तक अमेरिका में 2024 तक एच5एन1 बर्ड फ्लू के 66 पुष्ट मानव मामले हैं। अमेरिका के बाहर विश्व स्वास्थ्य संगठन को एच5एन1 बर्ड फ्लू के 950 से अधिक मामले बताए गए। सी.डी.सी. ने बताया कि व्यक्ति-से-व्यक्ति संक्रमण फैलने की पहचान नहीं की गई है। एजेंसी ने कहा कि उसने लुइसियाना में मरने वाले व्यक्ति के बारे में उपलब्ध जानकारी का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और इस आधार पर कह सकते हैं कि आम लोगों को इससे खतरा नहीं है।

लेबनानी प्रधानमंत्री ने अमेरिका से कहा, संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन कर रहा इजरायल

प्रात : किरण/एजेंसी

बेरूत। लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने आरोप लगाया है कि इजरायल संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर रहा है और उसे ये तुरंत बंद करना चाहिए।मिकाती ने सोमवार को अमेरिकी दूत अमोस होचस्टीन के साथ बैठक के दौरान संघर्ष विराम उल्लंघन, दक्षिणी शहरों पर चल रहे हमलों, घरों और सुविधाओं के व्यवस्थित विनाश और लेबनानी हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का जिक्र करते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग दोहराई। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, उन्होंने समझौते द्वारा निर्धारित 60 दिनों की समाप्ति से पहले इजरायली वापसी को पूरा करने के लिए एक स्पष्ट समय सारिणी निर्धारित करने का भी आह्वान किया। होचस्टीन ने मिकाती और लेबनानी सदन के अध्यक्ष नबीह बेरी के साथ हुई बैठकों के बाद कहा कि इजरायली वापसी तब तक जारी रहेगी जब तक कि सभी इजरायली सेना लेबनानी क्षेत्र को नहीं छोड़ देती। होचस्टीन ने एक टेलीविजन बयान में कहा, ''इजराइली रक्षा बलों ने आज पश्चिमी क्षेत्र के अधिकांश भाग नकौरा से अपनी वापसी शुरू कर दी है और ब्लू लाइन के दक्षिण में इजरायल में वापस आ गए हैं। ये वापसी तब तक जारी रहेगी जब तक कि सभी इजरायली सेनाएं लेबनान से पूरी तरह से बाहर नहीं निकल जातीं और लेबनानी सेना दक्षिण और ब्लू लाइन में तैनात होती रहती है।'' होचस्टीन ने कहा कि युद्ध विराम की निगरानी करने वाली समिति अगले 20 दिनों तक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के सहयोग से इजरायल की वापसी और लेबनानी सेना की तैनाती पर काम करना जारी रखेगी। होचस्टीन ने कहा, ₹मुझे अगले कुछ दिनों में काफी प्रगति देखने की उम्मीद है।'' उन्होंने आगे कहा, कार्यान्वयन उतनी जल्दी नहीं दिख रहा है, जितनी कुछ लोग चाहते थे।

पाकिस्तान ने 800 अफगान प्रवासियों को हिरासत में लिया : तालिबान

प्रात : किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने देश में रह रहे सैंकड़ों अफगानों को हिरासत में लिया है। अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन ने यह दावा किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बेहद तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। अमू टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद स्थित तालिबान के नेतृत्व वाले अफगान दूतावास ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने 800 अफगान प्रवासियों को हिरासत में लिया है। इनमें वो लोग भी शामिल हैं जिनके पास वैध निवास दस्तावेज थे।

एक्स पर एक बयान में, दूतावास ने दावा किया कि हिरासत में लिए गए प्रवासियों में वे लोग शामिल हैं जिनके पास वीजा, पंजीकरण प्रमाण (पीओआर) या अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) दस्तावेज हैं, जो पाकिस्तान में उनके रहने को अधिकृत करने के लिए हैं।दूतावास ने अफगान

प्रवासियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों पर प्रकाश डाला, जो हिरासत से बचने के लिए एक शर्त बन गई है। तालिबान का आरोप है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बल इस्लामाबाद में उन प्रवासियों को निशाना बना रहे हैं जिनके पास एनओसी नहीं है, भले ही उनके पास अन्य वैध दस्तावेज हों। रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान वापस भेजे गए लोगों में से 137 के पास वैध वीजा था, लेकिन वे एक्सटेंशन का इंतजार कर रहे थे। तालिबान ने स्थिति को और खराब बताया और इस बात पर जोर दिया कि गिरफ्तारियों के दौरान महिलाओं और बच्चों को उनके परिवारों से अलग कर दिया गया है। उन्होंने पाकिस्तान से अपनी सीमाओं के भीतर रहने वाले अफगान नागरिकों के अधिकारों और सुरक्षा को बनाए रखने का आग्रह किया।बयान में संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से हस्तक्षेप करने और अफगान प्रवासियों के प्रति पाकिस्तान की नीतियों को संबोधित करने का भी अपील की गई।संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वर्तमान में लगभग तीन मिलियन अफगान प्रवासी पाकिस्तान में रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बताया कि 2024 में 1.2 मिलियन से अधिक अफगान प्रवासी अफगानिस्तान लौट आए, जो पाकिस्तान में अभी भी रह रहे लोगों के सामने बढ़ती चुनौतियों को उजागर करता है।बात दें अफगानिस्तान और पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के मुद्दे पर आमने-सामने हैं। टीटीपी का उद्देश्य पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और राज्य के खिलाफ आतंकवादी अभियान चलाकर पाकिस्तान सरकार को उखाड़ फेंकना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह पाकिस्तान की निर्वाचित सरकार को हटाकर इस्लामी कानून की अपनी व्याख्या के आधार पर एक कट्टरवादी शासन की नींव रखना चाहता है। पाकिस्तान का अफगान तालिबान पर आरोप है कि वह टीटीपी विद्रोहियों को सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध कराने और उनकी आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करता है।

आरोप नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में जलवायु और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर बाइडेन प्रशासन के कार्यकारी आदेशों का उदाहरण देते हुए यह आरोप लगाया।

सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बना रहे हैं बाइडेन : ट्रंप का बड़ा आरोप

प्रात : किरण/ एजेंसी

वाशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के नए राष्ट्रपति बन जाएंगे लेकिन प्रेसिडेंट जो बाइडेन के खिलाफ उनके तल्ख तेवर कायम हैं। अब उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन पर सत्ता हस्तांतरण को कठिन बनाने का आरोप लगाया है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में जलवायु और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर बाइडेन प्रशासन के कार्यकारी आदेशों का उदाहरण देते हुए यह आरोप लगाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, बाइडेन इस बदलाव को जितना संभव हो सके उतना



मुश्किल बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। इसमें कानूनी कार्रवाई से लेकर ग्रीन न्यू स्कैम और अन्य पैसे बर्बाद करने वाले महंगे और हास्यास्पद कार्यकारी आदेश शामिल हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, डरो मत, ये सभी ह्यआदेशह्न जल्द ही समाप्त हो जाएंगे, और हम सामान्य समझ और ताकत वाला राष्ट्र बन जाएंगे। बाइडेन के साथ ही ट्रंप कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो पर भी काफी हमलावर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री जब अपने इस्तीफे की घोषणा की तो उन्होंने तंज कसते हुए एक बार फिर कनाडा को अमेरिका में मिला देने का ऑफर किया। बता दें कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर रहेंगे। ट्रंप ने ट्रूडो की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद अपने प्रस्ताव को फिर दोहराया। ट्रुथ सोशल पर उन्होंने कहा, ह्लकनाडा में बहुत से लोग 51वें राज्य का हिस्साथ बनना पसंद करेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका अब उस बड़े व्यापार घाटे और सब्सिडी को सहन नहीं कर सकता है जिनकी कनाडा को बने रहने के लिए जरूरत है। जस्टिन ट्रूडो को यह पता था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ट्रंप ने आगे कहा, \अगर कनाडा अमेरिका के साथ मिलता है तो कोई टैरिफ नहीं होगा, टैक्स बहुत कम हो जाएंगे, वह रूसी और चीनी जहाजों के खतरे से भी पूरी तरह सुरक्षित रहेगा जो लगातार उन्हें घेर रहे हैं। साथ मिलकर यह कितना महान राष्ट्र होगा। ट्रंप अपनी चुनावी जीत के बाद से ट्रूडो पर आक्रामक रहे हैं। वह पहले भी उन्हें कनाडा के महान राज्य का गर्वनर कहकर मजाक उड़ा चुके हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति यह भी घोषणा कर चुके हैं कि वह जनवरी में अपने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही ऐसे आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह तब तक लागू रहेगा जब तक कि वे अपने देशों से अमेरिका में अवैध अप्रवासियों और ड्रग्स, खास तौर से फेंटानाइल के प्रवाह को न रोकें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129